स्त्रोतः– भारत की जनगणना 2011

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि सागर नगर भिन्न–भिन्न जनसंख्या घनत्व से युक्त होने के कारण नियोजन योजना ठोस एवं परिणामकारक हो, जिससे अत्याधिक घनत्व के क्षेत्रों का विकेन्द्रीकरण किया जा सके तथा आवश्यक सेवायें एवं अधोसंरचना उपलब्ध हो कम घनत्व के क्षेत्र आगामी विकास हेतु उपलब्ध हो सके।

3.4.9 जनसंख्या परिवर्तन

- **सागर निवेश क्षेत्र**

सागर निवेश क्षेत्र में सागर नगर निगम क्षेत्र, मकरोनिया बुजुर्ग नगरपालिका क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र सम्मिलित हैं, जिसका विवरण निम्न सारणी में दिया गया है।

जनसंख्या 2011			योग
सागर नगर निगम क्षेत्र	मकरोनिया बुजुर्ग नगरपालिका परिषद् क्षेत्र	निवेश क्षेत्र के अंतर्गत् ग्रामीण क्षेत्र	निवेश क्षेत्र की जनसंख्या 2011
1	2	3	4
273296	61821	69431	404548

सागर निवेश क्षेत्र की जनसंख्या आंकलन हेतु नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या का आंकलन पृथक रूप से किया गया है। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि के मापदण्ड भिन्न होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की वृद्धि दर में भी असमानता होती है।

• नगरीय जनसंख्या परिवर्तन


नगर में जनसंख्या परिवर्तन भिन्न–भिन्न कारणों से होती है। किसी भी नगर की विकास योजना तैयार करने हेतु नगर की जनसंख्या का अध्ययन अत्यावश्यक होता है, ताकि वर्तमान जनसंख्या के आधार पर भावी जनसंख्या का आकलन कर भविष्य की आवश्यकताओं हेतु विभिन्न भूमि उपयोग की आवश्यकताओं के प्रस्तावों का निर्धारण किया जा सके।

सागर नगर निगम क्षेत्र में दशक वृद्धि दर

सारणी 3–सा–20

क्र.	वर्ष	जनसंख्या	दशक वृद्धि दर
1	2	3	4
1.	1951	66,442	—
2.	1961	84,372	26.99
3.	1971	1,18,574	40.54
4.	1981	1,60,392	35.27
5.	1991	1,95,346	21.79
6.	2001	2,32,133	18.83
7.	2011	2,73,296	17.73

उपरोक्त सारणी से यह स्पष्ट होता है कि सागर नगर की वर्ष 1961 से 1971 के दशक की जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक रही है, जबकि यह वृद्धि दर वर्ष 2001 सें 2011 के मध्य न्यूनतम रही है।



मकरोनिया बुजुर्ग नगरपालिका क्षेत्र में दशक वृद्धि दर

सारणी 3–सा–21

क्र.	वर्ष	जनसंख्या	दशक वृद्धि दर
1	2	3	4
1.	1991	23555	–
2.	2001	42240	79.32
3.	2011	61821	46.36

उपरोक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि सागर निवेश क्षेत्र में नगर निगम क्षेत्र के अतिरिक्त वर्ष 1991 पश्चात् तेजी से विकास हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में जनसंख्या उन क्षेत्रों की ओर आकर्षित हुई है।

ग्रामीण क्षेत्र में दशक वृद्धि दर

सारणी 3–सा–22

क्र.	वर्ष	जनसंख्या	दशक वृद्धि दर
1	2	3	4
1.	1991	45177	–
2.	2001	62240	37.77
3.	2011	69431	11.55

3.5 नगर के मुख्य कार्यकलाप

नगर के विकास में प्रमुख कार्यकलापों का महत्वपूर्ण योगदान होता है तथा भावी विकास एवं नियोजन की पृष्ठभूमि में ये प्रभावी भूमिका निभाते हैं। नगर के वर्तमान कार्यकलाप, क्षेत्रीय धन संपदा, क्षेत्रीय महत्व आदि के परिप्रेक्ष्य में नगर के अपेक्षित कार्यकलापों का निर्धारण किया जा सकता है। सागर नगर के प्रमुख कार्यकलाप प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों से मूलतः प्रभावित हैं। जिला मुख्यालय होने के साथ नगर, सागर राजस्व संभाग का संभागीय मुख्यालय भी है। अतः जिला एवं संभागीय स्तरीय सभी प्रशासकीय गतिविधियों का केन्द्र है। डॉ. सर हरिसिंह विश्वविद्यालय स्थित होने से देश के प्रमुख शिक्षा केन्द्रों में से एक है। उक्त के अलावा जवाहरलाल नेहरू पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। नगर बुन्देलखण्ड क्षेत्र का सबसे बड़े व्यापार एवं परिवहन का केन्द्र है, जिसमें मुख्यतः कृषि उत्पाद, भवन निर्माण सामग्री, किराना सामग्री आदि का थोक व्यापार होता है।

3.6 नगरीय विस्तार

सागर निवेश क्षेत्र का नगरीय विस्तार क्रम का विश्लेषण अलग–अलग तिथियों पर सुदूर संवेदन प्रणाली के माध्यम से एकत्रित जानकारी के आधार पर किया गया है। मानचित्र में नगर का प्राकृतिक विकास क्रम एवं दिशा स्पष्ट है। प्राकृतिक विस्तार समय एवं क्षेत्रफल सारणी 3–सा–21 में स्पष्ट है।

नगरीय विस्तार एवं क्षेत्रफल

सारणी 3–सा–23

क्र.	नगरीय विस्तार	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	2	3
1.	2010 तक	2063.78
2.	2011-2014	326.14
3.	2015-2017	154.02
4.	2018-2020	592.33
	कुल	3136.27

वर्ष 2010 के पूर्व नगरीय गतिविधियाँ प्रमुखतः सागर के संस्पर्शी क्षेत्र तक केंद्रित थी, किन्तु वर्ष 2015–2019 की समयावधि में नगर विस्तार मकरोनिया उपनगर की ओर एवं उपनगर के आस–पास के क्षेत्र में हुआ।

3.7 अनुमानित जनसंख्या


3.7.1 नगरीय क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या

सागर नगर पालिक निगम क्षेत्र में दशकीय वृद्धि के आधार पर वर्ष 2021, 2031 एवं 2041 की जनसंख्या का आकलन निम्नानुसार गणितीय पद्धतियों से किया गया है, जिसे सारणी 3–सा–24 में दर्शाया गया है।

सागर नगरपालिक निगम क्षेत्र में जनसंख्या का आकलन

सारणी 3–सा–24

क्र.	जनसंख्या अनुमानित पद्धति	2021	2031	2035	2041
1	2	3	4	5	6
1.	वृद्धिशील वृद्धि पद्धति (Incremental Increase Method)	312418	356187	374996	404603
2.	अंकगणित वृद्धि पद्धति (Arithmetic Progression Method))	307772	342247	356038	376723
3.	ज्यामितिय वृद्धि पद्धति (Geometric Progression Method)	343230	431060	472192	541365
4.	घातांकीय वृद्धि पद्धति (Exponential Increase Method)	345938	437888	481182	554279


SAGAR
3.10 URBAN SPRAWL
Legend
Urban Sprawl (Duration and Area in Hectare)
UP TO 2010 (2063.78)
2010-2014 (326.14)
2014-2017 (154.02)
2017-2020 (592.53)
Planning Area Boundary
Municipal Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major Road
Railway Line
Water Body
Scale
0 1 2 3 Km
N
District - Sagar
Planning Area
Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Satellite Image of IRS LISS-III, 2015, World View-II, 2018
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Chhatarpur
Jhansi
Narsinghpur
Rehli
Bina
Bhopal
Katni
NH-26A
NH-44
NH-34
NH-146
SH-43
Kerbana
Bamhori Dhudhar
Ouda
Sidhgauva
Ruxalla
Khirla Taz Khan
Barkhera Mafi
Bachlon
Amakhurd
Kapuriya
Kuldari
Pagara
Bilaripura
Patheria Hat
Hafsili
Gadoli Khurd
Amarwani
Bamori Rengua
Lahdara
Rekona
Badona
Rajoura
Amet
Arjuni
Dhamnishi
Kanera Dev
Tilmali
Malnpani
Bamori Baska
Patheria Jat
Sironja
Badhuma
Lidhora Hat
Khejabag
Narwani
Gambhiriya
Makronia Buzurg
Rajakheriya
Semriabag
Palkui
Beraru
Jinda
Bamoni Gadgad
Sagar Khas
Patharia Rayatwari
Kachnara
Ujjaidara
Bamanishani
Karitla
Bhaujha
Mahiya Kabuli
Salaiya
Kachnara
Sagar

मकरोनिया बुजुर्ग नगरपालिका क्षेत्र में जनसंख्या का आकलन

सारणी 3–सा–25

क्र.	जनसंख्या अनुमानित पद्धति	2021	2031	2035	2041
1	2	3	4	5	6
1.	वृद्धिशील वृद्धि पद्धति (Incremental Increase Method)	80058	97399	104085	113844
2.	अंकगणित वृद्धि पद्धति (Arithmetic Progression Method))	80954	100087	107740	119220
3.	ज्यामितिय वृद्धि पद्धति (Geometric Progression Method)	99309	159531	192835	256270
4.	घातांकीय वृद्धि पद्धति (Exponential Increase Method)	100153	162252	196788	262854

3.7.2 ग्रामीण क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या

म.प्र. शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3348/4684/बत्तीस/77 दिनांक 02.09.1977 एवं अधिसूचना क्रमांक एफ 16(3) 86–बत्तीस दिनांक 25 जनवरी 1993 द्वारा निवेश क्षेत्र का पुर्नगठन किया गया। उक्तानुसार सागर विकास योजना 2035 में सम्मिलित ग्रामों की कुल जनसंख्या का आकलन निम्न चार निम्नानुसार गणितीय पद्धति अनुसार किया गया है, जिसे सारणी 3–सा–26 में दर्शाया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र जनसंख्या का आकलन

सारणी 3–सा–26

क्र.	जनसंख्या अनुमानित पद्धति	2021	2031	2035	2041
1	2	3	4	5	6
1.	वृद्धिशील वृद्धि पद्धति (Incremental Increase Method)	91430	123301	138814	165044
2.	अंकगणित वृद्धि पद्धति (Arithmetic Progression Method))	81558	93685	98536	105812
3.	ज्यामितिय वृद्धि पद्धति (Geometric Progression Method)	83935	101468	109468	122665
4.	घातांकीय वृद्धि पद्धति (Exponential Increase Method)	86074	106706	116283	132284

3.7.3 सागर निवेश क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या


सागर निवेश क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या (वर्ष 2035)

सारणी 3–सा–27

क्र.	जनसंख्या अनुमानित पद्धति	2035
1	2	3
1.	वृद्धिशील वृद्धि पद्धति (Incremental Increase Method)	617894
2.	अंकगणित वृद्धि पद्धति (Arithmetic Progression Method))	573793
3.	ज्यामितिय वृद्धि पद्धति (Geometric Progression Method)	774495
4.	घातांकीय वृद्धि पद्धति (Exponential Increase Method)	794254

सागर विकास योजना–2035 की कुल जनसंख्या का आकलन सभी चारों गणितीय पद्धति अनुसार किया गया है। इसमें से घातांकीय वृद्धि पद्धति आंकलन अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या 7,94,254 अनुमानित की गई है। जबकि अंकगणितीय वृद्धि पद्धति से सबसे कम जनसंख्या 5,73,793 अनुमानित की गई है।

जनसंख्या आकलन



अनुमोदित सागर विकास योजना 2031 6.50 लाख आबादी के लिये तैयार की गई थी। सागर नगर बुन्देलखण्ड बघेलखण्ड परिक्षेत्र का प्रमुख नगरीय कार्यकेन्द्र होने से आस–पास की जनसंख्या का लगातार अस्थाई रूप से आवागमन बढ़ी मात्रा में रहता है

एवं आस–पास के नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या का स्थाई निवास के रूप में प्राथमिकता रहती है। तदापि पिछले दशक 2001 से 2011 में नगर में विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना तीव्रता से हुई है, जिससे नगर के आसपास के क्षेत्रों में जनसंख्या का आगमन हुआ है। निवेश क्षेत्र में सागर नगर निगम के अतिरिक्त मकरोनिया बुजुर्ग नगर पालिका परिषद् के गठन के परिणामस्वरूप निवेश क्षेत्र के विकास में वृद्धि हुई है, जिससे जनसंख्या वृद्धि की अधिक दर से संभावना है। अतः वृद्धिशील वृद्धि पद्धति एवं ज्यामितिय वृद्धि पद्धति के मध्य औसत दशक वृद्धि दर के आधार पर सागर निवेश क्षेत्र की जनसंख्या वर्ष 2035 हेतु **7.00 लाख** अनुमानित की गई है।

3.8 गंदी बस्तियाँ

नगरपालिक निगम सागर में अधिसूचित गंदी बस्तियों की संख्या 17 हैं, जिसमें से 4004 झुग्गी झोपड़ियाँ हैं तथा 4004 परिवार निवास करते हैं। इस प्रकार गंदी बस्ती में निवास कर रही जनसंख्या नगर की कुल जनसंख्या का लगभग 17.62 प्रतिशत है। जिसे सारणी 3–सा–28 में दर्शाया गया है।

गंदी बस्ती विवरण

सारणी 3–सा– 28

क्र.	गंदी बस्ती वार्ड का नाम	परिवारों की संख्या	जनसंख्या	मकानों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	घासी राम कालोनी	103	587	49
2.	झिरिया माता मंदिर गरीब बस्ती	82	347	36
3.	इंदिरा कालोनी	33	120	15
4.	जिलाध्यक्ष कार्यालय के पीछे	14	83	6
5.	क्रिश्चियन कालोनी बस्ती	22	76	9
6.	झांसी रोड बसुरियाना	117	630	52
7.	रिमझिरिया	104	562	48
8.	संजय नगर	104	584	51
9.	खाण्डेकर काम्प्लेक्स के पास गोपालगंज	68	382	32
10.	एम.एल.बी. स्कूल के पीछे वृन्दावन वार्ड	74	442	33
11.	जुगयाना मोहल्ला	95	470	42
12.	शुक्रवारी वार्ड बस्ती–1	138	801	57
13.	दयानन्द वार्ड बस्ती	147	873	68

क्र.	गंदी बस्ती वार्ड का नाम	परिवारों की संख्या	जनसंख्या	मकानों की संख्या
1	2	3	4	5
14.	बसुरियाना तिलकगंज	84	488	39
15.	मीट मार्केट गंदी बस्ती	32	171	14
16.	गुलबीया गोदाम के पीछे भगवान गंज	90	453	41
17.	रेल्वे स्टेशन के सामने	91	488	43
18.	सलती बस्ती टंकी के पास	72	408	35
19.	गुलाब होटल गंदी बस्ती	45	185	20
20.	मालापुरा सुभाष नगर बस्ती	122	536	53
21.	संतोष पुरा सुभाष नगर वार्ड गंदी बस्ती	199	1172	89
22.	अप्सरा टाकीज के पास	33	189	14
23.	खुशीपुरा गंदी बस्ती	192	1076	82
24.	खुरई बस स्टेण्ड के पीछे	90	435	39
25.	तुलसी नगर कम्पाउण्डर बगीचा के पास	121	707	58
26.	बामनखेडी गंदी बस्ती भूतेश्वर क्षेत्र	132	674	63
27.	करीला	448	2529	307
28.	कसाई मण्डी गंदी बस्ती	206	816	92
29.	स्वीपर कालोनी भगतसिंह गंदी बस्ती	234	1215	112
30.	चिण्डीयाना बल्लभनगर	117	587	51
31.	खनवारी पठा गंदी बस्ती	28	122	11
32.	निगम मार्केट के पीछे नाला गंदी बस्ती	29	236	13
33.	तकिया मस्जिद गंदी बस्ती कटरा	52	290	23
34.	नगर नारायण मंदिर 32 के पीछे	25	94	11
35.	कुरयाना मुहाल, रविशंकर वार्ड–32	118	827	53
36.	ग्यादीन गंदी बस्ती, मोहननगर वार्ड–34	72	391	32
37.	खितवारी मंदिर के पीछे गंदी बस्ती– 35	71	393	34
38.	हरिजन गंदी बस्ती, लहदरा नाका–35	126	632	57
39.	ग्यादीन गंदी बस्ती राजीव नगर–36 ग्यादीन गंदी बस्ती संतकबीर–37	93	555	38
40.	ग्यादीन गंदी बस्ती विवेकानंद वार्ड–36	72	425	29

क्र.	गंदी बस्ती वार्ड का नाम	परिवारों की संख्या	जनसंख्या	मकानों की संख्या
1	2	3	4	5
41.	बरिया मुहाल बस्ती संतकबीर वार्ड–37	281	1512	143
42.	गौड़ बाबा रोहन मार्ग, गंदी बस्ती–38	503	2632	309
43.	भरका	64	324	29
44.	पुरानी पुलिस लाईन, लक्ष्मीपुरा–42	178	823	93
45.	कुरयाना बस्ती पुरब्याउ–43	34	206	13
46.	आफत गंज	333	1760	158
47.	अयोध्या बस्ती काकागंज–44	128	779	58
48.	भटुआ बस्ती पंथनगर–45	76	409	34
49.	दुबे तालाब	136	707	62
50.	बाघराज–तिली पहाड़िया क्षेत्र	804	4406	530
51.	धरमदास बाबा टोरिया–46	48	229	21
52.	बीड़ी कालोनी गंदी बस्ती–47	182	905	81
53.	किशोर न्यायालय	233	1175	107
54.	श्मशान घाट के पीछे, धर्मश्री पुल–48	89	499	39
55.	चौगुना बस्ती अंबेडकर वार्ड–48	205	1151	94
56.	धरमपुरा बस्ती, पानी टंकी के पास–48	82	433	38
57.	कनेरादेव	269	1714	142
58.	सुलभ शौचालय के पास, धर्मश्री पुल–48	228	1142	118
योग		**7968**	**42889**	**4020**

3.9 आवास आवश्यकता

वर्ष 2011 की जनंसख्या के अनुसार नगर के अंतर्गत् 52,573 परिवार 39,534 आवासों में निवास करते हैं। इस आधार पर परिवार का आकार 5.20 व्यक्ति आता है जबकि प्रति आवास व्यक्तियों की औसत संख्या 6.91 आती है। प्रत्येक परिवार को एक स्वतंत्र आवास की आवश्यकता के मान से 13,039 आवासों की कमी के साथ परिवार का आकार बड़ा परिलक्षित होता है। इसका प्रमुख कारण संयुक्त परिवार एवं परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक होना है।

नगर में गंदी बस्ती क्षेत्रों में नगरपालिक निगम के सर्वेक्षण के आधार पर कुल 4020 झुग्गी झोपड़ियाँ पायी गई हैं, जिसमें से 70 प्रतिशत पुर्ननिर्माण की आवश्यकता है। जिसकी विस्तृत जानकारी सारणी 3–सा–29 में दर्शित है।

आवासीय इकाईयों की कमी (वर्ष 2011)

सारणी 3–सा– 29

क्र.	विवरण	कुल संख्या	पुनर्स्थापना का प्रतिशत	आवास इकाईयों की कमी
1	2	3	4	5
1.	वर्ष 2011 में कमी	13039	-	13039
2.	कच्चे मकान	13235	80	10588
3.	झुग्गी झोपड़ियाँ	4020	70	2814
योग				**26441**

स्त्रोतः– नगरपालिक निगम सागर/नगर तथा ग्राम निवेश

उपरोक्त आकलन के अनुसार सागर नगर में 2011 में लगभग कुल 26,441 आवासों की कमी अनुमानित है। वर्ष 2035 की अनुमानित जनसंख्या के लिए आवासों की आवश्यकता एवं अतिरिक्त परिवारों का विवरण सारणी 3–सा–30 में दर्शाया गया है।

अनुमानित परिवार एवं आवास आवश्यकता

सारणी 3–सा– 30

क्र.	विवरण	आवासीय इकाईयों	
		वर्ष 2011	वर्ष 2035
1	2	3	4
1.	जनसंख्या	4,04,548	7,00,000
2.	अतिरिक्त जनसंख्या	-	2,95,452
3.	औसत परिवार का आकार	5.20	5.00
4.	अतिरिक्त परिवार	-	59,090
5.	वर्ष 2035 में 90 प्रतिशत परिवारों को आवास की आवश्यकता।	-	53,181
6.	वर्ष 2011 की आवासीय कमी को शामिल करते हुए आवास आवश्यकता	26,441	79,622
7.	वर्ष 2011 से 2020 में निर्मित अतिरिक्त आवास	-	20,545
8.	वर्ष 2011 से 2020 में निर्मित अतिरिक्त आवासों को घटाकर आवास आवश्यकता	-	59,077
कुल आवास की आवश्यकता		**59,077**	

स्त्रोतः– सागर नगरपालिक निगम सागर एवं जी.आई.एस. सर्वेक्षण।

वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार परिवार का औसत आकार 5.20 है। अनुमानित है कि वर्ष 2035 में यह 5.00 व्यक्ति तक पहुँच जायेगा। उक्त अध्ययन के आधार पर वर्ष 2011 में आवासों की कमी को सम्मिलित कर एवं वर्तमान में निर्मित अतिरिक्त आवासों की संख्या घटाकर अनुमानित जनसंख्या के आधार पर वर्ष 2035 तक 59,077 नवीन आवासों की आवश्यकता होगी। आवासीय विकास को बढ़ावा देने के लिए कुछ नीतिगत पहल आवश्यक हैं, जो निम्नानुसार हैं:

1. भूमि विकास को बढ़ावा देने हेतु सार्वजनिक अभिकरणों को गतिशील एवं समन्वित करना आवश्यक होगा। भूमि विकास के लिए राज्य शासन की नीतियों पर आधारित भू–स्वामियों, भूमि विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों एवं हितग्राहियों की भागीदारी आवश्यक है।
2. नगर स्तर के अधोसंरचना एवं सार्वजनिक सुविधाओं के विकास के लिए भूमि तथा अन्य संसाधनों का राज्य शासन की नीति के तहत निर्धारण हो।
3. निजी एवं सामुदायिक संस्थाओं द्वारा भूमि के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों को बढ़ावा देना।
4. भूमि के पुनर्उपयोग को सम्मिलित करते हुए आवास हेतु भूमि की सरल/सतत् आपूर्ति बनाए रखने हेतु नीतियों को बढ़ावा देना।
5. रहवास हेतु नियोजन एवं विकास के मापदण्डों का पुनर्विलोकन (घनत्व, आच्छादित क्षेत्र, सीमांत खुला क्षेत्र, फर्शी क्षेत्रानुपात, भूमि विभाजन मापदण्ड), जिससे भूमि उपयोग एवं रहवास निर्माण के समय ऊर्जा उपयोग में कमी, तथा भूमि की उपयोग क्षमता एवं लागत अनुकूल लक्ष्य की प्राप्ति हो।

3.10 भौतिक अधोसंरचना

वर्ष 2035 तक सागर निवेश क्षेत्र की जनसंख्या 7.00 लाख तक पहुंचना अनुमानित है। नगर अधोसंरचना के घटकों का विकास जैसे जल प्रदाय, निकासी नालियां तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को इस प्रकार प्रस्तावित किया जाना है, जिससे नगरवासियों को स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त नगर विकास योजना, वृहद् पर्यावरणीय प्रबंध योजना तथा नगरीय जल प्रदाय एवं पर्यावरणीय सुधार योजना के प्रस्ताव भी यथा आवश्यक उचित सुधारों के साथ इस विकास योजना में समाविष्ट किया जाना हैं।

3.10.1 जल प्रदाय

वर्तमान में निवेश क्षेत्र के समीप ग्राम में बहने वाली बेस बेवस नदी पर बना राजघाट बांध जल प्रदाय का प्रमुख स्त्रोत है। नगर में वर्तमान में लगभग 77 एल.पी.सी.डी. प्रति व्यक्ति पानी का वितरण किया जाता है। इसके अतिरिक्त 553 हेण्डपंप जो नगर के विभिन्न भागों में स्थित है पर जल प्रदाय हेतु नगर की आबादी आश्रित है।

3.10.1.1 मांग का आकलन एवं जल प्रदाय स्त्रोत (Demand & Gap Analysis)

केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण यांत्रिकी संगठन की जल प्रदाय एवं उपचार हेतु जारी निर्देशिका में यह सुझाव दिया गया है कि उन बड़े शहरों में जहां जल प्रदाय रास्ता अस्तित्व में हो या बनाई जाने वाली हो वहां प्रति व्यक्ति/प्रतिदिन 150 लीटर पानी प्रदाय किया जाना चाहिये। राष्ट्रीय बिल्डिंग संहिता, जल प्रदाय की आधारभूत आवश्यकता निकासी एवं स्वच्छता प्रबंध संहिता (आई.एस.: 1172–1983) में न्यूनतम 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन जल प्रदाय ऐसे सभी निवासियों के लिये जहां मल निकासी के लिये पूर्ण तेज बहाव (फलस) व्यवस्था हो, किये जाने का अनुमोदन किया गया है।

अतः 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन जल प्रदाय पाइप लाइन से किया जाये तो इस दर से शहर में निम्नानुसार जल आपूर्ति की आवश्यकता होगी :–

जल आपूर्ति आकलन

सारणी 3–सा– 31

क्रमांक	वर्ष	जनसंख्या	जल आपूर्ति मात्रा (लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन)	कुल जल आपूर्ति मात्रा (एम.एल.डी. में)
1	2	3	4	5
1.	2011	404548	135	54.61
2.	2035	700000	135	94.50

सागर नगर में वर्तमान जल प्रदाय हेतु राजघाट बांध पर स्थित संयंत्र की जल शोधन क्षमता 82.50 एम.एल.डी. एवं जल प्रदाय करने हेतु कुल जल संग्रहण क्षमता 21 एम.एल.डी. उपलब्ध है। जिसके अनुसार वर्तमान में शहर में केवल 77 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन की जल प्रदाय क्षमता है।

सागर नगर में अमृत योजना के जल प्रदाय हेतु निम्नलिखित अधोसंरचना विकास किये जाने प्रस्तावित है–

1. कुल 28 एम.एल.डी. जल संग्रहण क्षमता हेतु टंकिया।
2. जल शोधन हेतु 88.2 एम.एल.डी. का शोधन संयंत्र ।
3. वर्तमान में नगर के 70 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन के द्वारा एवं शेष 30 प्रतिशत को नल कनेक्शन प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है।

अतः सागर नगर में 2035 तक 28 एम.एल.डी की जल संग्रहण क्षमता एवं 88.20 एम.एल.डी. के जल शोधन संयंत्र उपलब्ध होंगे। वर्ष 2035 की अनुमानित जनसंख्या 7.00 लाख के लिए 28 एम.एल.डी की जल संग्रहण क्षमता उपलब्ध होगी। जिसके अनुसार जल प्रदाय क्षमता मात्र 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन होगी, जिसे बढ़ाकर 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन जल प्रदाय की सुविधा किए जाना प्रस्तावित है। जल प्रदाय सुविधा हेतु 66.50 एम.एल.डी की अतिरिक्त जल संग्रहण सुविधा एवं 6.30 एम.एल.डी की जल शोधन सुविधा को विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

जनसंख्या अनुसार जल आपूर्ति की मांग का आकलन एवं उपलब्धता

सारणी 3–सा– 32

क्रमांक	विवरण	संख्या
1	2	3
1.	वर्ष 2011 की जनसंख्या हेतु जल आपूर्ति (135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन)	54.61
2.	वर्तमान जल आपूर्ति	21.00
3.	जल उन्नयन योजना के अंतर्गत् अतिरिक्त जलापूर्ति	7.00
4.	वर्ष 2035 की जनसंख्या हेतु जल आपूर्ति (135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन)	94.50
5.	वर्ष 2035 के लिए अतिरिक्त आवश्यक जल आपूर्ति	**66.50**

3.10.1.2 जल वितरण व्यवस्था

यह प्रस्तावित है कि वर्ष 2035 तक पर्याप्त प्रदाय दबाव सहित नगर की 100 प्रतिशत जनसंख्या को पाईप द्वारा जल प्रदाय व्यवस्था में सम्मिलित किया जावे। वर्तमान में नगर की 70 प्रतिशत जनसंख्या को ही पाईप द्वारा जल प्रदाय उपलब्ध है, जिसे अमृत योजना के अंतर्गत् 30 प्रतिशत जनसंख्या को नए पाईप कनेक्शन दिए जाना प्रस्तावित है। वर्तमान की अवरोधित जल प्रदाय व्यवस्था के स्थान पर सुरक्षित एवं पीने योग्य गुणवत्ता वाले जल की निरंतर जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी।

पेयजल के दुरूपयोग का रोकने तथा प्रदाय व्यवस्था में उच्चतर उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए सेवा मीटर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त जब तक उन्हें जल के वास्तविक उपयोग पर आधारित न किया जावे। जल दरों की व्यवस्था का निर्माण दक्षताओं हेतु आवश्यक है।

3.10.2 नालियां तथा मल उपचार

घरेलू मल निकासी हेतु सेनेटिरी नालियां तथा वर्षा जल की निकासी हेतु वर्षा जल प्रवाह नालियां, इस प्रकार पृथक–पृथक नालियां उपलब्ध कराई जाएगी। शहर में निकासी व्यवस्था हेतु निम्नलिखित दृष्टिकोण बनाए गए हैं:–

1. 100 प्रतिशत नगर को सम्मिलित करती हुई नाली व्यवस्था।
2. जल निकासी व्यवस्था का निर्धारण तथा सेवाओं पर निगरानी।
3. अपशिष्ट जल के प्रबंधन हेतु उपचारण, पुर्नचक्रीकरण व पुनः उपयोग।
4. वाणिज्यिक स्थानों, बगीचों तथा लोक स्थानों पर सुव्यवस्थित सशुल्क शौचालय।

5. पर्यटकों की सुविधा हेतु चलित–शौचालय अथवा स्वच्छ आधुनिक (मॉड्यूलर)/जैविक शौचालय की व्यवस्था।
6. जन सामान्य हेतु उक्त सभी व्यवस्थायें आर्थिक रूप से वहन किए जाने योग्य होगी।

3.10.2.1 अपशिष्ट जल प्रवाह

अपशिष्ट जल प्रवाह की दर जनसामान्य को प्रदाय की गई जल की दर तथा भू–जल रिसावों की दर पर निर्भर करती है। सामान्य व्यवहार के अनुसार अनुमानतः जल उपभोग का 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल प्रवाह में परिवर्तित होता है। सामान्यतः अधिकांश क्षेत्र में पाईप लाईनों का स्तर भूमि जल स्तर के ऊपर होना प्रस्तावित है और इसलिए भूमि जल रिसाव को अनदेखा कर दिया जाता है। भूमि जल रिसाव के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट वैज्ञानिक तथा तकनीकी अध्ययन अनुसार तैयार किया जाना प्रस्तावित है, जिससे जल संसाधन का अधिकतम संरक्षण किया जा सके।

- **सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट**

सागर नगर में अपशिष्ट जल प्रबंधन/उपचार के लिए 43 एम0एल0डी0 की क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। वर्ष 2035 की अनुमानित जनसंख्या 7.00 लाख के लिए फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।


शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2035 की प्रस्तावित जनसंख्या 7.00 लाख अनुसार 75.60 एम.एल.डी. अपशिष्ट जल उपचार हेतु शोधन संयंत्र की आवश्यकता है।


3.10.2.2 वर्षा जल निकासी

सागर शहर में स्थित पहाड़ियों के कारण पानी का निकास बहुत जल्दी हो जाता है। शहर में स्थित मध्य तथा निचले क्षेत्र में भूमिगत अथवा खुले नालों की व्यवस्था के अभाव में पानी की निकासी नहीं हो पाती है, जिससे इन क्षेत्रों में पानी भर जाता है। नगर के मध्य तथा निचले क्षेत्रों में भूमिगत नालियों एवं खुली नालियों की अत्यंत आवश्यकता है। जिससे जल निकासी सुगमता से हो सके।

3.10.3 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

स्वच्छ भारत मिशन की भारत में सफल शुरूआत एवं क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप समस्त निवेश क्षेत्र में घर से कचरा एकत्रित करने की सुविधा उपलब्ध है। ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तंत्र प्रणाली के अंतर्गत् पुनर्चक्रीकरण प्रणाली अपनायी जा सकती है, जो स्थानीय संस्थाओं के आय का स्त्रोत सिद्ध होगी। पुनर्चक्रीकरण प्रणाली द्वारा ठोस अपशिष्ठ, कागज, लोह धातु, कांच, रबर, प्लास्टिक जैसे उत्पादों को पृथक कर विभिन्न उद्योगों द्वारा पुनः


SAGAR
3.11 SEWAGE NETWORK
Legend
Sewer Line
Planning Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major Road
Railway Line
Water Body
Scale
0 1 2 3 Km
N
District - Sagar
Planning Area
Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Nagar Palik Nigam,Sagar
Nagar Palika Parishad,Makronia
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Chhatarpur
Katni
Rehli
Narsinghpur
Jhansi
Bina
Bhopal
NH-44


SAGAR
3.12 POWER SUPPLY NETWORK
Legend
DTR
33 Kv Line
11 Kv Line
Planning Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major Road
Railway Line
Water Body
Scale
0 1 2 3 Km
N
Planning Area
Sagar
District - Sagar
State Institute For Town Planning
Source: MPPKVV Company Ltd.
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Damoh
Chhatarpur
Katni
Rehli
Narsinghpur
Jhansi
Jhansi
Bina
Bina
Bhopal
NH-44

उपयोग में लिया जा सकता है। इस प्रकार छोटे उद्योगों की स्थापना सुदृढ़ होगी तथा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेगे। ठोस अपशिष्ठ के अन्य शेष अंशों का उपयोग ऊर्जा एवं जैविक खाद उत्पादों में किया जा सकता है, जो आसपास के ग्रामीण कृषि क्षेत्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

सागर नगर में प्रतिदिन 86 टन कचरा घरों से इकट्ठा किया जाता है। मकरोनिया नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन 12 टन कचरा घरों से इकट्ठा किया जाता है।

ठोस अपशिष्ट विसर्जन हेतु ग्राम हफसिली (खुरई मार्ग) में लगभग 8.00 हेक्टेयर भूमि प्रशासन द्वारा नगर पालिक निगम सागर को आवंटित की गई है, यह भूमि लेण्ड फिल साइट के रूप में उपयोग में लायी जावेगी। नगर पालिक निगम सागर द्वारा निवेश क्षेत्र के बाहर ग्राम मासवासी ग्रांट में क्लस्टर स्तर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु भूमि उपयोग में लायी जा रही है। इसके अतिरिक्त मकरोनिया नगर पालिका परिषद् के पास बडतूमा में ट्रांसफर स्टेशन हेतु भूमि उपलब्ध है जहां से ठोस अपशिष्ट ग्राम मासवासी ग्रांट में प्रबंधन हेतु भेजा जाता है। नगर निगम सागर द्वारा वैज्ञानिक तरीके से बायोडिग्रेडेबल एवं नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे का पृथक्कीकरण करके ठोस अपशिष्ट निष्पादन की कार्यवाही की जा रही है।

सागर एवं मकरोनिया नगर से निकलने वाले कचरे को नगरीय निकाय की कचरा संग्रहण वाहन (Door To Door Collection) के माध्यम से इकट्ठा किया जाता है तदोपरांत ट्रेचिंग ग्राउण्ड क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट का शोधन किया जाता है, जिसमें वर्तमान में घरों एवं शहर के अन्य हिस्सों से प्राप्त होने वाला गीला एवं सूखा कचरा (ठोस अपशिष्ट पदार्थ), को जैविक एवं अकार्बनिक प्रक्रिया एवं नाडेब टांके से जैविक खाद के रूप में तैयार किया जाता है।

सागर शहर के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निम्नलिखित योजना प्रस्तावित है–

- शहर में सैलानियों, व्यापारियों, व्यावसायियों द्वारा गंदगी एवं कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था की जाना चाहिये।
- तालाबों एवं मार्गों के किनारों पर नागरिकों द्वारा गंदगी फैलने वाले, गंदगी के स्थानों का चिन्हित करने के उपरांत उन जगहों पर कचरा पेटी लगाई जाना चाहिये।
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप प्रक्रिया का बेहतर प्रबंधन नगरीय निकायों द्वारा किया जाना चाहिये।

3.10.4 विद्युत प्रदाय

वर्तमान में नगर में म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्राम करीला, ग्रम बम्होरी रेगुंआ, ग्राम गंभीरिया, ग्राम बड़तूमा, ग्राम तिलीमाफी एवं सागर खास एवं मुख्य

फीडर मकरोनिया में स्थित 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन द्वारा विद्युत प्रदाय किया जाता है। नगर का भावी विकास के अनुरूप विद्युत कम्पनी द्वारा व्यवस्था की जावेगी।

3.11 सामाजिक अधोसंरचना

3.11.1 शासकीय कार्यालय

जिला मुख्यालय होने के कारण नगर में अधिकांश जिला स्तरीय कार्यालय स्थित हैं। अधिकांश कार्यालयों के पास अपना स्वयं का भवन है तथा शेष कार्यालय किराए के भवनों में कार्यरत हैं, जो शहर के अलग–अलग भागों में बिखरे हुए हैं, जिसमें कुल 8,817 कर्मचारी कार्यरत हैं। नगर में कार्यरत कार्यालयों की संख्या एवं उनमें कार्यरत कर्मचारियों की संख्या की जानकारी सारणी 3–सा–33 में दी गई है

वर्तमान कार्यालय

सारणी 3–सा– 33

क्रमांक	प्रकार	कार्यालयों की संख्या	कर्मचारियों की संख्या
1	2	3	4
1.	केन्द्र शासन	20	2156
2.	राज्य शासन	89	3738
3.	स्वशासी संस्थाएं	32	2613
4.	बैंक	31	310
कुल योग		**172**	**8,817**

स्त्रोतः– नगर तथा ग्राम निवेश सर्वेक्षण/जिला सांख्यिकी पुस्तिका।

3.11.2 शैक्षणिक

सागर नगरीय क्षेत्र में वर्तमान में शासकीय वाणिज्य एवं कॉमर्स महाविद्यालय तथा शासकीय कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय है।

वर्ष 2035 की अनुमानित जनसंख्या की शैक्षणिक क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति कराने हेतु निवेश इकाई, खण्ड स्तर पर उपखण्ड स्तर पर विभिन्न स्तर की शैक्षणिक संस्थायें आवश्यकता अनुसार स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

शैक्षणिक सुविधाएं

सारणी 3–सा– 34

क्र.	स्कूल	U.R.D.P.F.I. गाइडलाइन के मानक	इकाईयों की संख्या	वर्ष 2035 की जनसंख्या अनुसार अतिरिक्त आवश्यकता
1	2	3	4	5
1.	स्कूल	7500 जनसंख्या पर 1	87	07
2.	विश्वविद्यालय	जिला स्तर पर 1	02	पर्याप्त
3.	महाविद्यालय	1.25 लाख जनसंख्या पर 1	46	–
4.	आई.टी.आई	10 लाख की जनसंख्या पर 1	02	–

स्त्रोतः–शिक्षा विभाग, नगरपालिक निगम सागर एवं जी.आई.एस. सर्वेक्षण

3.11.3 स्वास्थ्य

नगर में वर्तमान में एक 340 बिस्तरों वाला शासकीय चिकित्सालय है, जिसमें प्रसूति, नेत्र तथा क्षय रोग संबंधी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। निवेश इकाई स्तर पर विकास योजना में सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग हेतु उपदर्शित क्षेत्र में आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

स्वास्थ्य सुविधाएं

सारणी 3–सा– 35

क्र.	स्वास्थ्य सुविधा	U.R.D.P.F.I. गाइडलाइन के मानक	इकाईयों की संख्या	वर्ष–2035 की जनसंख्या अनुसार अतिरिक्त आवश्यकता
1	2	3	4	5
1.	सामान्य चिकित्सालय	80000 जनसंख्या पर 1	03	06
2.	औषधालय/ उप–स्वास्थ्य केन्द्र/ प्रसूति गृह एवं नर्सिंग होम	75000 जनसंख्या पर 1	60	पर्याप्त

स्त्रोतः– मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगरपालिक निगम सागर एवं जी.आई.एस. सर्वेक्षण

3.11.4 अग्निशमन

अग्निशमन केन्द्र वर्तमान में नगरपालिक निगम परिसर में स्थित है, जिसका आधुनिक उपकरणों सहित विस्तार प्रस्तावित है, इसके अतिरिक्त भावी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एक आधुनिक सुवधिाओं से युक्त अग्निशमन केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

3.11.5 पुलिस कार्यालय

सागर नगर में 08 पुलिस थाने हैं। पुलिस थाने कोतवाली, मोती नगर, केन्ट, पदमाकर नगर, बहेरिया, सिविल लाइन, गोपाल गंज में स्थित है। नगर का महिला थाना, अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति पुलिस कार्यालय गोपालगंज में स्थित है एवं यातायात पुलिस कार्यालय मोती नगर में स्थित है।

3.11.6 इलेक्ट्रिक चार्जिंग/बेटरी चार्जिंग स्टेशन

सागर शहर में वर्तमान में विद्युत से चलने वाले वाहन ई–रिक्शा लोक वाहन के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनके लिए किसी भी प्रकार के चार्जिंग स्टेशन स्थापित नहीं है। वर्ष 2035 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर शहर में बस स्थानक, पार्किंग क्षेत्रों एवं पेट्रोल पम्प क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग/बेटरी चार्जिंग स्टेशन लगाये जाना प्रस्तावित है।

3.11.7 श्मशान घाट/कब्रिस्तान


नगर में वर्तमान में जो भी श्मशान/कब्रस्तान विद्यमान हैं। वे तब तक उपयोग में रहेंगे, जब तक ये पर्यावरण की दृष्टि से अनुपयुक्त न हो जावे। नगर के भावी विकास को देखते हुए नये कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट आमोद–प्रमोद एवं मार्ग उपयोग को छोड़कर अन्य समस्त उपयोगों के अन्तर्गत अनुज्ञेय होंगे, किन्तु इनके स्थल का चयन जन सामान्य की मांग पर कलेक्टर, स्थानीय संस्था एवं नगर तथा ग्राम निवेश की सहमति से किया जावेगा।


3.11.8 सार्वजनिक सेवाएं एवं सुविधाएं

सार्वजनिक सेवाएं एवं सुविधाएं वर्तमान में ए.टी.एम. एवं वर्तमान सार्वजनिक शौचालयों की जानकारी मानचित्र में दर्शायी गयी है।

3.11.9 सी.एन.जी. गैस वितरण सेवा

वर्तमान में सागर नगर में खाना बनाने में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों के माध्यम से घरों में पहुंचाई जाती है। प्रस्तावित विकास योजना 2035 में सी.एन.जी. गैस पाइप लाइन द्वारा गैस की सप्लाई दी जाना प्रस्तावित है।


SAGAR
3.13 EXISTING ATM
Legend
ATM
Planning Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major Road
Railway Line
Water Body
Scale
0 1 2 3 Km
N
Planning Area
Sagar
District - Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Nagar Palik Nigam,Sagar
&
Nagar Palika Parishad,Mekronia
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Chhatarpur
Katni
Rahli
Narsinghpur
Jhansi
Bina
Bhopal
NH-44


SAGAR
3.14 EXISTING COMMUNITY TOILET
Legend
Community Toilet
Planning Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major Road
Railway Line
Water Body
Scale
0 1 2 3 Km
N
Planning Area
Sagar
District - Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Nagar Palik Nigam,Sagar
&
Nagar Palika Parishad,Makronia
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Katni
Rehli
Narsinghpur
Jhansi
Bina
Bhopal
NH-44

3.11.10 सामाजिक एवं सांस्कृतिक

नगर में सामाजिक व सांस्कृतिक सुविधाओं का अभाव है। विकास योजना में सामाजिक एवं सांस्कृति सुविधाएं सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग के अन्तर्गत प्रस्तावित की गई हैं। इस उपयोग अंतर्गत् सभागृह, कलावीथिका, पुस्तकालय सह वाचनालय इत्यादि स्थापित हो सकेंगे। विकास योजना में निवेश इकाई एवं खण्ड स्तर पर ऐसी गतिविधियां स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

अध्याय–4 विकास योजना 2035 के प्रस्ताव

4.1 विकास योजना 2031 का पुनर्विलोकन

सागर विकास योजना 2031 प्रस्तावित जनसंख्या 6.50 लाख हेतु दिनांक 28.07.2017 से प्रभावशील की गई थी। भारत सरकार द्वारा सागर नगर को अमृत गाईड लाईन के अनुसार विकास योजना तैयार करने हेतु वर्ष 2018 में चयन किया गया। अतः नगर के सुनियोजित विकास हेतु विकास योजना 2031 का पुनर्विलोकन किया जाकर वर्ष 2035 के लिए अनुमानित जनसंख्या 7.00 लाख हेतु तैयार की गई है। जिसमें वर्तमान विकसित क्षेत्र को समाहित कर नवीन प्रस्ताव दिये गये हैं, जो नगर के विकास के साथ नगरीय जीवन स्तर के उन्नयन एवं आर्थिक विकास हेतु उपयोगी होंगे।

4.2 योजना अवधारणा

सागर का वर्तमान भौतिक स्वरूप एवं आकार नगर में स्थित तालाब, पहाड़ियों पर आधारित है। भौतिक बंधनों के कारण नगर का वर्तमान स्वरूप निम्न क्षेत्रों में हो रहे विकास पर आधारित है।

1. पुराना नगर (मध्य क्षेत्र)।
2. मकरोनिया नगर पालिका क्षेत्र।
3. खुरई मार्ग।
4. धर्मश्री मार्ग।

वर्तमान में हो रहे विकास की दिशा को दृष्टिगत रखते हुए नगर का भावी विकास एवं स्वरूप का निर्धारण किया गया है, फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों को सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सुविधाओं की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त क्षेत्रों को प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना एवं यातायात के द्वारा समुचित रूप में जोड़े जाने की भी आवश्यकता है, ताकि इन सभी क्षेत्रों में आपसी सह–संबंध एवं युक्तियुक्त सामंजस्य स्थापित किया जा सके। इस प्रकार नगर का विकास एकीकृत रूप से हो सकेगा।

वर्तमान में मुख्य मार्गों को शहर से गुजरने के कारण यातायात एवं पर्यावरण की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये प्रमुख मार्गों को प्रस्तावित बायपास मार्ग के द्वारा आपस में जोड़ा गया है, जिससे ईंधन व समय की बचत के अतिरिक्त सीधे यातायात का नगरीय यातायात से पृथक्करण संभव हो सके।

नगर के मध्य क्षेत्र में वाणिज्यिक एवं आवासीय दबाव को कम करने की दिशा में प्रस्तावित विभिन्न क्षेत्रों में इस हेतु उचित प्रावधान किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये नवीन प्रस्ताव रखे गये हैं, ताकि मध्य क्षेत्र में इन गतिविधियों का केन्द्रीकरण हो सके। नगर के क्षेत्रीय महत्व को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय सुविधाओं के अतिरिक्त क्षेत्रीय

स्तर पर सुविधाओं को प्रस्तावित किया गया है। नगर के भावी औद्योगिक विकास को दिशा प्रदान करने की दृष्टि से कृषि आधारित एवं अन्य उद्योगों हेतु उचित प्रावधान किया गया है।

4.3 विकास योजना में अतिरिक्त क्षेत्र की आवश्यकता


सागर विकास योजना 2031 के अनुसार सागर निवेश क्षेत्र की, वर्ष 2031 में जनसंख्या 6.50 लाख प्रक्षेपित की गई है एवं वर्ष 2035 तक वृद्धिगत जनसंख्या 7.00 लाख अनुमानित की गई है।


विकसित क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक, मिश्रित, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सावर्जनिक, सुविधाएं एवं सेवाऐं, परिवहन एवं आमोद–प्रमोद क्षेत्र सम्मिलित हैं। अन्य क्षेत्रों में रिक्त भूमि, जलाशय, वन क्षेत्र, ग्रामीण निर्मित क्षेत्र एवं कृषि भूमि सम्मिलित नहीं है।


यू.आर.डी.पी.एफ.आई. मानक अनुसार मध्यम श्रेणी के नगरों के लिए 100 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर जनसंख्या घनत्व अनुशंसित है। सागर हेतु नियोजन की दृष्टि से भावी विकास हेतु 70 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर प्रस्तावित जनसंख्या घनत्व की अनुशंसा की जाती है। इस संदर्भ में वर्ष 2035 तक सागर निवेश क्षेत्र में विकास योजना प्रस्ताव निर्धारित करने हेतु क्षेत्रफल की गणना की गई है एवं इस गणना के अनुसार लगभग 10,000 हेक्टेयर भूमि कुल 7.00 लाख जनसंख्या (वर्ष 2035) के लिये आवश्यक होगी। सागर निवेश क्षेत्र में प्रस्तावित उपयोग हेतु भूमि का चयन करने हेतु समन्वित भूमि उपयोग उपयुक्तता का विश्लेषण किया गया है, जिसका मुख्य आधार भौगोलिक विशेषताएँ एवं पर्यावरणीय घटकों का संयुक्त रूप से "Multicriteria Index" के माध्यम से विश्लेषण है।

4.4 भूमि उपयोग 2035

सागर विकास योजना 2035 में नगर के संतुलित एवं नियोजित विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित क्षेत्र में 15.28 हेक्टेयर प्रति हजार व्यक्ति की भू–उपयोग दर से नगरीय विकास प्रस्तावित है। विकास योजना 2031 में 16.26 हेक्टेयर प्रति हजार भू–उपयोग दर प्रस्तावित की गई थी। जबकि वर्तमान में यह दर 7.47 हेक्टेयर प्रति हजार ही प्राप्त हुई है।


SAGAR
DEVELOPMENT PLAN 2035 (DRAFT)
4.1 PROPOSED LANDUSE
EXISTING PROPOSED
RESIDENTIAL
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
GENERAL
MANDI
LOGISTICS HUB
MIXED
MIXED LANDUSE
INDUSTRIAL
INDUSTRIES
RECREATIONAL
PARK
AFFORESTATION
STADIUM
PUBLIC & SEMIPUBLIC
RESERVED FOREST
CANTONMENT
FIRING RANGE
TRANSPORTATION
BUS STAND
ROADS
RAILWAY STATION
RAILWAY LINE
BRIDGE
FLYOVER
CULVERT
PUBLIC UTILITIES & FACILITIES
ELECTRIC SUB STATION
SOLID WASTE DISPOSAL PLANT
CREMATORIUM/GRAVE YARD
WATERBODIES
AGRICULTURE
BOUNDARIES
MUNICIPAL CORPORATION / MUNICIPAL
CENTRAL AREA
ABD AREA
VILLAGE
PLANNING AREA
KHASRA BOUNDARY
Scale
0 1 2 3 4 5 Km
N
Planning Area
Sagar
District -Sagar
STATE INSTITUTE FOR TOWN PLANNING
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


SAGAR DEVELOPMENT PLAN 2035
4.2 CENTRAL AREA
Legend
EXISTING
PROPOSED
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
RECREATIONAL
PUBLIC & SEMIPUBLIC
PUBLIC UTILITIES & FACILITIES
TRANSPORTATION
WATER BODIES
BOUNDARIES
Scale
0
0.5
Km
Planning Area
Sagar
District - Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Directorate of Town & Country Planning
Madhya Pradesh, Bhopal
Makronia
Tilimali
Dharmshri
Sagar Khas
Lakha Banjara Lake
Jhansi
Lalaitori
Motinagar
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


SAGAR DEVELOPMENT PLAN 2035
4.3 ABD AREA
Legend
EXISTING
PROPOSED
RESIDENTIAL
GENERAL RESIDENTIAL
COMMERCIAL
GENERAL
RECREATIONAL
PARK
AFFORESTATION
STADIUM
PUBLIC & SEMIPUBLIC
PUBLIC UTILITIES & FACILITIES
TRANSPORTATION
BUS STAND
ROADS
WATER BODIES
BOUNDARIES
VILLAGE
ABD AREA
CANTONMENT AREA
Scale
0
0.5
Km
District - Sagar
Planning Area
Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Directorate of Town & Country Planning
Madhya Pradesh, Bhopal
Makronia
Motinagar
Lahitori
Mithdham
Lakha Banjara Lake
Sagar Khas
Tilimari
Dharmshri
Kanerdeo
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

प्रस्तावित भूमि उपयोग 2035

सारणी 4–सा– 1

क्र.	भू–उपयोग	प्रस्तावित क्षेत्र 2031 (हेक्टेयर में)	विकसित क्षेत्र 2020			उच्चावचन/निम्नावन	प्रस्तावित क्षेत्र 2035		
			क्षेत्रफल	प्रतिशत	उपयोगिता दर		क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्रतिशत	उपयोगिता दर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आवासीय	4611.07	2094.77	56.10	4.19	2516.30	5460.75	54.23%	7.80
2.	वाणिज्यिक	467.19	233.61	6.26	0.47	233.58	398.80	3.96%	0.57
3.	मिश्रित	-	-	-	-	-	227.40	2.26%	0.33
4.	औद्योगिक	491.67	97.27	2.60	0.19	394.39	395.25	3.92%	0.57
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	1685.59	591.32	15.84	1.18	1094.27	997.95	9.91%	1.43
6.	सार्वजनिक उपयोगिताएँ एवं सुविधाएँ	41.74	31.67	0.84	0.06	10.07	47.65	0.47%	0.07
7.	आमोद–प्रमोद	1911.02	180.61	4.84	0.36	1730.41	1051.60	10.44%	1.50
8.	यातायात एवं परिवहन	1363.76	504.70	13.52	1.01	859.06	1491.00	14.81%	2.13
	योग	**10572.04**	**3733.95**	**100.00**	**7.46**	**6838.08**	**10070.40**	**100.00%**	**14.39**

नोटः– वर्ष 2020 की जनसंख्या 5 लाख अनुमानित की गई है।

4.4.1 आवासीय

आवासीय उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान आवासीय को समाहित करते हुये नगर के चारों दिशाओं में दिये गये हैं, ताकि नगर का संतुलित विकास हो सके। आवासीय उपयोग के अंतर्गत् वर्तमान आवासीय सहित 5460.75 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 54.23 प्रतिशत है।

4.4.2 वाणिज्यिक

वाणिज्यिक उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान वाणिज्यिक को यथावत् रखते हुये मुख्य मार्गों प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों के समीप वाणिज्यिक क्षेत्र प्रस्तावित किये गये हैं, ताकि विकसित हो रहे आवासीय क्षेत्र को वाणिज्यिक गतिविधियों की सुविधा प्राप्त हो सके। वाणिज्यिक

उपयोग के अंतर्गत् वर्तमान वाणिज्यिक सहित 398.80 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि प्रस्तावित क्षेत्र का 3.96 प्रतिशत है।

4.4.2.1 लॉजिस्टिक हब

नगर की भावी आवश्यकताओं के आधार पर ग्राम अमावनी में 24 हेक्टेयर, ग्राम गम्भिरिया में 10 हेक्टेयर एवं ग्राम गुडा में 17 हेक्टेयर भूमि लॉजिस्टिक हब हेतु प्रस्तावित की गई है।

4.4.2.2 मण्डी

वर्तमान में कृषि उपज मण्डी ग्राम गढ़ौली खुर्द में स्थित है। नगर की भावी आवश्यकताओं के आधार पर ग्राम गढ़ौली खुर्द में वर्तमान मण्डी के संस्पर्शी क्षेत्र को अतिरिक्त रूप से मण्डी के विस्तार हेतु प्रस्तावित किया गया है।

4.4.3 मिश्रित

नगर में मिश्रित उपयोग हेतु खुरई–झांसी बायपास मार्ग, प्रस्तावित 60.00 मीटर चौड़े मार्ग को दोनों ओर, ग्राम खेजराबाग एवं सिरोंजा में नरसिंहपुर बायपास मार्ग एवं दमोह मार्ग पर कुल 227.40 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित उपयोग का 2.26 प्रतिशत है।

4.4.4 औद्योगिक

नगर में औद्योगिक उपयोग हेतु जबलपुर मार्ग पर ग्राम सिदगुंवा एवं ग्राम गुडा में कुल 395.25 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित उपयोग का 3.92 प्रतिशत है। प्रस्तावित औद्योगिक उपयोग से नगर के औद्योगिक विकास की पूर्ति हो सकेगी।

4.4.5 सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक

सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग के अंतर्गत् वर्तमान सहित 997.95 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 9.91 प्रतिशत है। इसके अंतर्गत् सामान्य सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधित गतिविधियों हेतु प्रस्तावित उपयोगों की पूर्ति हो सकेगी।

4.4.5.1 शैक्षणिक परिसर

नगर की भावी आवश्यकताओं के आधार पर ग्राम सिरोंजा एवं ग्राम पथरिया जाट में शैक्षणिक संस्थाएं हेतु एज्युकेशन हब के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

4.4.5.2 उप–चिकित्सालय

नगर में जिला चिकित्सालय ग्राम तिलीमाफी में स्थित है। नगर की भावी आवश्यकताओं के आधार पर ग्राम बहेरिया गदगद में इंजीनियरिंग कॉलेज के निकट उप चिकित्सालय हेतु भूमि प्रस्तावित की गई है।

4.4.5.3 प्रशासकीय परिसर

सागर नगर संभागीय मुख्यालय होने से विभिन्न विभागों के कार्यालय नगर में स्थित है। ग्राम सागर खास में संयुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट के रूप में विकसित है। नगर की भावी आवश्यकताओं के आधार पर ग्राम तिलीमाफी में डुगडुगी पहाड़ी पर प्रशासकीय परिसर हेतु भूमि प्रस्तावित की गई है।

4.4.6 सार्वजनिक उपयोगिताएं और सुविधाएं

सार्वजनिक उपयोगिताएं और सुविधाएं उपयोग के अन्तर्गत वर्तमान उपयोग सहित 47.65 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 0.47 प्रतिशत है। प्रस्तावित क्षेत्र के अंतर्गत् नगर हेतु कचरा संधारण केन्द्र एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि का आरक्षण किया गया है।

4.4.7 आमोद–प्रमोद

आमोद–प्रमोद उपयोग के अंतर्गत् वर्तमान सहित 1051.60 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 10.44 प्रतिशत है। आमोद–प्रमोद गतिविधि मानव जीवन का अभिन्न अंग है, खुले स्थान, उद्यान एवं बगीचे खेल मैदान आदि नगरीय जीवन के लिए आवश्यक हैं, जिसके कारण नगर में स्वस्थ्य पर्यावरण का निर्माण होता है। नगर के चारों ओर स्थित पहाड़ियों पर वृक्षारोपण का प्रस्ताव दिया गया है। इसी के साथ–साथ जल स्त्रोतों का संरक्षण करते हुए उनके किनारे भी वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है।

4.4.7.1 क्षेत्रीय उद्यान एवं पिकनिक स्थल

क्षेत्रीय उद्यान एवं पिकनिक स्थल हेतु ग्राम बाछलोन में भूमि प्रस्तावित की गई है।

4.4.7.2 नगर उद्यान

वर्तमान में विकसित नगर उद्यानों को संरक्षित करते हुए नवीन प्रस्तावित क्षेत्रों में नगर उद्यान के प्रस्ताव दिए गए हैं।

4.4.7.3 स्टेडियम

वर्तमान में गोपालगंज में एम0एल0बी0 स्कूल के सामने नगरपालिक निगम का स्टेडियम संचालित है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के दो स्टेडियम विश्वविद्यालय परिसर में एवं ग्राम बम्होरी रेंगुवा में एक क्रिकेट स्टेडियम संचालित है। नगर की आवश्यकताओं के आधार पर ग्राम सिरोंजा एवं ग्राम बामोरा में स्टेडियम प्रस्तावित किया गया है।

4.4.7.4 मेला मैदान

नगर में वर्तमान में विभिन्न उत्सवों एवं उर्सों पर मेला का आयोजन किया जाता है, जैसे–ग्राम पिपरिया में बाघराज मंदिर के पास दुर्गा नवरात्रि पर, ग्राम तिलीमाफी के रिमझिरिया में गोवर्धन मंदिर के पास मकर संक्रान्ति पर, सागर खास में चकराघट में मकर संक्रान्ति एवं कजलियों पर, ग्राम धर्मश्री में बालाजी मंदिर में प्रति मंगलवार, ग्राम करीला में भूतेश्वर मंदिर के पास भूतेश्वर मार्ग पर महाशिवरात्रि पर, ग्राम बहेरिया गदगद में बड़े शंकर जी के पास सागर–छतरपुर मार्ग पर महाशिरात्रि एवं सावन महीने के प्रत्येक सोमवार पर तथा सागर खास के पीलीकोठी पर। अतः मेला मैदान हेतु पृथक से भूमि प्रस्तावित नहीं की गई है, परन्तु जिला प्रशासन द्वारा मेला मैदान हेतु भूमि चयनित की जाने पर मेला मैदान समस्त भूमि उपयोगों में स्वीकार्य होगा।

4.4.7.5 पर्यावरण वानिकी


सागर तालाब लाखा बंजारा के किनारे 50 मीटर तक पर्यावरण वानिकी क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है एवं तालाब के दक्षिण में सागर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित पर्यावरण वानिकी को यथावत रखा गया है। अमावनी नाले के किनारे से दोनो ओर 30–30 मीटर तक पर्यावरण वानिकी क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। अन्य नालों एवं तालाबों से लगी भूमि, भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार पर्यावरण वानिकी हेतु प्रस्तावित है।

4.4.7.6 नगर वन

सागर नगर चारों दिशाओं में विश्वविद्यालय पहाड़ी ,पथरिया जाट पहाड़ी , आमेट पहाड़ी एवं बम्होरी रेंगुवा पहाड़ी से घिरा हुआ है। इन पहाड़ियों पर सघन वृक्षारोपण करना प्रस्तावित है, जिसके द्वारा पर्यावरण उन्नयन साथ–साथ पहाड़ियों का भू–दृश्यीकरण भी होगा।

4.4.7.7 खुला स्थल प्रणाली

विकास योजना ऐसे खुले स्थलों की प्रणाली को प्रस्तावित करती है, जो वर्तमान प्राकृतिक संरचनाओं के भू–दृश्यीकरण विकास के साथ–साथ आमोद–प्रमोद एवं


SAGAR
4.4 PLANNING UNIT
Legend
Planning Unit (Area in Hectare)
Unit 1 (697.66)
Unit 2 (2808.46)
Unit 3 (2734.47)
Unit 4 (1847.25)
Unit 5 (3287.60)
Unit 6 (3031.22)
Unit 7 (2967.52)
Unit 8 (4433.61)
Planning Area Boundary
Municipal Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major Road
Railway Line
Water Body
Cantonment Area
Firing Range
Scale 0 1 2 3 Km
Planning Area
Sagar
District - Sagar
State Institute For Town Planning
Source:Directorate of Town & Country Planning
Madhya Pradesh, Bhopal
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Katni
Rehli
Narsinghpur
Jhansi
Bina
Bhopal
Chhatarpur
NH-44
NH-146
SH-63
SH-334

पर्यावरणीय कार्यकलापों को पूर्ण करने में विशिष्टता रखती है। आवासीय परिक्षेत्रों एवं गतिविधि कॉरिडोरों के विस्तृत अभिन्यास रूपांकन में औपचारिक एवं अन्य भवनों से संलग्न खुले क्षेत्रों का प्रावधान मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार रखा जावेगा जो की स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त रूप से उपलब्ध हो सकेंगे।

4.4.8 यातायात एवं परिवहन

विकास योजना में यातायात क्षेत्र के अन्तर्गत 1491.00 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, यह भूमि विकास के लिए प्रस्तावित भूमि का 14.81 प्रतिशत है। यातायात एवं परिवहन उपयोग के अन्तर्गत नगरीय मार्गों के विस्तार के साथ बायपास मार्ग के निर्माण तथा स्थानीय मार्गों की यातायात संरचना पदानुक्रम में विकास के लिए प्रस्तावित की गई है।

4.5 निवेश इकाईयाँ

सागर विकास योजना 2031 में निवेश क्षेत्र को 8 निवेश इकाईयों में विभक्त किया गया था। विकास योजना 2031 को आधार मानकर विकास योजना 2035 में भी पूर्व निवेश इकाईयों के क्षेत्र को यथावत रखा गया है। निवेश इकाई का विवरण सारणी 4–सा–2 में दर्शाया गया है।

निवेश इकाईयाँ

सारणी 4–सा– 2

क्र.	निवेश इकाईयाँ	
	निवेश इकाईयाँ	कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	2	3
1	निवेश इकाई क्रमांक –1	597.66
2	निवेश इकाई क्रमांक –2	2808.49
3	निवेश इकाई क्रमांक –3	2734.47
4	निवेश इकाई क्रमांक –4	3109.08
5	निवेश इकाई क्रमांक –5	3287.60
6	निवेश इकाई क्रमांक –6	3031.22
7	निवेश इकाई क्रमांक –7	2967.52
8	निवेश इकाई क्रमांक –8	4433.51
	छावनी क्षेत्र	1704.69
योग		**24674.24**

- **निवेश इकाई क्रमांक–1**

निवेश इकाई क्रमांक–1 ए.बी.डी क्षेत्र को निर्धारित किया गया है जिसके उत्तर में अप्सरा टाकिज रेलवे क्रासिंग से रेलवे स्टेशन से होकर टंकी मार्ग तक, दक्षिण में तिली चौराहा, पूर्व में तिलक गंज होते हुए छावनी सीमा व सिविल लाइन चौराहा से व्ही.सी. बंगला होते हुए तिली चौराहा एवं पश्चिम में तिली चौराहा से जिला चिकित्सालय, अटल पार्क से तालाब की पश्चिम सीमा से होते हुए मोती नगर थाना है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–2**

निवेश इकाई क्रमांक–2 के उत्तर में कटनी – बीना रेल लाइन, दक्षिण– पश्चिम में निवेश क्षेत्र सीमा तथा दक्षिणी पूर्व में धर्मश्री मार्ग एवं छावनी क्षेत्र स्थित है, इसमें नगर का वर्तमान क्षेत्र गुजराती बाजार, कटरा, बडा बाजार, शुक्रवारी, शनिचरी तथा अन्य पुरानी बसाहट है। क्षेत्र में मुख्यतः वाणिज्यिक, आवासीय तथा अन्य मिश्रित भू–उपयोग विद्यमान है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–3**

निवेश इकाई क्रमांक–3 के उत्तर में भोपाल मार्ग पश्चिम में धर्मश्री मार्ग, दक्षिण में निवेश क्षेत्र की सीमा तथा पूर्व में तिली अस्पताल मार्ग स्थित है, इसमें मुख्यतः काकागंज तिली ग्राम आवासीय क्षेत्र के रूप में तथा सागर तालाब स्थित है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–4**

निवेश इकाई क्रमांक–4 के उत्तर में छावनी क्षेत्र, दक्षिण निवेश क्षेत्र सीमा तथा पूर्व में नरसिंहपुर मार्ग एवं पश्चिम में तिली अस्पताल मार्ग स्थित हैं। निवेश इकाई में गोपालगंज, विश्वविद्यालय, सिविल लाईन, न्यू कालोनी, मनोरमा कालोनी आवासीय क्षेत्र तथा जिलाध्यक्ष, आयुक्त, जिला न्यायालय जैसे प्रशासकीय कार्यालय समाविष्ट है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–5**

निवेश इकाई क्रमांक–5 के उत्तर में कटनी–बीना रेल लाइन, दक्षिण एवं पूर्व में निवेश क्षेत्र सीमा, तथा पश्चिम में नरसिंहपुर मार्ग स्थित हैं। निवेश इकाई में मुख्यतः मकरोनिया पद्माकर नगर झांसी मार्ग का आवासीय क्षेत्र, एस0ए0एफ0 कार्यालय तथा मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल कार्यालय स्थित है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–6**

निवेश इकाई क्रमांक–6 के उत्तर पश्चिम में छतरपुर मार्ग, पूर्व में निवेश क्षेत्र सीमा तथा दक्षिण में कटनी–बीना रेल लाइन एवं निवेश क्षेत्र सीमा स्थित है, इसमें मुख्यतः गंभीरिया स्थित इंजिनियरिंग कालेज तथा सिद्धगुवां स्थित औद्योगिक प्रक्षेत्र है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–7**

निवेश इकाई क्रमांक–7 के उत्तर में निवेश क्षेत्र सीमा, दक्षिण में कटनी–बीना रेल लाइन, पूर्व में छतरपुर मार्ग, पश्चिम में छावनी क्षेत्र व निवेश क्षेत्र की सीमा स्थित है, इस इकाई में मुख्यतः कृषि क्षेत्र सम्मिलित है।

- **निवेश इकाई क्रमांक–8**

निवेश इकाई क्रमांक–8 के उत्तर में निवेश क्षेत्र की सीमा, दक्षिण में कटनी बीना रेल लाइन, उत्तर–पश्चिम में निवेश क्षेत्र सीमा तथा पूर्व में छावनी क्षेत्र की पश्चिमी सीमा स्थित है, जिसमे प्रमुख रूप से सिन्धी कैंप, भगवानगंज विठ्ठल नगर आदि आवासीय क्षेत्र, खुरई मार्ग तथा खुरई–झांसी बायपास है।

4.6 मध्य क्षेत्र

4.6.1 मध्य क्षेत्र

उत्तर में– मोती नगर थाना से राहतगढ़ बस स्टेण्ड होते हुए रेलवे लाइन से होकर टंकी मार्ग तक
दक्षिण में – तिली चौराहा
पूर्व में– टंकी मार्ग से तिलक गंज होते हुए छावनी सीमा तक व सिविल लाइन चौराहा से व्ही.सी. बंगला होते हुए तिली चौराहा तक
पश्चिम में – तिली चौराहा से जिला चिकित्सालय, अटल पार्क से तालाब की पश्चिम सीमा से होते हुए मोती नगर थाना तक

4.6.2 ए.बी.डी क्षेत्र

उत्तर में– अप्सरा टाकिज रेलवे क्रासिंग से रेलवे स्टेशन से होकर टंकी मार्ग तक
दक्षिण में – तिली चौराहा
पूर्व में– टंकी मार्ग से तिलक गंज होते हुए छावनी सीमा तक व सिविल लाइन चौराहा से व्ही.सी. बंगला होते हुए तिली चौराहा तक
पश्चिम में – तिली चौराहा से जिला चिकित्सालय, अटल पार्क से तालाब की पश्चिम सीमा से होते हुए मोती नगर थाना तक

4.6.3 उपनगरीय मध्य क्षेत्र

सागर निवेश क्षेत्र के अंतर्गत् मकरोनिया बुजुर्ग नगरपालिका स्थित है। अतः उपनगरीय मध्य क्षेत्र मकरोनिया चौराहे से एक किलोमीटर की परिधि में मान्य होगा।

4.7 अनौपचारिक सेक्टर

बेरोजगार एवं सीमित रूप से रोजगार से जुड़े कर्मी जो रोजगार की तलाश में हैं अथवा आर्थिक उन्नति के लिये आशान्वित है, अनौपचारिक वर्ग के अंतर्गत् आते हैं। यह वर्ग शहर की आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं तथा आवासीय क्षेत्र के लिए सेवा जनसंख्या के रूप में भी कार्य करते हैं।

अनौपचारिक गतिविधियां मुख्य रूप से कार्य केन्द्रों, वाणिज्यिक केन्द्रों, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बाहर, यातायात केन्द्रों एवं बड़े आवासीय समूहों के आस–पास स्थापित हो जाती हैं। चूंकि आर्थिक गतिविधियों में उनकी एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिये औपचारिक वर्ग के साथ–साथ अनौपचारिक गतिविधियों के लिये भी विकास योजना में प्रस्ताव रखे गये हैं।

अनौपचारिक गतिविधि क्षेत्रों की योजना, व्यापार एवं विभिन्न प्रकार के उपयोग परिक्षेत्र के नियंत्रित विकास में समाहित एवं सम्मिलित कर निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रस्तावित है:–

- सामान्य वाणिज्यिक क्षेत्र में सेवा प्रदान करने हेतु फुटकर दुकानों का प्रावधान करना जैसे – नगर केन्द्र खण्ड स्तरीय दुकानें व सुविधा दुकानें क्षेत्र।
- थोक व्यापार एवं यातायात नगर क्षेत्र में सेवा प्रदान करना।
- संस्थागत क्षेत्रों, आमोद–प्रमोद, औद्योगिक क्षेत्रों एवं अवसान केन्द्रों पर खाद्य सेवा प्रदान करने वाली सेवा दुकानें उपलब्ध कराना।
- आवासीय क्षेत्रों के निकट सेवा दुकानें।
- निर्माण स्थलों के समीप अस्थाई रहवास की व्यवस्था करना।

अनौपचारिक सेक्टर को नियोजित आवासीय विकास क्षेत्र में निम्नानुसार समाहित किया जाना प्रस्तावित है:–

- परिक्षेत्रिक योजना बनाते समय अनौपचारिक सेक्टर के लिये प्रस्तावित आवासीय विकास हेतु भूमि सुरक्षित रखना।
- अभिन्यास स्वीकृति के समय अनौपचारिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रावधान भी समय–समय पर शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किया जाना प्रस्तावित है।
- अनौपचारिक सेक्टर इकाई का विकास क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप किया जावे।

4.8 गंदी बस्ती क्षेत्र

सागर नगरीय क्षेत्र में नगरपालिक निगम द्वारा अधिसूचित 58 गंदी बस्तियां हैं। नगर पालिका निगम सागर द्वारा इन गंदी बस्ती क्षेत्रों में मूलभूत सामुदायिक सुविधाओं का

विकास किया गया है। गंदी बस्तियों के पर्यावरण सुधार हेतु यह आवश्यक है कि इनकी रोकथाम, विकास, निर्मूलन एवं पुनर्स्थापना हेतु एकीकृत कार्यक्रम चलाया जावे। इस हेतु निम्नानुसार प्रयास किया जाना प्रस्तावित है।

1. भवन निर्माण उपविधियों में संशोधन एवं परिक्षेत्रिक नियमों का निर्धारण एवं उनका पालन।
2. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित भूमि का निश्चित समय सीमा में उसी वर्ग के लिये विकास।
3. गंदी बस्ती क्षेत्र में पर्यावरण सुधार हेतु सार्वजनिक सुविधाओं का विकास।
4. जिन गंदी बस्ती क्षेत्रों को वर्तमान स्थान पर पर्यावरण सुधार कर रखा जाना संभव नहीं हो, उनको स्थानांतरित कर नवीन स्थल पर पुनर्स्थापना करना।

4.9 पुनर्विकास नीति

शहर की विकास प्रक्रिया के कारण कुछ वर्तमान निर्मित क्षेत्र शहरी विकास की दृष्टि से केन्द्रीय स्थिति प्राप्त कर लेते हैं जिससे इनका भू–मूल्य अधिक हो जाता है। ऐसे क्षेत्रों को पुनर्विकास क्षेत्र के रूप में चयनित किया जावेगा। ऐसे क्षेत्रों की विकास नीति निम्नलिखित बिन्दुओं के द्वारा संचालित की जावेगी :–

1. उच्च मूल्य वाली अकार्यक्षम भू–उपयोग अंतर्गत् भूमि/क्षेत्र जिस भूमि का अन्य सक्षम उपयोग हेतु मांग अधिक है, उन्हें पुनर्घनत्वीकरण/पुनर्विकास क्षेत्रों के रूप में चयनित किया जावे।
2. पुनर्विकास परियोजना को विशेष परियोजना के रूप में माना जावेगा। इन परियोजनाओं का रूपांकन, नगरीय रूपांकन के दृष्टिकोण के आधार पर करने के पश्चात निवेश प्रस्ताव तैयार किये जावेंगे।
3. उपयोग एवं गतिविधियों का निर्धारण, निष्पादन स्तर एवं अनुकूलता स्तर जिन्हें आसपास के उपयोग द्वारा प्रभावित किया गया है, निर्धारित होगा जिसकी परियोजना को परिक्षेत्र की योजना के रूप में तैयार किया जाना प्रस्तावित है।
4. स्वीकार्य विकास का घनत्व उपयोगिता एवं अधोसंरचना का यातायात दबाव की वाहन क्षमता और इसका समीकरण क्षेत्र के प्रभाव द्वारा निर्धारित होगा।

यदि मध्य क्षेत्र में उन्नत पर्यावरण एवं यातायात सुधार की दृष्टि से पुनर्विकास योजना तैयार की जाती है तो उस स्थिति में फर्शी क्षेत्र अनुपात, उस क्षेत्र हेतु निर्धारित फर्शी क्षेत्र अनुपात से 0.25 अधिक मान्य किया जा सकेगा।

भू–स्वामी अपने भूखण्ड में से कुछ भूखण्डीय क्षेत्र सार्वजनिक उपयोग जैसे–सड़क, फुटपाथ, पार्किंग इत्यादि हेतु छोड़ता है तो उसे शेष भूखण्ड में सामान्य स्वीकार्य एफ.ए.

आर. एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु छोड़ी जाकर स्थानीय संस्था को समर्पित किये गये भूखण्ड क्षेत्र की भूमि को दो गुना तक फर्शी क्षेत्र अनुपात में जोड़ा जा सकेगा।

4.10 ग्राम आबादी विस्तार

सागर निवेश क्षेत्र में स्थित ग्राम आबादी जो विकास योजना के कृषि क्षेत्र में स्थित है, उनका विस्तार (जिसमें सामाजिक एवं भौतिक अधोसंरचना का विकास भी सम्मिलित है) वर्तमान ग्राम आबादी क्षेत्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में आवासीय एवं सुविधाओं का विकास सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा से किया जा सकेगा।

4.11 कमजोर आय वर्ग के लिए प्रावधान

कमजोर आय वर्ग के लिए प्रत्येक आवासीय कालोनी में छोटे भूखण्डों का प्रावधान किया जाता है। यह वर्ग प्रायः रोजगार अस्थायी ठेला, गुमटी आदि की स्थापना के माध्यम से प्राप्त करता है। अतः कमजोर आय वर्ग के लिए मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 में उल्लेखित प्रावधान तथा शासन द्वारा समय–समय पर इन वर्गों के लिए दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार किया गया प्रावधान स्वीकार्य होगा।

4.12 असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोगों की पुनर्स्थापना

असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोगों का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुनर्निधारण किया गया है जो निम्नानुसार है।

असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोग की पुनर्स्थापना एवं रिक्त भूमि का उपयोग

सारणी 4–सा– 3

क्र.	उपयोगों का स्थानांतरण	वर्तमान स्थल	प्रस्तावित स्थल	भूमि रिक्त होने पर उपयोग
1	2	3	4	5
असंगत भूमि उपयोग				
1.	वर्तमान बस स्टेण्ड एवं प्राइवेट बस स्टेण्ड	डिग्री कालेंज के पास	जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थल चयन अनुसार	वाणिज्यिक केन्द्र
2.	जेल परिसर	आई. जी. कार्यालय के समीप	निवेश क्षेत्र के बाहर	वाणिज्यिक
3.	सुभाष नगर औद्योगिक क्षेत्र	सुभाष नगर, भगवानगंज तिगड्डे के पास	प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र	आवासीय

क्र.	उपयोगों का स्थानांतरण	वर्तमान स्थल	प्रस्तावित स्थल	भूमि रिक्त होने पर उपयोग
1	2	3	4	5
		असंगत भूमि उपयोग		
4.	आरा मशीनें	भोपाल मार्ग, स्टेशन मार्ग, भगवानगंज,	प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र	संस्पर्शी भूमि उपयोग
5.	दाल एवं तेल मिल	तिलकगंज, पगारा मार्ग, भगवानगंज, कटरा	प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र	आवासीय तथा वाणिज्यिक संस्पर्शी भूमि उपयोग
6.	औद्योगिक इकाईयां	खुरई मार्ग पर भाग्योदय तीर्थ के समीप	प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र	संस्पर्शी भूमि उपयोग
7.	सोयाबीन प्लांट.	पगारा मार्ग	प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र	आवासीय
		अकार्यक्षम भूमि उपयोग		
8.	पुलिस प्रशिक्षण संस्थान	किला	प्रस्तावित सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग के अंतर्गत्	पर्यटन गतिविधियाँ
9.	पशु पालन (डेरियॉ)	गोपालगंज, परकोटा, कृष्णगंज, रविशंकर वार्ड, वल्लभ नगर सिंधी कालोनी	ग्राम बम्होरी रेंगुवा, हफसिली एवं रतौना में प्रस्तावित भूमि एवं कृषि उपयोग के अंतर्गत् स्थल चयन अनुसार	आवासीय
10.	परिवहन अभिकरण	भगवानगंज, गुजराती बाजार एवं मध्य क्षेत्र	प्रस्तावित लॉजिस्टिक हब	संस्पर्शी भूमि उपयोग

4.12.1 कार्यकेन्द्र

वाणिज्यिक, औद्योगिक तथा प्रशासनिक गतिविधियां, नगर की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को प्रतिबिंबित करती है। यह गतिविधियां यातायात के मुख्य उदित केन्द्र होने से

इनका नियोजन इस प्रकार किया गया है, जिससे आवासीय क्षेत्र से इनके मध्य न्यूनतम यात्रा समय द्वारा सुविधाजनक सुरक्षित एवं तीव्र गति द्वारा पहुँच सुनिश्चित हो सके।

4.12.2 व्यापार एवं वाणिज्यिक

वाणिज्यिक गतिविधि केन्द्रों का वर्गीकरण नगर एवं निवेश इकाई स्तर पर किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चयनित मार्गों को गतिविधि कोरीडोर के रूप में चिन्हित किया गया है। इनमें आवासीय उपयोग के साथ–साथ स्थल, विशेष एवं भविष्य की आवश्यकता अनुसार अन्य व्यवसायिक गतिविधियाँ जैसे–शैक्षणिक, संस्थागत, वाणिज्यिक एवं सेवा उद्योग आदि स्वीकार्य होंगी।

4.12.3 नगर स्तरीय वाणिज्यिक केन्द्र

नगर स्तर की वाणिज्यिक गतिविधियां वर्तमान में मध्य क्षेत्र एवं उससे संलग्न क्षेत्र में केन्द्रित हैं। मध्य क्षेत्र में भीड़–भाड़ के कारण नगर स्तर की गतिविधियां नवीन नगरीय/उपनगरीय केन्द्रों एवं सामुदयिक केन्द्रों में प्रस्तावित की गई है। अग्रेषण अभिकरण तथा थोक वाणिज्यिक गतिविधियां भी मध्य क्षेत्र से लॉजिस्टिक हब में प्रस्तावित की गई हैं।

अध्याय–5 प्रस्तावित यातायात संरचना एवं नगरीय अधोसंरचना

5.1 यातायात की वर्तमान स्थिति

नगर का भौतिक विकास का स्वरूप मुख्यतः परिवहन संरचना पर निर्भर करता है। भूमि उपयोग एवं यातायात आवश्यकताओं का आपस में घनिष्ठ संबंध रहा है। आटो रिक्शा एवं ई–रिक्शा नगर में यातायात के प्रमुख साधन है जो नगर के यातायात संचालन में प्रमुख भूमिका निभाते है। अन्य प्रचलित हल्के वाहनों में कार, मोटर साइकिल, स्कूटर आदि है।

वर्तमान में नगर में सार्वजनिक यात्री परिवहन हेतु आटो रिक्शा वाहन एवं माल परिवहन हेतु मुख्यतः आटो रिक्शा एवं ई–रिक्शा का उपयोग प्रचलन में है। दक्ष सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का अभाव नागरिकों द्वारा अनुभव किया जाता है, जिसके कारण नागरिकों को अपने कार्यकेन्द्रों पर एवं अन्य कालोनियों/रहवासी क्षेत्रों एवं गतिविधि स्थलों तक पहुँचने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः नगर में एक प्रभावी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की आवश्यकता है।

5.2 प्रस्तावित यातायात तंत्र

सागर नगर, बीना–कटनी रेलखण्ड का एक प्रमुख रेल्वे स्टेशन है, यहाँ पर सागर से गुजरने वाली लगभग सभी यात्री गाड़ियाँ रुकती हैं जिसके कारण सागर का देश के समस्त प्रमुख नगरों से सम्पर्क स्थापित है। नगरीय यातायात तंत्र का नियोजन भी एक कठिन कार्य है, क्योंकि यह नगरीय अर्थव्यवस्था एवं नियोजन को प्रभावित करता है। नगर की यातायात प्रणाली निम्न नीति बिन्दुओं के आधार पर प्रस्तावित की गई है:–

- दक्ष एवं बहुआयामी जन परिवहन प्रणाली की व्यवस्था।
- मंदगति वाहनों के सुरक्षित एवं सुविधाजनक प्रवाह हेतु मार्गों का विकास।
- मुख्य गतिविधि पुंजक एवं आबादी क्षेत्र के बीच सुविधाजनक एवं सुरक्षित पहुँच मार्गों की व्यवस्था करना।
- क्षेत्रीय यातायात एवं नगरीय यातायात का पृथक्करण।

5.3 अंतर्नगरीय यातायात

5.3.1 रेल यातायात

सागर नगर मध्य रेलवे के बीना–कटनी रेल मार्ग पर बीना से 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होकर मुम्बई, दिल्ली, कलकत्ता एवं प्रयागराज जैसे प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है। नगर का मुख्य रेलवे स्टेशन सागर है एवं उपनगरीय रेलवे स्टेशन मकरोनिया है।

5.3.2 सड़क मार्ग

सागर नगर से झांसी एवं नरसिंहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 (North-South and East-West) कॉरीडोर मार्ग गुजरता है, जो कि नगर को देश एवं प्रदेश के प्रमुख नगरों से जोड़ता है। सागर नगर द्वारा बीना एवं छतरपुर से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 934 द्वारा एवं भोपाल से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 146 द्वारा जुड़ा हुआ है। राज्य राजमार्ग क्रमांक 63 एवं 21 सागर को अन्य निकटस्थ नगरों से जोड़ते हैं।

5.3.3 हवाई पट्टी

सागर नगर से लगभग 13 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम ढाना में हवाई पट्टी है जो कि नगर की अत्यावश्यक हवाई सेवा की पूर्ति करती है।

5.4 प्रस्तावित यातायात प्रणाली

वर्तमान में नगर यातायात हेतु क्षेत्रीय/स्थानीय मार्गों यथा सागर–भोपाल, सागर–खुरई, सागर–झाँसी, सागर–छतरपुर, सागर–जबलपुर, सागर–नरसिंहपुर, सागर–सिलवानी एवं सागर–रहली मार्ग विद्यमान हैं, इनमें से सागर–जबलपुर, सागर–भोपाल एवं सागर–छतरपुर मार्ग पर यातायात का अधिकतम दबाव है।

नगर के मध्य से गुजरने वाले क्षेत्रीय मार्गों की अन्तर्संबद्धता स्थापित करने हेतु सागर विकास योजना 2031 मे जितने भी क्षेत्रीय/नगरीय मार्ग प्रस्तावित किये गए थे, उनका क्रियान्वयन नहीं हो सका। इस कारण से प्रस्तावित मार्ग संरचना को वर्तमान स्थिति के अनुरुप यथा संशोधन के साथ प्रस्तावित करने का प्रयास किया गया है।


5.4.1 मार्गों की श्रेणी


- **बायपास मार्ग/वृत्तीय मार्ग**

वर्तमान में North-South and East-West कॉरीडोर (झांसी–नरसिंहपुर मार्ग) का निर्माण हो चुका है। क्षेत्रीय/स्थानीय मार्गों यथा झांसी–भोपाल –नरसिंहपुर मार्ग को जोड़ने हेतु बायपास मार्ग विकास योजना 2031 में प्रस्तावित किया गया था जिसका विकास स्थल पर नही हो सका है, उसे पुनर्विलोकित विकास योजना में आंतरिक बायपास मार्ग के रूप 60.00 मीटर चौड़ा प्रस्तावित किया गया है। साथ ही क्षेत्रीय यातायात को सुगम बनाने हेतु बाह्य बायपास मार्ग 60.00 मीटर चौड़ा प्रस्तावित किया गया है।

- **उप क्षेत्रीय मार्ग (मुख्य मार्ग)**

प्रस्तावित बायपास मार्ग को नगर के वर्तमान मार्गों से जोड़ते हुए यातायात संरचना के आधार पर उपक्षेत्रीय मार्गों से जोड़ने के प्रस्ताव किये हैं। इन मार्गों की चौड़ाई 45.00 मीटर, 36.00 मीटर, 30.00 मीटर एवं 24.00 मीटर रखी गई हैं ।


SAGAR
5.1 EXISTING TRANSPORT NETWORK
Legend
Planning Area Boundary
Municipal Area Boundary
Village Boundary
National Highway
State Highway
Major City Road
Minor City Road
Other Public Road
Other Private Road
Village Road
Bridge
Flyover
Railway Line
Railway Station
Bus Stand
Water Body
Cantonment Area
Firing Range
Scale 0 1 2 3 Km
N
Planning Area
Sagar
District - Sagar
State Institute For Town Planning
Source: Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Chhatarpur
Jhansi
Narsinghpur
Rehli
Bina
Bhopal
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


SAGAR DEVELOPMENT PLAN 2035
DRAFT
5.2 PROPOSED TRANSPORT NETWORK
Legend
EXISTING
PROPOSED
Scale
0 1 2 3 Km
N
District - Sagar
Planning Area
Sagar
State Institute For Town Planning
Source:Directorate of Town & Country Planning
Madhya Pradesh, Bhopal
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Damoh
Chhatarpur
Katni
Rehli
Narsinghpur
Jhansi
Bina
Bhopal
NH-44
NH-34
SH-43

- **वृत्तखण्ड स्तरीय मार्ग**

नगर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग यातायात उपयोग में आते हैं तथा भविष्य में भी इन मार्गों का उपयोग नगरीय मार्गों के यातायात हेतु होता रहेगा । इन मार्गों का प्रस्ताव इस प्रकार किया गया है कि मार्ग के मध्य नगरीय यातायात सुचारु रुप से भावी विकास होने वाले कार्य केन्द्रों को सुगम यातायात उपलब्ध हो सके । इन मार्गों की चौड़ाई 18.00 मीटर रखी गई है।

- **उप वृत्तखण्ड स्तरीय मार्ग**

निवेश इकाई केन्द्रों तक पहुँच के लिये इन मार्गों को प्रस्तावित किया गया है। परिक्षेत्रिक योजना अथवा विकास योजना के प्रस्तावों का विस्तृतीकरण करते समय इनके प्रस्ताव दिये जावेंगे। उप वृत्तखण्ड स्तरीय मार्गों की चौड़ाई 12.00 मीटर प्रस्तावित है ।

- **स्थानीय मार्ग**

स्थानीय मार्गों की चौड़ाई 12.00 मीटर प्रस्तावित है, इनके विशेष प्रस्ताव परिक्षेत्रिक योजना अथवा विकास योजना प्रस्तावों के विस्तृतीकरण करते समय दिये जावेंगे।

5.5 मार्गों की चौड़ाई

मार्गों की चौड़ाई प्रस्तावित करते समय इनके क्रियान्वयन का महत्व, दीर्घकालीन यातायात की सघनता, यातायात का स्वरूप व विशेषतायें आदि ध्यान में रखी गई हैं। सारणी 5–सा–1 में निवेश क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई दर्शायी गई हैं।

मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई

5–सा–1

क्र.	मार्ग के नाम	विकास योजना 2031 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन पश्चात् प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
1.	**राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–44 (झांसी मार्ग)**		
(अ)	मकरोनिया चौराहे से केन्ट बेरियर तक	30.00	30.00
(ब)	केंट बेरियर से कबुला पुल तक	36.00	30.00
(स)	कबूला पुल से कजली वन तक	30.00	30.00
(द)	कजली वन से निवेश क्षेत्र सीमा तक	90.00	60.00
2.	**राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–44 (नरसिंहपुर मार्ग)**		
(अ)	मकरोनिया चौराहा से वर्तमान बाय–पास मार्ग संगम तक	36.00	36.00
3.	**राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–934 (खुरई –बीना मार्ग)**		
(अ)	राहतगढ़ रेल्वे संगम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तक	30.00	30.00
(ब)	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से वर्तमान बायपास संगम तक	36.00	36.00
(स)	वर्तमान बायपास संगम से निवेश क्षेत्र सीमा तक	90.00	60.00
4.	**राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–934 (छतरपुर–कानपुर मार्ग)**		
(अ)	मकरोनिया चौराहा से रेल्वे क्रासिंग तक	36.00	36.00
(ब)	रेल्वे क्रासिंग से बहेरिया चौराहे तक	36.00	36.00
(स)	बहेरिया चौराहे से निवेश क्षेत्र सीमा तक	90.00	60.00
5.	**राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–146 (राहतगढ़ मार्ग)**		
(अ)	राहतगढ़ रेल्वे मार्ग संगम से मोतीनगर थाने तक	24.00	24.00
(ब)	मोतीनगर थाना से भोपाल खुरई बायपास मार्ग संगम	50.00	45.00
(स)	खुरई भोपाल मार्ग संगम से निवेश क्षेत्र सीमा तक	90.00	60.00

क्र.	मार्ग के नाम	विकास योजना 2031 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन पश्चात् प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
6.	**राजमार्ग क्रमांक–63 (जबलपुर मार्ग)**		
(अ)	बहेरिया चौराहा से निवेश क्षेत्र सीमा तक	60.00	60.00
(ब)	पुराना बायपास मार्ग (ग्राम बाछलोन से बहेरिया चौराहा तक)	18.00	24.00
7.	**राजमार्ग क्रमांक–21 (रहली मार्ग)**		
(अ)	व्ही0 सी0 बंगले से सागर विश्वविद्यालय परिसर तक	24.00	24.00
(ब)	विश्वविद्यालय परिसर से ग्राम पथरिया जाट तिराहा तक	30.00	24.00
(स)	ग्राम पथरिया जाट से नरसिंहपुर मार्ग (ग्राम सिरौंजा) तक	24.00	18.00
(द)	ग्राम पथरिया जाट से बम्होरी बीका चौराहा तक	30.00	30.00
(द)	बम्होरी बीका चौराहा से निवेश क्षेत्र की सीमा तक	60.00	60.00
8.	North-South and East-West कॉरिडोर (झांसी–नरसिंहपुर मार्ग)	120.00	60.00
9.	प्रस्तावित आंतरिक बायपास मार्ग	90.00	60.00
10.	प्रस्तावित बह्राय बायपास मार्ग	–	60.00
11.	ग्रामीण मार्ग	–	24.00
12.	**मुख्य मार्ग**		
	एम.आर.1 से एम.आर.6 तक सभी प्रस्तावित मार्ग	–	45.00
	एम.आर.7 से एम.आर.13 तक सभी प्रस्तावित मार्ग	–	36.00
	एम.आर.14 से एम.आर.41 तक सभी प्रस्तावित मार्ग	–	30.00
	एम.आर.42 से एम.आर.56 तक सभी प्रस्तावित मार्ग	–	24.00
12.	**वृत्तखण्ड मार्ग**		
	एस.आर. 1 से एस.आर. 16 तक सभी प्रस्तावित मार्ग	–	18.00
13.	**उप–वृत्तखण्ड मार्ग**		
	एस.एस.आर. 1 से एस.एस.आर. 13 तक सभी प्रस्तावित मार्ग	–	12.00

नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत स्थित वर्तमान मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई सारणी 5–सा–2 में दर्शायी गई है।

वर्तमान मार्गों हेतु प्रस्तावित चौड़ाई

5—सा—2

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
(अ)	**प्रमुख नगर मार्ग**		
1	**मकरोनिया मार्ग**		
	(अ) तीन मड़िया से महिला डिग्री कालेज चौराहा तक	12.00	15.00
	(ब) महिला डिग्री कालेज चौराहा से सिविल लाईन चौराहा तक	18.00—20.00	24.00
	(स) सिविल लाईन से मकरोनिया चौराहा	18.00—24.00	30.00
	(द) मकरोनिया चौराहा से पुराना जबलपुर मार्ग (एस0ए0एफ0मार्ग)	18.00	24.00
2	**तिली चिकित्सालय मार्ग**		
	(अ) एच.डी.एफ.सी बैंक से तीन मडिया तक	12.00	24.00
	(ब) तीन मड़िया से बकोली चौराहा (रामाश्रम भोजनालय) तक	21.00	30.00
	(स) बकोली चौराहा से तिली चौराहा तक	21.00	30.00
3.	**गोपालगंज मार्ग**		
	(अ) बकोली चौराहा से बंगाली काली तिगड्डा तक	11.00	24.00
	(ब) बंगाली काली तिगड्डा से लाल स्कूल तक	14.00—18.00	24.00
	(स) लाल स्कूल से डी0आई0जी0 बंगला तिगड्डा तक (ज्योति—भवन तिराहा)	12.00 —24.00	24.00
	(द) डी0आई0जी0 बंगला तिगड्डा से तिली चौराहा तक	21.00	30.00
4	सिविल लाईन चौराहा से व्ही0सी0 बंगला तक	28.00	30.00
5	व्ही0सी0 बंगला (कालीचरण तिराहा) से डी0आई0जी0 बंगला तिगड्डा (ज्योतिभवन) तक	18.00	30.00

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
6	व्ही0सी0 बंगला (कालीचरण तिराहा) से मधुकरशाह (लाल) स्कूल तक	9.00 –12.00	12.00
7	तिली चौराहा से धर्मश्री तीराहा तक	20.00 –26.00	30.00
8	धर्मश्री चौराहा से मोतीनगर थाना तक	12.00	18.00
9	तिली तिगड्डा से किशोर न्यायालय तक	17.00 –24.00	30.00
10	किशोर न्यायालय से सोमनाथ पुरम तक	18.00	30.00
11	किशोर न्यायालय से बायपास मार्ग संगम तक	30.00	30.00
12	ग्राम पथरिया जाट में बायपास मार्ग (फायरिंग रेंज) से पथरिया जाट–बमौरी बिका मार्ग संगम तक	18.00	24.00
13	टंकी मार्ग– राधा टाकीज तिगड्डा से छावनी क्षेत्र सीमा तक	14.00 –17.00	24.00
14	राधा टाकीज तिगड्डा से अप्सरा टाकीज रेल्वे क्रासिंग तक	12.00 –14.00	18.00
15	अप्सरा टाकीज रेल्वे क्रासिंग से भगवानगंज तिगड्डा (अम्बेडकर मूर्ति) तक	21.00	24.00
16	अप्सरा टाकीज से रेल्वे स्टेशन (प्लेटफार्म क्रमांक 1) मार्ग छावनी क्षेत्र सीमा तक	12.00	15.00
17	कबूला पुल से भगवानगंज तिगड्डा तक	15.00 –18.00	18.00
18	भगवानगंज तिगड्डा (अम्बेडकर मूर्ति) से राहतगढ़ रेल्वे क्रासिंग तक	12.00 –14.00	18.00
19	राहतगढ़ रेल्वे क्रासिंग से पगारा मार्ग तक	12.00 –14.00	18.00
(ब)	**मध्यवर्ती क्षेत्र मार्ग**		
20	कटरा बाजार मार्ग (गौर मूर्ति से जामा मस्जिद तक)	36.00	36.00
21	**गुजराती बाजार मार्ग**		
	(अ) जामा मस्जिद से मनोहर टाकीज तक	12.00–18.00	21.00
	(ब) मनोहर टाकीज से राधा टाकीज तिगड्डा तक	20.00	24.00

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
22	**विजय टाकीज मार्ग**		
	(अ) जामा मस्जिद से माणिक चौक तक	27.00	30.00
	(ब) माणिक चौक से माता मड़िया तिगड्डा तक	6.00–8.00	12.00
	(स) माता मड़िया तिगडडा से राहतगढ़ रेल्वे क्रासिंग तक	7.00–12.00	18.00
23	नमक मण्डी मार्ग (जामा मस्जिद से रजा तिगड्डा तक)	24.00	30.00
24	लिंक मार्ग (मनोहर टाकीज से विजय टाकीज तक)	8.00	12.00
25	शास्त्री मार्केट से पुरानी गल्ला मण्डी	9.00–12.00	12.00
26	तिलकगंज मार्ग (पुरानी गल्ला मण्डी (लछ्छू चौराहा) से छावनी क्षेत्र तक)	12.00	15.00
27	गल्ला मण्डी (लछ्छू चौराहा) से रजा तिगड्डा तक	9.00	12.00
28	रजा तिगड्डा से परकोटा तिगड्डा तक	7.00–8.00	12.00
29	परकोटा तिगड्डा से एच.डी.एफ.सी बैंक तक	7.00–8.00	12.00
30	परकोटा तिगड्डा से गौर मूर्ति तक	6.00–8.00	12.00
31	गौर मूर्ति से कोतवाली तक	8.00–9.00	12.00
32	कोतवाली से चमेली चौक तक	6.00–9.00	12.00
33	चमेली चौक से मोती नगर थाना तक	9.00–11.00	12.00
34	सरस्वती मंदिर से गोला कुआँ तक	12.00	12.00
35	गोला कुआँ से धर्मश्री चौराहा	12.00–18.00	18.00
36	धर्मश्री तिराहा से अर्जुनी–रजौआ मार्ग	15.00–20.00	24.00
37	चैतन्य नर्सिगहोम से कनेरादेव मार्ग		
	(अ) चैतन्य नर्सिगहोम से ट्रेफिक पार्क तक	15.00	30.00
	(ब) ट्रेफिक पार्क से कनेरादेव चौराहे तक	15.00	24.00
38	संजय ड्राइव–मसानझिरी मार्ग संगम से ग्राम पिपरिया मोंगा नाला तक	18.00	30.00

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
39	कनेरादेव चौराहा से निवेश क्षेत्र सीमा तक (मसानझिरी मार्ग)	24.00	30.00
40	पुराना वर्तमान बायपास मार्ग		
	(अ) ग्राम बम्होरी रेंगुवा रेलवे क्रासिंग से कृषि उपज मंडी तक	24.00–30.00	45.00
	(ब) कृषि उपज मंडी से झांसी मार्ग तक	15.00–18.00	24.00
41	ग्राम नरवानी में North-South and East-West कॉरिडोर से पुराना दमोह मार्ग तक	18.00	45.00
42	ग्राम बम्होरी ढूढर में सिदगुवां औद्योगिक क्षेत्र से पुराना दमोह मार्ग तक	18.00	45.00
43	राजघाट मार्ग – बायपास मार्ग संगम से निवेश क्षेत्र सीमा तक	18.00	60.00
44	ग्राम पटकुई से ग्राम खिरिया ताज़खां मार्ग	18.00	24.00
45	दीपाली होटल से वर्तमान बायपास मार्ग संगम तक	18.00	36.00

नोटः– यदि मार्गों की वर्तमान चौड़ाई प्रस्तावित चौड़ाई से स्थल पर अधिक चौड़ाई उपलब्ध होती है तो यथावत मान्य रहेगी।

5.6 यातायात पद्धति में सुधार

यातायात के वर्तमान लक्षणों से यह ज्ञात होता है कि नगर में यातायात यांत्रिकी के सुधार की बहुत संभावना है, जिससे वर्तमान मार्ग पद्धति की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। यह क्षमता बढ़ाने हेतु मार्गों को चौड़ा बनाना, फुटपाथों का निर्माण करना, ट्रेफिक आयलैण्ड का निर्माण करना आदि शामिल है।

5.6.1 मार्ग संगमों में सुधार

पूर्व अंगीकृत विकास योजना में निम्नलिखित चौराहों के विकास/सुधार के प्रस्ताव दिये गए थे लेकिन योजना काल में इनका विकास नहीं हो सका, अतः पुनर्विलोकित विकास योजना में इनका विकास/सुधार किया जाना यथावत प्रस्तावित किया गया है :–

1. कटरा स्थित मस्जिद चौराहा
2. गौर मूर्ति तिराहा
3. राहतगढ़ बस स्टेण्ड तिराहा

4. नमक मण्डी तिराहा
5. लछ्छू चौराहा
6. तिली तिराहा
7. मोतीनगर थाना मार्ग संगम
8. कृषि उपज मण्डी चौराहा
9. खुरई–भोपाल वर्तमान बॉयपास भोपाल मार्ग संगम
10. बम्होरी बीका चौराहा
11. बहेरिया गद्‌गद् चौराहा
12. नया धर्मश्री चौराहा

5.6.2 ओव्हर ब्रिज

सागर नगर का विकास उत्तरी दिशा में रेल्वे लाइन होने के कारण अवरुद्ध हुआ है इसलिये इस रेल्वे लाइन पर नगरीय/क्षेत्रीय यातायात सुचारू रूप से संचालित करने के लिये ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाना आवश्यक है। निम्नलिखित रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है:–

1. मकरोनिया रेल्वे क्रासिंग पर (निर्माणाधीन)।
2. खुरई–भोपाल प्रस्तावित बायपास पर स्थित रेल्वे क्रासिंग पर।

उपरोक्त के अतिरिक्त नगर निगम द्वारा स्थल उपलब्धता अनुसार पार्किंग का विकास/निर्माण किया जा सकेगा।

5.7 यातायात अवसान केन्द्र

5.7.1 वाहन विराम स्थल

मध्य क्षेत्र में वाहनों के पार्किंग हेतु कोई स्थल अभी तक विकसित नहीं किया गया है। पार्किंग मुख्यतः मार्गों के किनारे की जाती हैं, जिससे यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है। यातायात सुचारु रुप से हो सके इसके लिये वर्तमान मुख्य मार्गों के किनारे उचित विकास कर पार्किंग व्यवस्था की जा सकती है। इस हेतु मध्य क्षेत्र में निम्न स्थल प्रस्तावित है :

1– बक्षीखाना शापिंग काम्प्लेस–गुजराती बाजार।
2– निर्माणाधीन दीन दयाल काम्प्लेक्स–सुभाष मार्केट के पास।
3– नमक मण्डी मार्ग।
4– चमेली चौक बड़ा बाजार।
5– गौर मूर्ति–जामा मस्जिद मार्ग के दोनों ओर।
6– मनोहर टाकीज से वंदना होटल–गुजराती बाजार मार्ग तक।
7– भोपाल रोड–राहतगढ़ बस स्टेण्ड से मोती नगर थाना तक।

5.7.2 रेल्वे स्टेशन

सागर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 2 की ओर मालगोदाम होने से ट्रकों के आवागमन के कारण यात्रियों के आवागमन मे असुविधा होती है, अतः रेल्वे माल गोदाम को लिधोरा में स्थानांतरित होने से तीसरा प्लेटफार्म विकसित कर यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है, साथ ही उपनगर मकरोनिया में रेल्वे विभाग द्वारा स्टेशन का विकास किया गया है।

5.7.3 बस स्थानक

वर्तमान बस स्टैण्ड को रिक्त कराकर इस स्थल पर वाणिज्यिक विकास किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में नगर में खुरई मार्ग पर भाग्योदय तीर्थ के समीप बस स्टेण्ड स्थित है। नगर की भावी आवश्यकताओं को देखते हुए भोपाल मार्ग, झांसी मार्ग, छतरपुर मार्ग, राजघाट मार्ग पर एवं नगर में जिला प्रशासन द्वारा चयनित भूमि पर बस स्टेण्ड प्रस्तावित किये जा सकेंगे। बस स्टेण्ड सभी भूमि उपयोगों के अन्तर्गत मान्य होंगे।

अध्याय–6 विकास नियमन

6.1 प्रवृत्तशीलता

इन नियमनों का उद्देश्य निवेश क्षेत्र के नगरवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। यह नियमन निम्न गतिविधियों को नियंत्रित करेंगे :–

- निवेश क्षेत्र के अंदर समस्त विकास।
- भूमि के स्वरूप में परिवर्तन जिसमें भूमि का उप विभाजन, संयुक्तिकरण, संविलियन, उपांतरण एवं भूमि का उपयोग सम्मिलित है।
- समूह आवासीय परियोजनाओं का सम्मिलित संस्थागत विकास।
- किसी भी प्रकार के भवन जिसमें भवन की ऊँचाई सम्मिलित हो।
- ऐसे क्षेत्र में, जो निवेश क्षेत्र सीमा के अंदर हैं, भूमि का विकास, भवनों का निर्माण/परिवर्तन एवं तोड़ना।

6.2 क्षेत्राधिकार

1. इस अध्याय में वर्णित विकास नियमन, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 के अंतर्गत् गठित निवेश क्षेत्र पर लागू होंगे तथा जो नियमन इस अध्याय में वर्णित नहीं है, वह म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों एवं शासन द्वारा नियमों में किये जाने वाले संशोधन के अनुरूप लागू होंगे।
2. इस अध्याय में वर्णित सक्षम प्राधिकारी से तात्पर्य है, संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जो विकास योजना में विभिन्न उपयोगों के अन्तर्गत स्वीकृत गतिविधियों हेतु विकास अनुज्ञा देने हेतु सक्षम हैं।
3. विकास योजना प्रस्तावों का विस्तृतीकरण परिक्षेत्रिक योजना में किया जाता है। यह संभावना है कि विकास योजना में परिभ्रमण एवं उपयोग परिक्षेत्रों के निर्धारण संबंधी प्रस्तावों के क्रियान्वयन संबंधी यांत्रिकी आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में संशोधित करना पड़े। ऐसे संशोधनों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा। यदि किसी विवाद/विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है, तो उस दशा में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा, जो कि योजना प्रस्तावों का एकीकृत भाग माना जावेगा।
4. विकास योजना पुस्तक के मानचित्र में चिन्हित प्रस्ताव सांकेतिक एवं स्थूल स्वरूप के हैं, तथा उक्त प्रस्ताव नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17 के आधार पर चिन्हित किए गए हैं। उदाहरणार्थ आवासीय परिक्षेत्र, जो विकास योजना मानचित्र में दर्शाया गया है, उसमें आंतरिक मार्ग, खुले तथा हरित क्षेत्र, नागरिकों के लिए आवश्यक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु क्षेत्रफल, तथा नगरीय विकास हेतु

अनुपयोगी भूमि, वर्तमान वृक्ष समूहों द्वारा व्याप्त भूमि आवासीय क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में सम्मिलित हैं। इस कारण उक्त क्षेत्र विकास योजना मानचित्र में नहीं दर्शाए गए हैं।

5. वर्तमान भूमि उपयोग को अंगीकृत विकास योजना में दर्शाये अनुसार खसरा मानचित्र पर वास्तविक उपयोग अनुसार हस्तांतरित किया जावेगा।

6. आस–पास विद्यमान/निर्मित एवं धारा–30 में स्वीकृत मार्गों का समन्वय कर म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश, अधिनियम 1973 की धारा–27, 28 व 29 में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। निवेश क्षेत्र में ऐसे निर्मित मार्ग, जो मौके पर विद्यमान हैं, परन्तु जिनके प्रस्ताव विकास योजना में उप–दर्शित नहीं है अथवा उप–दर्शित है, परन्तु चौड़ाई का उल्लेख नहीं है, ऐसे मार्गों की उनकी मौके पर उपलब्ध चौड़ाई अनुसार निरंतरता समन्वय के साथ सुनिश्चित की जावेगी।

7. विकास योजना मानचित्र में निर्धारित किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदाय विकास अनुज्ञा, स्वीकृत वर्तमान भवन, वर्तमान अवस्था में तथा वर्तमान अधिभोग हेतु क्रियान्वित होने पर यथावत रहेंगे।

8. किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में उपयोगिता अधोसंरचना से संबंधित निर्माण अथवा गतिविधि, जो स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप उपयुक्त अधोसंरचना नियोजन एवं रूपांकन के अनुरूप तथा सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो, स्वीकार्य होगी।

9. संचालक द्वारा अनुमोदित अभिन्यास की समयावधि, यदि विकास योजना प्रकाशन की तिथि पर वैध है तो उस दशा में स्वीकृत अभिन्यास का व्यापक भूमि उपयोग मान्य किया जावेगा।

10. अपरिहार्य परिस्थितियों तथा सार्वजनिक हित में, राज्य शासन नगर जनसंख्या को सामूहिक लाभ देने वाली राष्ट्रीय, राज्य अथवा नगर स्तर की गतिविधि हेतु विकास अनुज्ञा पर विचार कर सकती है भले ही वह विकास योजना में उल्लेखित न हो।

11. ऐसे क्षेत्र जहां जन सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक हो, उसके लिये आदेश जारी करने हेतु राज्य शासन सक्षम होगा।

12. विकास अनुज्ञा के लिये प्रस्तुत मानचित्र में अगर कोई सुधार आवश्यक हो तो सक्षम अधिकारी द्वारा मानचित्र सुधार कर पुनः प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को वापिस किया जायेगा।

13. विभिन्न उपयोग परिसरों की पार्किंग की आवश्यकताएं, उसी उपयोग परिसर के अन्दर ही आवश्यक रूप से करना होगी। उक्त पार्किंग की व्यवस्था यदि समस्त भूखण्डों को प्रगणित करते हुये एकीकृत अथवा समूह में अभिन्यास स्तर पर की गई हो तो परिसर के अंदर पृथक से पार्किंग की बाध्यता नहीं होगी।

14. नगर में निर्मित होने वाले फ्लाय ओवर/स्काय वॉक के नीचे के स्थान को पार्किंग एवं अन्य जनहित उपयोगी गतिविधियों में उपयोग की अनुमति स्थल विशेष की

आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये दी जायेगी, परंतु ऐसी गतिविधि हेतु सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

15. विकास योजना में नदी/नालों के दोनों ओर दर्शाया गया वृक्षारोपण सांकेतिक स्वरूप का है। नदी के दोनों किनारों पर उच्चतम जल स्तर से न्यूनतम 30 मीटर तक एवं नालों की स्थिति में मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम–2012 के नियम 50(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार खुला क्षेत्र रखना अनिवार्य होगा, इस भूमि पर मार्ग तथा सार्वजनिक सेवा एवं सुविधा का निर्माण स्वीकार्य होगा।

16. झुग्गियों में रहने वाले निवासी, नगरीय केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों में सेवा कार्य से जुड़े होते हैं। राज्य शासन की कमजोर, निम्न आय वर्ग के लिए विशेषीकृत योजना एवं झुग्गी–झोपड़ी का किसी स्थान पर विस्थापन कर उसे विकसित किया जाना है, तो उस दशा में जल स्त्रोतों के क्षेत्र, आमोद–प्रमोद के क्षेत्र तथा प्रस्तावित मार्ग के क्षेत्र को छोड़कर शेष भूमि उपयोग परिक्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ी का विकास/निर्माण ग्राह्य होगा।

17. विकास योजना मानचित्र जो पुस्तक के साथ संलग्न है, वह मशीन द्वारा छोटा/बड़ा किया गया मानचित्र है। इस कारण उक्त मानचित्र के आधार पर भूमि की न तो लंबाई–चौड़ाई नापी जाये, न ही इस मानचित्र के क्षेत्रफल को नापा जाये। लंबाई–चौड़ाई एवं क्षेत्रफल नापने तथा भू–उपयोग की जानकारी की कार्यवाही हेतु सर्वे मानचित्र जो 1:4000 की माप पर तैयार किया गया है, उसके आधार पर किया जाये। विकास योजना में दर्शित वर्तमान भूमि उपयोग, स्थल की वास्तविक स्थिति के अनुसार ही खसरा मानचित्र पर अंकित किए जाये तथा इस संबंध में स्थल निरीक्षण/अभिलेख का परीक्षण कर अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा।

18. परिक्षेत्रिक योजना तैयार करने की पद्धति विकास योजना तैयार करने के ही समान है। विकास के स्वरूप के अनुसार अलग–अलग विकास नियमन–परिक्षेत्रिक नियमनों की आवश्यकता हो सकती है किन्तु परिक्षेत्रिक योजना के प्रकाशित एवं प्रभावशील होने तक इस अध्याय में वर्णित नियमनों के आधार पर विकास अनुज्ञा दी जायेगी।

19. प्रत्येक उपयोग परिसर की परिक्षेत्रिक योजना/विस्तृत अभिन्यास में दी गई स्थिति एवं सीमायें, स्थल पर विद्यमान वर्तमान मार्ग/गाड़ी मार्ग एवं अन्य भौतिक स्वरूपों को संदर्भ माना जावेगा।

20. विकास योजना में दर्शित वर्तमान उपयोग स्थल पर विकसित एवं उक्त के राजस्व अभिलेख में दर्ज अनुसार ही मान्य होंगे। उससे लगकर स्थित भूमि पर संस्पर्शी भूमि उपयोग ही अधिमान्य होंगे।

21. विकास योजना में विभिन्न भूमि उपयोगों के विकास हेतु नियमन दिये गये हैं। नियमनों में यदि किसी प्रकार की विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है अथवा

किसी व्याख्या की आवश्यकता होती है तो इस संबंध में राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

22. शासकीय विभागों द्वारा धारित भूमि एवं उससे संलग्न भूमि के भूमि उपयोग का निर्धारण एवं सत्यापन स्थल की स्थिति के अनुसार मान्य होगा तथा विकास योजना में मुद्रित मानचित्र के आकार से भिन्न होने पर, खसरों के आधार पर ही किया जायेगा।

23. नियमन में वर्णित गतिविधि के समानार्थी गतिविधि जिसका उल्लेख नियमनों में नहीं है, समानता के आधार पर मान्य किये जा सकेंगे।

24. विकास योजना मानचित्र में निर्दिष्ट भू उपयोग व पुस्तक में वर्णित किसी लेख में विरोधाभास की स्थिति पर पुस्तक में वर्णित लेख मान्य होंगे।

6.3 परिभाषायें

उपयोग परिक्षेत्र	मुख्य भू–उपयोग से संबंधित प्रस्तावित विशिष्ट नगरीय कार्यकलापों में से किसी एक कार्यकलाप का क्षेत्र।
उपयोग परिसर	उपयोग परिसर से तात्पर्य ऐसा परिसर जो कि उपयोग परिक्षेत्र के उपविभाजन का एक भाग हो एवं जिसे कि अभिन्यास तैयार करते समय एक विशिष्ट मुख्य उपयोग या गतिविधि के लिए स्पष्ट किया गया हो।
अभिन्यास	अभिन्यास से तात्पर्य उप विभाजित योजना से है, जिसमें उपयोग परिसर के सभी आकार एवं प्रकार इंगित हो।
भूमि उपयोग मानचित्र	सभी उपयोग परिक्षेत्रों को दर्शाने वाला मानचित्र भूमि उपयोग मानचित्र कहलायेगा।
परिक्षेत्रिक योजना	निवेश क्षेत्र के एक परिक्षेत्र की योजना जिसमें नियोजन के प्रावधानों का विस्तार, सामाजिक अधोसंरचना, उद्यान, खुले क्षेत्र एवं यातायात तंत्र संबंधी विस्तृत जानकारी प्रावधानित हो।
नगरीय ग्राम	भूमि उपयोग मानचित्र में दर्शाये एवं प्रस्तावित उपयोग परिक्षेत्रों के अंतर्गत् आने वाले ग्रामीण आबादी, नगरीय ग्राम कहलायेंगे।
नगरीय विरासत का क्षेत्र	नगरीय विरासत से तात्पर्य है, ऐसा परिसर जिसमें कि पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक भवन एवं उसके

	आसपास का परिसर सम्मिलित हो।
विकसित क्षेत्र	विकसित क्षेत्र से तात्पर्य विकास योजना के रंगीन मानचित्र में दर्शित वर्तमान उपयोग।
एकल/संयुक्त परिवार हेतु भूखण्डीय विकास	अपने सभी समानान्तर एवं ज्यामितीय बदलाव के साथ भूखंडीय विकास से तात्पर्य, परिवार हेतु भूखंडीय विकास (अभिन्यास) का भूखंडों में उप–विभाजन, जिसका नगरीय उपयोग प्रमुखतः एकल परिवार, संयुक्त परिवार के आवास हेतु किया जाना हो।
मिश्रित उपयोग	मिश्रित उपयोग से तात्पर्य ऐसे उपयोग परिक्षेत्र से है जो कि इस विकास योजना में उल्लेखित किया गया है। इस उपयोग परिक्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक परिक्षेत्र तथा उनमें स्वीकार्य गतिविधियां मान्य होंगी।
ऊँचे भवनों का विकास	ऊँचे भवनों का विकास, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 के उपनियम (38) सहपठित नियम 42 के अनुसार नियंत्रित होगा।
फर्शी क्षेत्र अनुपात	फर्शी क्षेत्र अनुपात से तात्पर्य है, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (30) के अनुसार।
भवन की ऊँचाई	अन्यथा उल्लेखित न हो तो भवन की ऊँचाई से तात्पर्य है, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (9) के अनुसार।
संवेदनशील क्षेत्र	परिस्थितिजन्य पर्यावरणीय, ईकोलॉजिकल एवं विरासत के आधार पर सीमांकित क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र कहलाएगा। इसके अंतर्गत् नदी, तालाबों के निकटवर्ती क्षेत्र भी सम्मिलित होंगे।

6.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र

निवेश क्षेत्र को निम्नलिखित तालिका में दर्शाये अनुसार **उपयोग परिक्षेत्रों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक उपयोग परिक्षेत्र आगे विभिन्न उपयोग परिसरों के रूप में** उपविभाजित किये गये हैं। प्रत्येक उपयोग परिसर में विशिष्ट उपयोग, गतिविधियों की शर्तों या बिना शर्तों के स्वीकार्य होगी। ऐसे क्षेत्र जिसका कि निर्धारित अभिन्यास स्वीकृत नहीं है, का नियंत्रण विकास योजना/परिक्षेत्रिक योजना के भू–उपयोग/प्रस्तावों के अधीन निर्धारित होगा। निर्धारित मुख्य भू–उपयोगों के अनुरूप ही उपयोग परिक्षेत्र रहेंगे यथा आवासीय,

वाणिज्यिक, औद्योगिक, आमोद–प्रमोद, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक, विशेष प्रयोजन, यातायात एवं परिवहन, सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवाएं, जलाशय एवं कृषि। उपयोग परिक्षेत्रों का विभाजन एवं उपयोग श्रेणियों का विवरण सारणी 6–सा–1 में दिया गया है।

भू–उपयोग परिक्षेत्र

सारणी 6–सा– 1

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति
1	2	3	4
1	आवासीय	आवासीय	(आर 1)
		भू–तल पर दुकानों की कतारों सहित आवासीय	(आर 2)
		मध्यम घनत्व	(आर 3)
		निम्न घनत्व	(आर 4)
2	वाणिज्यिक	शहर केन्द्र	(सी 1)
		उपनगर केन्द्र	(सी 2)
		सामुदायिक केन्द्र	(सी 3)
		स्थानीय व्यवसायिक केन्द्र	(सी 4)
		सुविधा व्यवसायिक केन्द्र	(सी 5)
		मण्डी	(सी 6)
		वर्गीकृत बाजार	(सी 7)
		लॉजिस्टिक हब	(सी 8)
3	मिश्रित	आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक	(एम 1)
4	औद्योगिक	सेवा उद्योग	(आई 1)
		सामान्य उद्योग	(आई 2)
		विशेष उद्योग	(आई 3)
5	मनोरंजन	उद्यान	(जी 1)
		वृक्षारोपण क्षेत्र या उपरोक्त वर्णित क्षेत्र	(जी 2)
		क्षेत्रीय उद्यान (प्राणी शास्त्र या वनस्पति शास्त्र उद्यान)	(जी 3)
		प्राकृतिक क्षेत्रों या भू–दृश्य क्षेत्रों का संरक्षण	(जी 4)
		नगर उद्यान	(जी 5)
		स्टेडियम	(जी 6)
		झील के सामने का विकास	(जी 7)
		प्रदर्शनी मैदान	(जी 8)

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति
1	2	3	4
6	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	सार्वजनिक संस्थान और प्रशासनिक क्षेत्रों/शिक्षा और अनुसंधान/स्वास्थ्य/सामाजिक/सांस्कृतिक संस्थागत गतिविधियां	(पी)
7	विशेष प्रयोजन	पर्यटन प्रबर्धन परिक्षेत्र	(एस पी 1)
		संरक्षित परिक्षेत्र	(एस पी 2)
		शुष्क पत्तन या कंटेनर डिपो	(एस पी 3)
		तेल डिपो या ज्वलनशील पदार्थ डिपो	(एस पी 4)
		भवन निर्माण सामग्री यार्ड	(एस पी 5)
		प्रदूषणकारी उद्योग	(एस पी 6)
		सेज (एस.ई.जेड)	(एस पी 7)
		खनन क्षेत्र	(एस पी 8)
		आरक्षित वन या राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभ्यारण्य	(एस पी 9)
		अन्य	(एस पी 10)
8	परिवहन	बस स्टैण्ड या टर्मिनस	(टी 1)
		बस पिकअप स्टेशन	(टी 2)
		सड़कें	(टी 3)
		रेल्वे स्टेशन	(टी 4)
		रेल्वे लाइन	(टी 5)
		बस डिपो	(टी 6)
9	सार्वजनिक उपयोगिताएं और सुविधाए	जल शोधन संयंत्र	(पीयूएफ 1)
		मल शोधन संयंत्र/आक्सीकरण ताल	(पीयूएफ 2)
		विद्युत सब स्टेशन	(पीयूएफ 3)
		ट्रेचिंग ग्राउण्ड	(पीयूएफ 4)
		ट्रंकलाइन कॉरीडोर, जल/मल/अतिरिक्त वोल्टेज विद्युत लाइनें/ गैस या तेल पाइप लाइनें और संबंधित संरचनाएं	(पीयूएफ 5)
		रेडियो/टी.वी. स्टेशन	(पीयूएफ 6)
		दूरसंचार केन्द्र	(पीयूएफ 7)
		अग्नि नियंत्रण स्टेशन	(पीयूएफ 8)
		ठोस अपशिष्ट निपटान संयंत्र/अपघटन संयंत्र	(पीयूएफ 9)

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति
1	2	3	4
		कब्रिस्तान/श्मशान घाट	(पीयूएफ 10)
10	जल निकाय	नदियां	(डब्ल्यू 1)
		झील/तालाब/जलाशय	(डब्ल्यू 2)
		नाला/नहर	(डब्ल्यू 3)
		बाढ़ प्रभावित क्षेत्र	(डब्ल्यू 4)
11	कृषि	कृषि भूमि	(ए 1)
		ग्राम आबादी विस्तार	(ए 2)

टीप :– उपरोक्त सारणी में भूमि विकास नियम, 2012 में दर्शित समस्त भू–उपयोग परिक्षेत्र एवं उप–परिक्षेत्र वर्णित है, जिनमें से सागर नगर की आवश्यकता के अनुसार लिये गये हैं।

6.4.1 आवासीय

6.4.1.1 नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन

नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के मापदण्डों के अनुसार नियंत्रित होंगे। आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन सारणी 6–सा–2 में दिए गए हैं।

1. इन नियमन का उद्देश्य परिक्षेत्रों के अभिन्यास तैयार करने में मार्गदर्शन देना है। इन नियमों में परिभ्रमण संरचना एवं सुविधाओं के प्रावधानों के मानक सम्मिलित हैं। ऐसे अभिन्यासों से जुड़े सेवा प्रावधान जैसे भौतिक संरचनायें, जल प्रदाय, जल–मल निकास आदि संबंधित नियमों के अनुरूप होंगे।
2. सामान्यतः भूखण्ड की चौड़ाई एवं गहराई का अनुपात 1:1.5 से 1:3 होना चाहिए, किन्तु स्थल की स्थिति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त अनुपात का निर्णय लिया जायेगा।
3. भवन निर्माता/वास्तुविदों को अपने भवन नियोजन हेतु आवासीय विकास के संदर्भ में भूखण्ड आकार, भूखण्ड प्रकार, फर्शी क्षेत्रानुपात, भू–तल आच्छादन, भवन की ऊँचाई तथा स्वीकार्य आवासीय इकाईयों के मानकों की आवश्यकता होती है। नीचे दी गई सारणी में आवासीय क्षेत्रों के आच्छादन तथा सीमान्त खुला क्षेत्र वर्णित है एवं सारणी में दर्शाये भूखण्ड स्वीकृत अभिन्यास का भाग होना आवश्यक है।
4. म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों विकास) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुरूप निम्न आय वर्ग एवं कमजोर आय वर्ग हेतु प्रावधान किये जाएँगे।

5. म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 99 (परिशिष्ट–ञ) में निहित प्रावधानों (समय–समय पर संशोधन) के अनुरूप विशेषतः अल्प आय वर्ग का अभिन्यास तैयार किया जाना चाहिये।

6. पहुँच मार्ग की चौड़ाई 18.00 मीटर से अधिक होने पर उससे लगी भूमि पर मार्ग चौड़ाई से दो गुनी गहराई तक मिश्रित उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। ऐसे मिश्रित उपयोग भवनों के पुनर्निर्माण में भी अनुज्ञात किए जा सकेंगे।

आवासीय भूखण्डों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा– 2

क्र.	भूखण्ड का आकार (मी. में)	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) न्यूनतम	विकास का प्रकार	भू–आच्छादन क्षेत्र प्रतिशत में	एफ.ए.आर. अधिकतम	एम.ओ.एस. (मी.) में				भूखण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई (मी.में)	अधिकतम ऊँचाई (मी. में)
						अग्र	पार्श्व	आजू	बाजू		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	4.0X8.0	32	पंक्ति	60	1.25	3.00	0.0	0.0	0.0	7.5	12.5
2	4.0X12.0	48	पंक्ति	60	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	7.5	12.5
3	5.0X15.0	75	पंक्ति	60	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	7.5	12.5
4	7.0X15.0	105	पंक्ति	50	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	7.5	12.5
5	9.0X15.0	135	अर्द्धपृथक्कृत	50	1.25	3.00	1.5	2.5	0.0	7.5	12.5
6	11.10X18.0	200	अर्द्धपृथक्कृत	50	1.25	3.00	2.5	2.5	0.0	9.0	12.5
7	12.0X18.0	216	अर्द्धपृथक्कृत	42	1.25	3.5	2.5	3.0	0.0	9.0	12.5
8	12.0X24.0	288	पृथक्कृत	40	1.25	4.5	2.5	3.5	1.5	9.0	12.5
9	15.0X27.0	405	पृथक्कृत	35	1.25	6.0	3.0	3.5	3.0	12.0	12.5
10	18.0X30.0	540	पृथक्कृत	33	1.25	6.0	3.0	4.0	3.0	12.0	12.5
11	20.0X30.0	600	पृथक्कृत	33	1.25	6.0	3.0	4.5	3.0	12.0	12.5
12	25.0X30.0	750	पृथक्कृत	30	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5
13	30.0X33.0	990	पृथक्कृत	30	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5

नोटः–

1. उपरोक्त तालिका सांकेतिक स्वरूप की हैं जिसे मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।
2. मिश्रित उपयोग के अंतर्गत् ऐसे भूखण्ड जिसमें न्यूनतम भूखण्ड क्षेत्रफल की अर्हता पूर्ण होती है, उनमें भी उपरोक्त मापदण्ड लागू होंगे। (आवासीय इकाई छोड़कर)
3. सारणी के अनुक्रमांक 9 से 14 में दर्शाये भूखण्ड आकार को केवल प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों में बहु इकाई भूखण्डीय विकास के रूप में मान्य किया जा सकता है।

4. ऐसे भूखण्ड जिनका क्षेत्र सारणी में दर्शायी श्रेणियों के मध्य के आकार के हों, को इसके पूर्व की श्रेणी के एम.ओ.एस. आच्छादन, एफ.ए.आर. के अनुसार अथवा नियोजन अनुज्ञा में वर्णित अनुसार स्वीकृति दी जानी चाहिए। ऐसे आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. (MOS) में निर्धारित करते समय यदि कतिपय भिन्नता आती है तो आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. में से किसी एक को निश्चित कर स्वीकृति दी जायेगी। किन्तु ऐसे प्रकरणों में भवन रेखा निर्धारित कर ही स्वीकृति दी जायेगी।
5. घनत्वीय गणना हेतु एक आवासीय इकाई में 5.00 व्यक्ति तथा कर्मचारी आवास में 2.4 व्यक्ति का रहवास माना जावेगा।
6. वाहन विराम क्षेत्र की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जाएगी।
7. झुग्गियों की पुनर्स्थापना की दशा में 32 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के भूखण्ड स्वीकार्य होंगे।
8. आवासीय भवन का निर्माण 2.4 मीटर ऊँचाई के स्टिल्ट पर, स्वीकार्य ग्राउण्ड कवरेज की सीमा तक किया जाता है, तो स्टिल्ट फ्लोर की ऊँचाई तथा ऐसे निर्मित क्षेत्र की गणना, भवन ऊँचाई तथा एफ.ए.आर. में नहीं की जाएगी। स्टिल्ट पार्किंग हेतु भूखण्ड के आकार/क्षेत्रफल का बंधन नहीं होगा।

6.4.1.1.1 आवासीय भूखण्डीय विकास के नियमन

1. आवासीय अभिन्यास में न्यूनतम सामुदायिक खुला क्षेत्रफल 10 प्रतिशत।
2. सेवाओं हेतु न्यूनतम आरक्षित क्षेत्र 1.00 प्रतिशत।

6.4.1.2 वर्तमान आवासीय क्षेत्र

वर्तमान आवासीय क्षेत्रों में विकास सारणी 6–सा–3 में दर्शित मापदण्डों से नियंत्रित होगाः

आवासीय विकास हेतु भू–खण्ड का आकार एवं निर्मित क्षेत्र

सारणी 6–सा– 3

भूखण्ड का क्षेत्र	आच्छादित क्षेत्र	फर्शी क्षेत्रनुपात
1.	2.	3.
90 वर्गमीटर से कम	75%	1.25
90 से 180 वर्गमीटर तक	66%	1.00
180 वर्गमीटर से	60%	1.00

टीप: मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर से अधिक होने की दशा में 90 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र वाले भूखण्डों के लिए फर्शी क्षेत्रानुपात 1.25 तक अनुज्ञेय होगा।

6.4.1.3 आवासीय विकसित कॉलोनियों हेतु मापदण्ड

जिन कॉलोनियों में किसी मार्ग पर 75 प्रतिशत भवन निर्मित हो गए हों, उस क्षेत्र को वर्तमान आवासीय क्षेत्र माना जाएगा। ऐसे मार्गों पर स्थित रिक्त भूखण्डों पर भवनों के निर्माण हेतु उस मार्ग पर स्थित अन्य भवनों के निर्माण हेतु अपनाए गए मापदण्ड लागू होंगे, जबकि कॉलोनी के अन्य मार्गों पर विकास/निर्माण के लिए नवीन आवासीय क्षेत्र के लिए निर्धारित मापदण्ड लागू होंगे।

6.4.2 वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र

वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा– 4

क्र.	भूखण्ड का आकार (मीटर में)	क्षेत्र (वर्गमीटर में)	मार्ग की चौड़ाई (मीटर में)	सम्मुख सीमान्त खुला क्षेत्र	भू–आच्छादन	F.A.R
1	2	3	4	5	6	7
1.	6.0 X 9.0	54	12 या अधिक	4.50	50	1.5
2.	9.0 X 15.0	135	12 या अधिक	4.50	50	1.5
3.	12.0 X 18.0	216	12 या अधिक	4.50	50	1.5
4.	18.0 X 24.0	432	12 या अधिक	4.50	50	1.5

टीप :–

1. मार्ग की चौड़ाई 12.00 मीटर से अधिक होने पर भवन रेखा तदानुसार परिवर्तित मानी जावेगी।

2. 500 वर्गमीटर से अधिक के भू–खण्ड पर सीमान्त खुला क्षेत्र म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के अनुरूप होंगे। भू–खण्ड और नियमित आकार का होने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा सीमान्त खुला क्षेत्र निर्धारित किया जा सकेगा।

3. 18 मीटर तथा उससे अधिक चौड़े मार्गों के लिए मार्ग की चौड़ाई के आधार पर निम्नानुसार एफ.ए.आर. देय होगा।

- 18 मीटर एवं उससे अधिक 1.75
- 24 मीटर एवं उससे अधिक 2.0

4. यह मापदण्ड सभी वाणिज्यिक परिक्षेत्रों में लागू होंगे। सारणी में दर्शाये गये क्षेत्रफल से कम होने की स्थिति में उसके पूर्व सरल क्रमांको के मानक लागू होंगे।

5. वाहन विराम क्षेत्र की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार की जावेगी।

6. भवन रेखा मार्गों की चौड़ाई निम्नानुसार निर्धारित की जा सकेगी।

मार्ग चौड़ाई	भवन रेखा (मार्ग मध्य से)
12.0 मीटर एवं उससे अधिक	10.50 मीटर
18.0 मीटर एवं उससे अधिक	13.50 मीटर
24.0 मीटर एवं उससे अधिक	16.50 मीटर

7. वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक सारणी 6–सा–5 में वर्णित हैं।

वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक

सारणी 6–सा– 5

क्र.	वर्ग	कुल क्षेत्र का प्रतिशत
1	2	3
1.	भूखण्डों का क्षेत्र	अधिकतम 50 प्रतिशत
2.	परिभ्रमण एवं वाहन विराम स्थल का क्षेत्र	अधिकतम 40 प्रतिशत
3.	खुले स्थानों को सम्मिलित कर सुविधाओं का क्षेत्र	न्यूनतम 11 प्रतिशत (10+1)
4.	मार्गों की चौड़ाई – बाजार से गुजरने वाले मुख्य सीधे मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई – दुकानों के सामने ट्रकों के खड़े एवं मुड़ने के लिये न्यूनतम चौड़ाई – दुकानों के सामने पदचारी की न्यूनतम चौड़ाई	 12 मीटर 18 मीटर 6 मीटर
5.	दुकानों के आकार	मार्ग सर्वेक्षण एवं प्रोजेक्शन के आधार पर
6.	विराम स्थल	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार

6.4.2.1 वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र

निम्नलिखित शर्तों के अधीन वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्रों एवं मध्य क्षेत्र में पुनर्निमाण एवं परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

1. मार्गों की चौड़ाई, विकास योजना में प्रस्तावित मापदण्डों के अनुरूप होगी।
2. फर्शी क्षेत्र अनुपात को ध्यान में रखते हुये फर्शी क्षेत्र निर्धारित होगा।
3. वाणिज्यिक विकास की गहराई, भवन जिस मार्ग पर हो, उस मार्ग की चौड़ाई के 1.5 गुना या 30 मीटर, जो भी अधिक हो, मान्य होगी।

वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्रों में, वाणिज्यिक परिसरों के लिये अधिकतम निर्मित क्षेत्र निम्नानुसार रहेगा।

- 25 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल वाले भू–खण्ड — 100 प्रतिशत
- 25 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भू–खण्ड — 80 प्रतिशत
- फर्शी क्षेत्र अनुपात — सारणी 6–सा–6 अनुसार

टीप :–

1. वर्तमान भवन रेखा यथावत रखी जायेगी एवं निर्मित क्षेत्र को आधार मानते हुए अनुज्ञा दी जा सकेगी।
2. किसी भूखण्ड के स्वामी द्वारा अपने भू–खण्डों में से मार्ग, फुटपाथ आदि सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ी जाती है तो ऐसी दशा में उक्त भू–खण्ड का निर्माण किये जा रहे भवन में सार्वजनिक उपयोग हेतु छोड़ी गयी भूमि का दुगना फर्शी क्षेत्र अनुपात अतिरिक्त रूप से स्वीकार्य होगा। इससे भवन के आगे सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ने को प्रोत्साहन मिलेगा तथा छोड़ी गई भूमि की क्षतिपूर्ति भी हो सकेगी।

6.4.2.2 वर्तमान मार्गों पर वाणिज्यिक गतिविधियां

वर्तमान विकसित क्षेत्र में अधिकतर वाणिज्यिक गतिविधियां मार्गों पर संचालित हैं। अतः इन मार्गों को उनके उपयोग के अनुसार निम्न दो श्रेणियों में रखा गया है :–

(1) वाणिज्यिक मार्ग (सी)

(2) वाणिज्यिक–सह–आवासीय मार्ग (सी.आर)

इन उपरोक्त श्रेणी के अंतर्गत् मार्ग चौड़ाई एवं फर्शी क्षेत्र अनुपात सारणी 6–सा–6 में दर्शाए गए हैं।

वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र में मार्गों का वर्गीकरण एवं फर्शी क्षेत्रानुपात

सारणी 6–सा– 6

क्र.	मार्ग का नाम	वर्गीकरण	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	अधिकतम फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4	5
1	**तिली चिकित्सालय मार्ग**			
	(अ) एच.डी.एफ.सी बैंक से तीन मडिया तक	सी	24.00	2.00
	(ब) तीन मड़िया से बकोली चौराहा (रामाश्रम भोजनालय) तक	सी	30.00	2.00
	(स) बकोली चौराहा से संजय ड्राइव्ह मार्ग संगम तक	सी	30.00	2.00
	(द) संजय ड्राइव से तिली चौराहा तक	सी	30.00	2.00
2.	**गोपालगंज मार्ग**			
	(अ) बकोली चौराहा से बंगाली काली तिगड्डा तक	सी	24.00	2.00
	(ब) बंगाली काली तिगड्डा से लाल स्कूल तक	सी–आर	24.00	2.00
	(स) लाल स्कूल से डी0आई0जी0 बंगला तिगड्डा तक (ज्योति–भवन तिराहा)	सी	24.00	2.00
	(द) डी0आय0जी0 बंगला तिगड्डा से तिली चौराहा तक	सी–आर	30.00	2.00
3	सिविल लाईन चौराहा से व्ही0सी0 बंगला तक	सी	30.00	2.00
4	टंकी मार्ग– राधा टाकीज तिगड्डा से छावनी क्षेत्र सीमा तक	सी	24.00	2.00
5	राधा टाकीज तिगड्डा से अप्सरा टाकीज रेल्वे क्रासिंग तक	सी	18.00	1.75
6	अप्सरा टाकीज रेल्वे क्रासिंग से भगवानगंज तिगड्डा (अम्बेडकर मूर्ति) तक	सी	24.00	2.00

क्र.	मार्ग का नाम	वर्गीकरण	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	अधिकतम फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4	5
7	अप्सरा टाकीज से रेल्वे स्टशन मार्ग (छावनी क्षेत्र सीमा) तक	सी	15.00	1.75
8	कबुला पुल से भगवानगंज तिगड्डा तक	सी	18.00	1.75
9	भगवानगंज तिगड्डा (अम्बेडकर मूर्ति) से राहतगढ़ रेल्वे क्रासिंग तक	सी	18.00	1.75
10	राहतगढ़ रेल्वे क्रासिंग से ग्राम पगारा मार्ग तक	सी–आर	18.00	1.75
(ब)	**मध्यवर्ती क्षेत्र मार्ग**			
11	कटरा बाजार मार्ग (गौर मूर्ति से जामा मस्जिद तक)	सी	36.00	2.00
12	गुजराती बाजार मार्ग			
	(अ) जामा मस्जिद से मनोहर टाकीज तक	सी	20.00	1.75
	(ब) मनोहर टाकीज से राधा टाकीज तिगड्डा तक	सी	24.00	2.00
13	विजय टाकीज मार्ग			
	(अ) जामा मस्जिद से माणिक चौक तक	सी	30.00	2.00
	(ब) माणिक चौक से माता मड़िया तिगड्डा तक	सी	12.00	1.50
	(स) माता मड़िया तिगडडा से राहतगढ़ रेल्वे क्रासिंग तक	सी	18.00	1.75
14	नमक मण्डी मार्ग (जामा मस्जिद से रजा तिगड्डा तक)	सी	30.00	2.00
15	लिंक मार्ग (मनोहर टाकीज से विजय टाकीज तक)	सी	12.00	1.50
16	शास्त्री मार्केट से पुरानी गल्ला मण्डी	सी	12.00	1.50
17	तिलकगंज मार्ग (पुरानी गल्ला मण्डी (लछ्छू चौराहा) से छावनी क्षेत्र तक)	सी	15.00	1.50
18	गल्ला मण्डी (लछ्छू चौराहा) से रजा तिगड्डा तक	सी	12.00	1.50

क्र.	मार्ग का नाम	वर्गीकरण	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	अधिकतम फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4	5
19	रजा तिगड्डा से परकोटा तिगड्डा तक	सी	12.00	1.50
20	परकोटा तिगड्डा से एच.डी.एफ.सी बैंक तक	सी	12.00	1.50
21	परकोटा तिगड्डा से गौर मूर्ति तक	सी	12.00	1.50
22	गौर मूर्ति से कोतवाली तक	सी	12.00	1.50
23	कोतवाली से चमेली चौक तक	सी	12.00	1.50
24	सरस्वती मंदिर से गोला कुआं तक	सी	12.00	1.50

1. उपरोक्त मार्ग खण्डों के वर्तमान उपयोग के आधार पर कॉलम 3 अनुसार मार्गों का वर्गीकरण किया गया है। अतः निर्धारित मापदण्ड अथवा वाणिज्यिक सह–आवासीय उपयोग अन्तर्गत वर्तमान मार्ग खण्ड के लिये ही लागू होंगे।
2. वाहन विराम क्षेत्र की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार की जावेगी।
3. वाणिज्यिक एवं वाणिज्यिक–सह–आवासीय मार्गों पर वाणिज्यिक उपयोग, प्रस्तावित मार्ग की चौड़ाई से दो गुना या 30 मीटर गहराई तक, जो भी अधिक हो स्वीकार्य होगा।

निर्मित क्षेत्र :– वाणिज्यिक उपयोग हेतु भू–तल पर अधिकतम निर्मित क्षेत्र की गणना निम्नानुसार की जायेगी।

क्र.	भूखण्ड का क्षेत्रफल	भू–तल पर निर्मित क्षेत्र अधिकतम
1	2	3
1.	अधिकतम 200 वर्ग मीटर तक	66 प्रतिशत
2.	200 वर्ग मीटर से अधिक 400 वर्गमीटर तक	60 प्रतिशत
3.	400 वर्गमीटर से अधिक	50 प्रतिशत

6.4.3 औद्योगिक उपयोग परिक्षेत्र

औद्योगिक विकास के मानक म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार होंगे।

6.4.4 मिश्रित उपयोग परिक्षेत्र

6.4.4.1 मिश्रित उपयोग

आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक क्षेत्र में क्रमशः गैर आवासीय/गैर वाणिज्यिक/गैर सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक गतिविधियां।

6.4.4.2 मिश्रित उपयोग नियमन

मिश्रित उपयोग पारंपरिक नगर नियोजन तथा भारतीय सामाजिक–आर्थिक–सांस्कृतिक परिवेश पर आधारित है। बाजार के आर्थिक आवश्यक बल के कारण सार्वजनिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास आवासीय परिसरों में हुआ है। इसी प्रकार वाणिज्यिक उपयोग हेतु निर्धारित क्षेत्र में आवासीय तथा सार्वजनिक/अर्द्ध सार्वजनिक गतिविधियों का विकास हुआ है। आवासीय परिसरों में वाणिज्यिक गतिविधियों की मांग बढ़ने के कारण वास्तविकता को नियोजन की दृष्टि से अनदेखा नहीं किया जा सकता। अतः अब ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है जिसके फलस्वरूप नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता, सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मध्य संतुलन बना रहे।

6.4.4.3 मिश्रित उपयोग के मार्गदर्शी सिद्धांत

1. पहुँच मार्ग की चौड़ाई 18.00 मीटर से अधिक होने पर उससे लगी भूमि पर मार्ग चौड़ाई से दो गुनी गहराई तक मिश्रित उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। ऐसे मिश्रित उपयोग भवनों के पुनर्निर्माण में भी अनुज्ञात किए जा सकेंगे।
2. मिश्रित उपयोग के अंतर्गत् आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक परिक्षेत्र की स्वीकृत गतिविधियां सम्मिलित व स्वीकार्य होंगी।
3. ऐसे कार्य कलापों की सामाजिक, आर्थिक आवश्यकता तथा आवासीय क्षेत्र में उक्त कार्यकलापों से पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित विपरीत प्रभाव के बीच संतुलन बनाये रखना आवश्यक है।
4. मिश्रित उपयोग से, अलग–अलग मोहल्लों में निकटतम क्षेत्र में व्यवसायिक सुविधायें प्राप्त हो सकेंगी जिससे आवागमन में कमी आयेगी किन्तु इससे रिहायशी इलाकों में भीड़–भाड़ बढ़ने, पार्किंग की असुविधा एवं अन्य पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी पड़ना संभावित है। प्रस्तावित नियमन से इन प्रभावों का प्रबंधन एवं नियंत्रण संभव होगा।

6.4.4.4 मिश्रित उपयोग की सामान्य शर्तें

1. मिश्रित उपयोग हेतु विकास नियंत्रण के उपयोग परिक्षेत्र में लागू मापदण्ड (एफ.ए.आर. ग्राउण्ड कवरेज इत्यादि), मिश्रित उपयोग के लिये भी लागू रहेंगे।
2. मिश्रित उपयोग में यह नियमन पूर्व से विकसित क्षेत्र एवं नवीन प्रस्तावित क्षेत्रों में लागू होंगें, तथा पार्किंग हेतु परिसर उपयोग परिसर के अनुसार मान्य होंगे। विकसित क्षेत्र में पुनर्विकास की दशा में भी मिश्रित उपयोग स्वीकार्य किए जा सकेंगे।
3. 18.00 मीटर एवं अधिक चौड़े मार्ग पर ही गैर–आवासीय गतिविधियां जैसे वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक गतिविधियां मान्य की जा सकेंगी।

6.4.5 सार्वजनिक तथा अर्द्ध सार्वजनिक

सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक हेतु विकास नियमन निम्नानुसार है:–

1. शैक्षणिक स्वास्थ्य, संचार तथा सांस्कृतिक सुविधाओं के लिए अपेक्षित न्यूनतम भूमि का आकार प्रशासकीय विभाग या किसी नियामक प्राधिकारी या भूखण्ड का न्यूनतम आकार विहित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित किए गए अनुसार होगा।
2. आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग तथा निम्न आय समूह गृह निर्माण के लिए अत्यावश्यक सुख सुविधाओं की आवश्यकतायें म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 19 के परिशिष्ट–ञ में दिए गए अनुसार होगी।
3. विकास योजना तैयार करते समय विभिन्न परिक्षेत्रों में स्वीकार्य फर्शी क्षेत्र अनुपात को उस क्षेत्र में प्रस्तावित घनत्व को दृष्टिगत रखते हुये निर्धारण किया गया है। अतः घनत्व का निर्धारण अनुज्ञा देते समय अभिन्यास स्तर पर न किया जावे ।
4. उस भूमि के लिए जिसमें कि कोई आवेदक हितबद्ध हो सकता हो विकास रेखांक अथवा परिक्षेत्रीय रेखांक के प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए प्राधिकारी को म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 49 की परिशिष्ट–छः में दिए अनुसार विहित प्रारूप में कोई आवेदन किया जा सकता है।

सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड सारणी 6–सा–7 में दर्शाए गए हैं।

सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन

सारणी 6–सा– 7

क्र.	श्रेणी	अधिकतम निर्मित क्षेत्र	एफ.ए.आर.	न्यूनतम मार्ग चौड़ाई (मी. में)	अग्र सीमान्त खुला क्षेत्र (मी. में)	अन्य तीन ओर (मी. में)
1	2	3	4	5	6	7
1	**शैक्षणिक भवन**	40 प्रतिशत	1.00	12.0		
	1. नर्सरी/पूर्व प्राथमिक शाला					
	2. प्राथमिक विद्यालय	33 प्रतिशत	1.00	12.0		
	3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	30 प्रतिशत	1.00	18.0		
	4. महाविद्यालय	25 प्रतिशत	1.00	24.0		
2	**स्वास्थ्य**					
	हॉस्पिटल – 100 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.00	24.00		
	हॉस्पिटल – 30 से 100 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.00	24.00		
	हॉस्पिटल – 0 से 30 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.00	18.00		
	नेचरोपेथी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.00	18.00		
	हेल्थ सेन्टर	30 प्रतिशत	1.00	18.00	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के अनुसार मान्य होंगे।	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के अनुसार मान्य होंगे।
	नर्सिंग होम	30 प्रतिशत	1.00	18.00		
	पॉलीक्लीनिक	30 प्रतिशत	1.00	18.00		
	पेट क्लीनिक	30 प्रतिशत	1.00	12.00		
	ब्लड बैंक/पैथालाजी सेन्टर इत्यादि	30 प्रतिशत	1.00	12.00		
	फिजियोथेरेपी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.00	12.00		
3	**सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवा**					
	पुलिस चौकी	35 प्रतिशत	1.00	–		
	पुलिस स्टेशन आवास गृह सहित	25 प्रतिशत	1.00	12.0		
	सामुदायिक भवन	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	उप अग्निशमन केन्द्र	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	अग्निशमन केन्द्र	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	डाक एवं तार	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	विद्युत सब स्टेशन	–	–	–		
4	**धार्मिक भवन**	30 प्रतिशत	1.00	12.0		
5	**शासकीय/अर्द्ध–शासकीय कार्यालय**	35 प्रतिशत	1.00	12.0		

नोट – 1. उपरोक्त गतिविधियों का क्षेत्रफल संबंधित संस्थान एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रशासकीय विभाग/स्थानीय कार्यालय द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल के अनुरूप मान्य होंगे, एवं सीमान्त खुले क्षेत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किए जा सकेंगे।

2. उपरोक्त सारणी में जो सुविधाएं सम्मिलित नहीं हैं, उनके भू–आच्छादित क्षेत्र 30 प्रतिशत तथा फर्शी क्षेत्र अनुपात 1.0 से अधिक नहीं होंगे। ऐसी सुविधाएं जिनका पुनर्विकास किया गया है उनके लिए आच्छादित क्षेत्र कॉलम 3 के अनुसार रहेगा।

6.5 अन्य नियमन

6.5.1 12.5 मीटर से ऊँचे भवनों संबंधी नियमन

म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 के प्रावधानों अनुसार मान्य होंगे।

6.5.2 बहुविध बहुमंजिला इकाई निर्माण

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के मापदण्ड अनुसार नियंत्रित होंगे।

6.5.3 फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधा

फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधायें हेतु मानक मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17 अनुसार मान्य होंगे।

6.5.4 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

नवीन वाणिज्यिक केन्द्रों के नियोजन के समय फुटपाथ दुकानें, हाथ ठेला एवं इसी तरह की अन्य गतिविधियों के लिए सारणी 6–सा–8 में दिए गए मानकों के अनुसार अनौपचारिक वर्ग हेतु प्रावधान निर्धारित किए गए हैं।

अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

सारणी 6–सा– 8

क्रमांक	विवरण	मानक
1	2	3
1.	फुटपाथ व्यापार – वृत्त खण्ड केन्द्र – उपवृत्त खण्ड केन्द्र – सुलभ शॉपिंग	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
2.	शासकीय एवं वाणिज्यिक कार्यालय	1 से 2 इकाई प्रति 100 कर्मकार
3.	थोक व्यापार एवं मालभाड़ा कॉम्पलेक्स	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
4.	चिकित्सालय	3 से 4 इकाई प्रति 100 बिस्तर

क्रमांक	विवरण	मानक
1	2	3
5.	विद्यालय – प्राथमिक – माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक	 3 से 4 इकाई 5 से 6 इकाई
6.	उद्यान – नगर उद्यान – स्थानीय उद्यान	 8 से 10 इकाई प्रत्येक प्रमुख प्रवेश द्वार 2 से 3 इकाई
7.	आवासीय	1 इकाई प्रति 500 जनसंख्या
8.	बस स्थानक/रेल्वे स्टेशन	परियोजना तैयार करते समय किये गये सर्वेक्षण पर निर्भर होगा।

टीपः– प्रत्येक इकाई 2.5 से 5 वर्गमीटर के आकार की नियत होगी।

6.5.5 ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र के मानक

ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र हेतु मानक म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53 (3)(चार) के अनुरूप होंगे। ई–वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन के मानक शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार लागू होंगे।

टीपः– ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र 18.00 मीटर चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्वीकार्य होंगे।

6.5.6 लॉजिस्टिक हब

इस उपयोग के अंतर्गत् निम्नलिखित गतिविधियाँ स्वीकार्य होंगी– यातायात नगर, मेकेनिक नगर, ट्रक टर्मिनल, मोटर गैरेज, वर्कशॉप, स्पेयर पाटर्स एवं सुधार की दुकानें, रात्रि विश्राम गृह, बोर्डिंग/लाजिंग, बैंक, पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट, बुकिंग ऑफिस, वेयर हाउस एवं अनुषांगिक गतिविधियां।

यातायात नगर एवं मैकेनिक नगर परिक्षेत्र हेतु नियमन निम्नानुसार हैं।

1. मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 18.00 मीटर से कम नहीं होगी।
2. सामुदायिक खुले क्षेत्र का उपयोग पार्किंग के लिए किया जा सकेगा।
3. यातायात नगर के विकास हेतु न्यूनतम क्षेत्रफल वर्णित नहीं किया गया है। स्थल के आकार के अनुसार एक से अधिक गतिविधियाँ स्वीकार्य होंगी।

6.5.7 शॉपिंग मॉल/खुला मॉल

शापिंग मॉल हेतु मापदण्ड मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 96 के अनुरूप होंगे। उक्त गतिविधि विकास योजना में दर्शित वाणिज्यिक, मिश्रित एवं आवासीय भू–उपयोग में मान्य होगी। खुला माल, कृषि भूमि उपयोग के अंतर्गत् मान्य होंगे।

6.5.8 वर्तमान विकसित क्षेत्र हेतु नियमन

1. वर्तमान विकसित क्षेत्रों में भवन की ऊँचाई, भू–आच्छादन, फर्शी क्षेत्र अनुपात एवं पार्किंग संबंधी मापदण्ड, नगरीय निकाय द्वारा जोनल प्लान तैयार कर निर्धारित मापदण्डों एवं भवन रेखा के निर्धारण अनुसार लागू होंगे। जब तक जोनल प्लान लागू नहीं होगा तब तक विकास योजना के प्रावधान लागू होंगे।
2. विकसित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण की अनुमति सीधे स्थानीय निकाय द्वारा दी जावेगी।
3. भवन की ऊँचाई, अहाते की दीवार की ऊँचाई एवं वाहन विराम संबंधी मापदण्ड नये क्षेत्रों के मापदण्डों के अनुरूप ही रहेंगे।

6.5.9 होस्टल, वर्किंग वूमन होस्टल, रेस्ट/गेस्ट हाउस, लॉजिंग/बोर्डिंग

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल	500 वर्गमीटर
अधिकतम एफ.ए.आर.	1 : 1.0
अधिकतम भूतल आच्छादन (कवरेज)	33 प्रतिशत
अधिकतम ऊँचाई	12.50 मीटर
सीमांत खुला क्षेत्र –	
(अ) सम्मुख	6.00 मीटर
(ब) अन्य तीन ओर	4.50 मीटर
अन्य नियंत्रण –	
भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई	12.00 मीटर

पार्किंग म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 प्रावधान अनुसार।

6.5.10 मैरिज गार्डन

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार

6.5.11 बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल

बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल आवासीय एवं वाणिज्यिक भूमि उपयोग में स्वीकार्य होंगे। विकास के नियमन निम्नानुसार होंगे :–

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल	500 वर्गमीटर
अधिकतम एफ.ए.आर.	1 : 0.5

अधिकतम भूतल आच्छादन (कवरेज)	15 प्रतिशत
सीमांत खुला क्षेत्र –	
सम्मुख	6.0 मीटर
अन्य तीन ओर	4.50 मीटर

अन्य नियंत्रण :–

- भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर।
- भूखण्ड के सम्मुख खुले क्षेत्र का 40 प्रतिशत भाग सार्वजनिक पार्किंग हेतु आरक्षित रहेगा।
- इस गतिविधि से जनित होने वाली पार्किंग की पूर्ण व्यवस्था परिसर के अंदर ही सुनिश्चित की जायेगी।

टीप– शासकीय भूमि अथवा मार्ग पर एवं परिसर के बाहर पार्किंग गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी।

6.5.12 शीतकेन्द्र/वेयर हाउस/गोदाम/अन्य भण्डारण

- अधिकतम तल क्षेत्र का अनुपात– 1:0.40
- अधिकतम निर्मित क्षेत्र– 40 प्रतिशत
- भू–खण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई– 12.0 मीटर
- **सीमांत खुला क्षेत्र –**

(अ) सम्मुख	6.00 मीटर
(ब) अन्य तीन ओर	4.50 मीटर

6.5.13 छविगृहों के लिए मापदण्ड

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53(3) के प्रावधान लागू होंगे।

6.5.14 मल्टीप्लेक्स

मल्टीप्लेक्स हेतु म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 95 के प्रावधान लागू होंगे। जो आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं मिश्रित भूमि उपयोग में मान्य होंगे एवं फर्शी क्षेत्रानुपात उस भू–उपयोग के अनुरूप होगा, जिसमें उक्त गतिविधि मान्य की गई हो।

6.5.15 उद्यान

1. समस्त प्रकार के आमोद–प्रमोद क्षेत्र अंतर्गत् प्रस्तावित उद्यान में 05 प्रतिशत आनुषांगिक दुकानें स्वीकार्य होगी।
2. स्टेडियम के निर्माण हेतु मापदण्ड खेल विभाग के अनुसार होंगे, एवं बैठक कॉरिडोर के नीचे दुकानें स्वीकार्य की जा सकेंगी।

6.5.16 मध्य क्षेत्र एवं उपनगरीय मध्य क्षेत्र हेतु अन्य नियमन

मध्य क्षेत्र एवं उपनगरीय मध्य क्षेत्र हेतु वर्तमान परिक्षेत्र के नियमन के अतिरिक्त पार्किंग हेतु नगर पालिक निगम को उचित शुल्क के भुगतान पर नगरपालिका द्वारा 500 मीटर की परिधि में सामूहिक पार्किंग का प्रावधान किए जाने पर पार्किंग में छूट दी जा सकेगी।

नगर पालिक निगम/स्मार्ट सिटी द्वारा 200 वर्गमीटर के भूखण्ड पर दो पहिया वाहन/कार पार्किंग हेतु मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा सकेगा।

6.5.17 स्मार्ट सिटी ए.बी.डी. एरिया

ए.बी.डी. क्षेत्र हेतु मापदण्ड कंडिका 6.10 में अंकित अनुसार मान्य होंगे।

6.6 संवेदनशील क्षेत्रों हेतु नियमन

संवेदनशील क्षेत्र में विकास की गतिविधियां निम्नानुसार प्रावधानित हैं :–

1. लाखा बंजारा झील के किनारे न्यूनतम 50 मीटर का क्षेत्र खुला रखा जाएगा।
2. अमावनी नाले के किनारे न्यूनतम 30 मीटर क्षेत्र खुला रखा जाएगा।
3. अन्य नदी–नाले, शाखा, नहर एवं अन्य जल स्त्रोतों के किनारे छोड़ा जाने वाला न्यूनतम क्षेत्र मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियमों के अनुसार होगा।
4. नहर की स्थिति सिंचाई विभाग द्वारा अधिग्रहण की गई भूमियों में कम से कम 3.0–3.0 मीटर दोनों ओर का क्षेत्र खुला रखा जाएगा।
5. प्रदूषित जल/मल किसी भी स्थिति में नदी में प्रवाहित नहीं किया जावेगा।
6. उक्त क्षेत्रों में अपने भवनों के व्यक्तिगत सेप्टिक टेंक को ग्रिड मल लाईन, जब उसका निर्माण हो जाए से जोड़ना होगा।
7. निवेश क्षेत्र में आने वाले निर्मित भवनों के आच्छादित क्षेत्र में या एफ.ए.आर. में पूर्व की स्वीकृति के अतिरिक्त वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी।
8. नदियों की सुरक्षा एवं जल गुणवत्ता के सुधार एवं संरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्य स्वीकार्य होंगे।
9. ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्रों का प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम के अनुसार संरक्षित किया जाएगा। ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्रों में सांस्कृतिक महत्व के भवन, प्राचीन वास्तुकला भवन यदि निजी अधिपत्य में हो, तो भी एवं समय–समय पर उत्खनित/खोजे गए विरासतीय भवन सम्मिलित है।
10. संवदेनशील क्षेत्रों में रख–रखाव के विस्तार संबंधी कार्य स्वीकार्य होंगे।

6.7 उपयोग परिसर में स्वीकृत/स्वीकार्य गतिविधियां

उपयोग परिसर में स्वीकृत/स्वीकार्य गतिविधियां

सारणी 6–सा–9

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
1	**आवासीय**	आवासीय भूखण्डीय विकास, अपार्टमेंट हाउसिंग/फ्लेटस, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला मैरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी हॉल, मेरिज गार्डन, बाल सुधार गृह/कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट बाजार, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूति गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, खेल का मैदान/ नेवरहुड पार्क, झूलाघर/डे–केयर सेंटर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान अध्यात्मिक केन्द्र, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, ई वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, अग्निशमन केन्द्र, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, शैक्षणिक महाविद्यालय/संस्थान, समस्त विद्यालय, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य/नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/अर्द्धशासकीय/शासकीय कार्यालय, निजी व्यवसाय, सुविधायें, कन्वेंशन सेंटर, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र गृह, मनोरंजन क्लब, खेल मैदान/स्टेडियम, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, छविगृह, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टोरेंट, तरणताल, कम्प्यूटर सेंटर, शॉपिंग मॉल, खुला मॉल, मल्टिप्लेक्स, मिश्रित उपयोग।

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
2	**वाणिज्यिक**	
	(अ) सामान्य वाणिज्यिक	आवासीय में स्वीकार्य समस्त गतिविधियां (आवासीय भूखण्डीय विकास को छोड़कर), प्रिंटिंग प्रेस, कॉर्पोरेट कार्यालय, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, माल, मल्टीप्लेक्स, फिटनेस क्लब, मिश्रित उपयोग।
	(ब)लॉजिस्टिक हब	यातायात नगर, थोक व्यापार केन्द्र, होटल, प्रिंटिंग प्रेस, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, अग्निशमन केन्द्र, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, रात्रि विश्राम गृह, लॉजिंग एवं बोर्डिंग, सुविधाएं, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट बाजार, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, माल गोदाम, शीतगृह, रिपेयर वर्कशॉप, अनुषांगिक दुकानें, रेस्टोरेन्ट, स्वल्पहार गृह, मोटल, कोल्ड स्टोरेज, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, ई वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन, फिल्टर प्लांट।
3.	**औद्योगिक**	औद्योगिक भूखण्डीय विकास, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, खेल मैदान, बालगृह, डे–केयर केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनीकल प्रयोगशाला, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, ई वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन, शीत संग्रहागार एवं दुग्ध द्रुतशीतजन संयंत्र, जंकयार्ड, पेट्रोलियम उत्पाद डिपो, गैस गोडाउन, प्रिंटिंग प्रेस, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, डेरी प्लांट, स्लाटर हाउस, फेलैटेड फैक्टरी, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील, ज्वलनशील, डीजल स्टोरेज), एक्सटेंसिव–विशिष्ट एक्सट्रेक्टिव उद्योग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/ अर्द्धशासकीय/ शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, दूर संचार, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र,

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		जल/वेस्ट वाटर शोधन संयंत्र, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर , बैंक/ए.टी.एम. रेस्टोरेंट, बस स्टैण्ड, यातायात नगर, पोहा फैक्टरी, दाल मिल, राईस मिल, फ्लोर मिल, ऑयल मिल, प्लास्टिक फैक्ट्री, फिल्टर प्लांट, सुविधाएं।
4.	**सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक**	अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, बालगृह, कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल, लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूति गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु औषधालय, खेल का मैदान, नेवरहूड पार्क, झूला घर/डे केयर केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग –ध्यान–अध्यात्मिक केन्द्र, ईधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, ई वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन, निजी व्यवसाय एवं कार्पोरेट कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील), सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय, विश्व विद्यालय, शैक्षणिक महाविद्यालय, चिकित्सा/इंजीनियरिंग महाविद्यालय, अन्य व्यवसायिक महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक विकलांगता, ब–शारीरिक विकलांगता), समन्वित आवासीय विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान/प्रबंधन संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/ अर्द्धशासकीय/शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, गृह, मनोरंजन क्लब, आंतरिक एवं बाह्य स्टेडियम, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम. रेस्टोरेंट, तरणताल, होटल मैनेजमेंट संस्थान, कन्वेंशन सेंटर, सामाजिक कल्याण केन्द्र, मिश्रित उपयोग, सूचना प्रौद्योगिकी' एवं गैर–प्रदूषणकारी उद्योग"
5.	**सार्वजनिक उपयोगिताएं**	अग्निशमन स्टेशन, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर/ स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टाप, मल/अपशिष्ट

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
	एवं सुविधाएं	उपचार संयंत्र, कब्रिस्तान, शमशान घाट, विद्युत शव–दाह, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, रख रखाव कार्यालय, यातायात सुविधाएं, संचार सुविधाएं, अत्यावश्यक सेवाओं संबंधी कार्य।
6.	**यातायात एवं परिवहन**	रेल्वे स्टेशन एवं रेल्वे लाईन/रेल्वे साइडिंग/यार्ड/आपरेशनल एरिया, बस स्टेण्ड, बस डिपो, ट्रानस्पोर्ट नगर, हवाई पट्टी, माल गोदाम, सर्विस स्टेशन, रिपेयर वर्कशॉप।
7.	**आमोद–प्रमोद** क्षेत्रीय उद्यान/ नगर उद्यान/ मनोरंजन	खेल का मैदान, पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, मनोरंजन साईट, क्लब रिसोर्ट, घुड़सवारी, जिम्नेजियम मय वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम, स्टेडियम, स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग क्लब, क्लब, फिटनेस क्लब, मेला मैदान, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, वाटर पार्क मय राइडर, कियोस्क, पर्यटक/कुटीर, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, संग्रहालय, अन्य विशिष्ट उद्यान, सर्कस, सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, पम्प हाउस, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, ई वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन, ।
8.	**कृषि**	**ऐसे समस्त स्वीकृत उपयोग जो "कृषि" शब्द की परिभाषा में म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 में वर्णित है। श्मशान घाट/कब्रिस्तान, ईंट भट्टे, फ्लाय ऐश ब्रिक्स, दुग्ध डेयरी, तेल डिपो, फार्म हाउस, वेयर हाऊस, गोडाउन, विस्फोटक सामग्री संग्रहण, शासकीय/ अर्द्ध–शासकीय/ पंजीकृत संस्थाओं का कार्यालय एवं उनके द्वारा प्रायोजित विशिष्ट स्वास्थ्य/शैक्षणिक/संचार गतिविधियाँ, ग्राम विकास संबंधी गतिविधियाँ (क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूति गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला, मैरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी हाल, मैरिज गार्डन, बालगृह, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान व आध्यात्मिक केन्द्र, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, ई चार्जिंग/बैटरी चार्जिंग स्टेशन, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक**

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक विकलांगता ब–शारीरिक विकलांगता), पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, नर्सरी, लाइब्रेरी, सेवाओं/सुविधाओं संबंधी अत्यावश्यक स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टोरेंट, ग्राम आबादी विस्तार, भवन सामग्री यार्ड, टिम्बर यार्ड, शीत संग्रहागार, दुग्ध द्रुतशीतजन संयंत्र, जंकयार्ड, पेट्रोलियम उत्पाद डिपो, गैस गोडाउन, डेरी प्लांट, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील, ज्वलनशील, डीजल स्टोरेज), एक्सटेंसिव–विशिष्ट एक्सट्रेक्टिव उद्योग, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, पुलिस पोस्ट, बस स्टाप, मल/अपशिष्ट उपचार संयंत्र, कब्रिस्तान, शमशान घाट, विद्युत शव–दाह, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयत्र, समस्त खेल गतिविधियां, बस स्टैण्ड, यातायात नगर सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर–प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधाए *** समस्त प्रंकार के भण्डारण, सौर ऊर्जा, खुला मॉल।

नोट :–

(1) *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें।

(2) **गैर–प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग।

(3) ***कृषि पर्यटन सुविधा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17 (क) के अनुसार मान्य होगा।

6.8 अन्य सुविधाएँ

सागर निवेश क्षेत्र में भूमि के विकास तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49(1) अनुसार मान्य होंगी।

6.9 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार।

6.10 ए.बी.डी. क्षेत्र हेतु नियमन

6.10.1 परिभाषाएं

विकास अधिकारों का हस्तांतरण विकास अधिकारों का हस्तांतरण से अभिप्रेत है, भूमि के स्वामी द्वारा अभ्यर्पित अथवा त्यजित क्षेत्र की युक्तिपूर्ति के बदले में अतिरिक्त निर्मित क्षेत्र की निश्चित मात्रा उपलब्ध कराना, ताकि वाह अधिक निर्मित क्षेत्र का या तो उपयोग स्वयं कर सके अथवा उसे अतिरिक्त निर्मित क्षेत्र की आवश्यकता वाले किसी अन्य व्यक्ति को अन्तरित कर सके।

प्राप्ति क्षेत्र प्राप्ति क्षेत्र से अभिप्रेत है, संचालक द्वारा अधिसूचित ऐसा क्षेत्र जहॉ कोई व्यक्ति आधार फर्श क्षेत्र अनुपात की अपेक्षा अधिक फर्श क्षेत्र निर्माण हेतु अर्जित अधिकार का उपयोग करने हेतु अनुज्ञात है। प्राप्ति क्षेत्र को निवेश क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी विकास अधिकारों का हस्तांतरण नियम 2018 के प्रारूप –2 में अधिसूचित किया जा सकता है। उत्पादन क्षेत्र तथा प्रभाव क्षेत्र को प्राप्ति क्षेत्र के रूप में भी अधिसूचित किया जा सकता है।

प्रभाव क्षेत्र प्रभाव क्षेत्र से अभिप्रेत है, परियोजना क्षेत्र से लगा हुआ क्षेत्र जहॉ परियोजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अधिक घनत्व तथा मिश्रित भूमि उपयोग की मांग होगी।

उत्पादन क्षेत्र उत्पादन क्षेत्र से अभिप्रेत है, किसी लोक परियोजना के लिए प्रस्तावित क्षेत्र जिसमें सम्मिलित हैं सरकार और उसके उपक्रम द्वारा संबंधित योजना क्षेत्र में लोक प्रसुविधाएँ तथा सुविधाएँ, आमोद–प्रमोद, परिवहन, गंदी बस्ती, पुनर्वासन, लोक गृह निर्माण तथा कोई अन्य विशेष उपयोग, जो ऐसे प्रारूप में, जैसा कि विहित किया जाए, अधिसूचित किया जाएगा, जैसा कि इसे विकास अधिकारों का हस्तांतरण नियम 2018 के प्रारूप–1 में अधिसूचित किया गया है।

आधार फर्श क्षेत्र अनुपात आधार फर्श क्षेत्र अनुपात से अभिप्रेत है, ऐसे फर्श अनुपात जो विकास योजना में विनिर्दिष्ट किए गए

अनुसार समस्त भूखण्ड स्वामियों को बिना किसी लागत या प्रभार के उपलब्ध है तथा जिसके अतिरिक्त अनुज्ञेय सीमा के भीतर फर्श क्षेत्रफल स्थान के अतिरिक्त क्रय किया जा सकता है। यह फर्श क्षेत्र अनुपात मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 के उपनियम (30) में परिभाषित अनुसार होगा।

प्रभार्य फर्श क्षेत्र अनुपात — वह फर्श क्षेत्र जिसे भुगतान से प्राप्त किया जा सके।

अधिकतम अनुज्ञेय फर्श क्षेत्रानुपात — कुल फर्श क्षेत्र जो आधार फर्श क्षेत्र एवं प्रभार्य फर्श क्षेत्र का योग हो।

6.10.2 आवासीय, मिश्रित एवं वाणिज्यिक परिक्षेत्रों के लिए विकास नियमन

6.10.2.1 अनुज्ञेय फर्शी क्षेत्रानुपात

आधार फर्शी क्षेत्रानुपात, अतिरिक्त प्रभार्य फर्शी क्षेत्र अनुपात एवं अनुज्ञेय फर्शी क्षेत्रानुपात निम्न सारणी अनुसार होंगे।

अनुज्ञेय फर्शी क्षेत्रानुपात

सारणी 6–सा–10

क्र.	भूखण्ड आकार	आधार फर्शी क्षेत्र अनुपात	अतिरिक्त फर्श क्षेत्र अनुपात (50% TDR +50% अधिमूल्य)	कुल अनुज्ञेय फर्श क्षेत्र अनुपात
1	2	3	4	5
1	90 वर्गमीटर तक	1.00	0.50	1.50
2	90 वर्गमीटर से अधिक 180 वर्गमीटर तक	1.00	1.00	2.00
3	180 वर्गमीटर से अधिक 400 वर्गमीटर तक	1.00	1.50	2.50
4	400 वर्गमीटर से अधिक	1.00	2.00	3.00

नोटः–

1. जहॉ भवन अनुज्ञा इन नियमों के प्रभावशील होने के पूर्व दी गई हो, वहाँ शेष फर्शी क्षेत्र अनुपात जो कि इन नियमों के अंतर्गत प्रस्तावित अधिकतम फर्श क्षेत्र अनुपात की सीमा में होगा, का लाभ विकास अधिकार हस्तांतरण एवं अधिमूल्य भुगतान से किया जा सकेगा।

2. किसी भूखण्ड के स्वामी द्वारा प्राप्त विकास अधिकारों का हस्तांतरण अतिरिक्त फर्शी क्षेत्र अनुपात के रूप में उसी भूखण्ड पर उपयोग कर सकेगा तथा उसको क्रय कर सकेगा।
3. निजी स्वामियों द्वारा विकास अधिकार हस्तांतरण उपलब्ध ना होने की स्थिति में भूमि स्वामी अतिरिक्त फर्शी क्षेत्र अनुपात सागर नगर निगम के प्राप्त कर सकेगा।

6.10.2.2 फर्शी क्षेत्रानुपात में छूट

- मार्ग विस्तार अथवा प्रस्तावित मार्ग विस्तार से प्रभावित भवनों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा फर्शी क्षेत्र अनुपात अनुज्ञेय होगा जो कि प्रभावित क्षेत्र के मुआवजें के रूप में देय होगा।
- फर्शी क्षेत्र अनुपात भवन की वास्तविक सीमा के अनुसार ही देय होगा। इस नियम के अंतर्गत सभी नियमों की पूर्ति पश्चात मुआवजा विकास अधिकारों का हस्तांतरण नियम 2018 के अनुसार देय होगा।

6.10.2.3 सीमान्त खुला क्षेत्र

ए.बी.डी क्षेत्र में सीमान्त खुला क्षेत्र निम्न सारणी के अनुसार मान्य होगा।

सीमान्त खुला क्षेत्र

सारणी 6–सा–11

भूखण्ड का अग्रभाग	सड़क की चौड़ाई (मीटर में)	न्यूनतम सीमान्त खुला क्षेत्र (मीटर में)			
		सामने (सडक के किनारे)	साइड	साइड	पीछे
12 मीटर से कम	7.5 मीटर	1.50	निरंक	निरंक	1.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		1.50	2.50	निरंक	1.50
18 मीटर या अधिक		1.50	2.00	2.00	1.50
12 मीटर से कम	9 मीटर	1.50	निरंक	निरंक	1.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		1.50	3.00	निरंक	1.50
18 मीटर या अधिक		1.50	2.50	2.50	1.50
12 मीटर से कम	12 मीटर	2.50	निरंक	निरंक	1.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		2.50	3.00	निरंक	1.50
18 मीटर या अधिक		2.50	2.50	2.50	1.50

भूखण्ड का अग्रभाग	सड़क की चौड़ाई (मीटर में)	न्यूनतम सीमान्त खुला क्षेत्र (मीटर में)			
		सामने (सडक के किनारे)	साइड	साइड	पीछे
12 मीटर से कम	15 मीटर	2.50	निरंक	निरंक	1.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		2.50	3.00	निरंक	1.50
18 मीटर या अधिक		2.50	2.50	2.50	1.50
12 मीटर से कम	18 मीटर	3.00	निरंक	निरंक	2.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		3.00	3.00	निरंक	2.50
18 मीटर या अधिक		3.00	2.50	2.50	2.50
12 मीटर से कम	24 मीटर	3.50	निरंक	निरंक	2.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		3.50	3.00	निरंक	2.50
18 मीटर या अधिक		3.50	2.50	2.50	2.50
12 मीटर से कम	30 मीटर	4.50	निरंक	निरंक	2.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		4.50	3.00	निरंक	2.50
18 मीटर या अधिक		4.50	2.50	2.50	2.50
12 मीटर से कम	36 मीटर	4.50	निरंक	निरंक	2.50
12 मीटर या अधिक 18 मीटर से कम		4.50	3.00	निरंक	2.50
18 मीटर या अधिक		4.50	2.50	2.50	2.50

नोटः—

1. गैर आवासीय परिसरों के लिए न्यूनतम 4.50 मीटर सीमान्त खुला क्षेत्र सामने (मुख्य मार्ग से) रखा जाना अनिवार्य होगा।
2. सड़क के किनारे (सामने) का सीमान्त खुला क्षेत्र सम्मुख स्थित मार्ग की चौड़ाई से नियमित किया जा सकेगा।
3. वह भूखण्ड जो दो या दो से अधिक मार्गो से लगे हुए है, वहाँ मार्ग चौड़ाई अनुसार सीमान्त खुला क्षेत्र सड़क के किनारे वाले सीमान्त खुले क्षेत्र के अनुसार मान्य होगा।

6.10.3 पार्किंग हेतु सामन्य मानक

पार्किंग हेतु मानक म0प्र0 भूमि विकास नियम 2012 के परिशिष्ट झ नियम 84 (1) अनुसार होंगे एवं अतिरिक्त मानक निम्नानुसार मान्य होंगे।

1. एक से अधिक भू–उपयोगों को सम्मिलित कर किये गए विकास में पार्किंग किस उपयोग में कितना तल क्षेत्र उपयोग किया गया है के आधार पर गणना की जावेगी।
2. पार्किंग तलक्षेत्र एवं ऊपर के फ्लोर पर आवश्यकता अनुसार प्रस्तावित की जा सकेगी। उक्त हेतु व्हेकुलर रैंप/मैकेनाइजड साधन कार लिफ्ट आदि स्वीकार्य होगी। भूखण्ड पर टॉवर का निर्माण करके भी पार्किंग का प्रावधान किया जा सकेगा।
3. आगंतुकों हेतु पार्किंग का प्रावधान अलग से किया जाना होगा।
4. पार्किंग क्षेत्र में गाड़िया खड़ी करने हेतु क्षेत्र, ड्राइव वे एवं गलियारा (आइलस) सम्मिलित होगें परन्तु पहुँच मार्ग, व्हीकूलर लिफ्ट एवं व्हीकूलर रैंप सम्मिलित नही होंगे।
5. पार्किंग क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जाना अनिवार्य होगा, जिससे रोशनी एवं हवा का संचार हो सकें।
6. अगर निर्मित भवन में प्रावधानित पार्किंग का गलत अथवा प्रस्ताव के विरूद्ध उपयोग परिलक्षित होता है तो सक्षम प्राधिकारी उचित कार्यवाही कर सकेगा। साथ ही वह अवधि जिसके दौरान गलत उपयोग किया गया है उक्त हेतु भारी जुर्माना भी वसूलनीय होगा।
7. पार्किंग आट्रियम में स्वीकार्य नही होगी।
8. **भूमिगत पार्किंग (आमोद–प्रमोद एवं खुले क्षेत्रों के नीचे)–** आमोद–प्रमोद क्षेत्रों एवं खुले स्थानों के नीचे पार्किंग का प्रावधान दिया जा सकेगा जो कि निम्नानुसार मान्य होगा। प्रावधान के दौरान हरित क्षेत्र एवं वातावरण को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी निर्णय ले सकेगा।

- न्यूनतम सक्षम मार्ग की चौड़ाई– 18 मीटर
- अधिकतम 50 प्रतिशत क्षेत्र भूमिगत पार्किंग के रूप मे उपयोग किया जा सकेगा। जिसमें अधिकतम 2 तलघर मान्य किया जा सकेगें।
- रैंप का स्लोप 1:10 के अधिक नहीं होगा।
- अधिकतम ऊँचाई भूमि स्तर से 0.5 मीटर होगी जिसमें रोशनी एवं हवादार बनाने के प्रस्ताव सम्मिलित होंगे।
- पार्क की सीमा से न्यूनतम 1.5 मीटर सीमान्त खुला क्षेत्र छोडना अनिवार्य होगा।

6.10.4 सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक एवं आमोद–प्रमोद उपयोग परिक्षेत्र हेतु स्वीकार्य तल क्षेत्र अनुपात

सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक एवं आमोद–प्रमोद उपयोग परिक्षेत्र हेतु स्वीकार्य तल क्षेत्रानुपात निम्न सारणी अनुसार मान्य होंगे।

आधार तल क्षेत्रानुपात

सारणी 6–सा–12

क्रमांक	भू–उपयोग	आधार तल क्षेत्र अनुपात
1	2	3
1	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	1.00
2	आमोद–प्रमोद	0.05

नोटः– सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक हेतु अतिरिक्त तल क्षेत्र अनुपात सारणी 6–सा–10 के अनुसार मान्य होगा।

6.10.5 पुनर्निर्माण हेतु विकास नियमन

6.10.5.1 पुनर्निर्माण हेतु स्वीकार्य उपयोग परिक्षेत्र

पुनर्निर्माण हेतु स्वीकार्य उपयोग परिक्षेत्र हेतु स्वीकार्य तल क्षेत्रानुपात निम्न सारणी अनुसार मान्य होंगे।

पुनर्निर्माण हेतु स्वीकार्य उपयोग परिक्षेत्र

सारणी 6–सा–13

क्रमांक	स्वीकार्य उपयोग	स्वीकार्य उपयोगों का कुल निर्मित क्षेत्र में प्रतिशत (पुनर्निर्माण वाले भूखण्डों में)		
		मुख्यतः आवासीय क्षेत्र में	मुख्यतः वाणिज्यिक क्षेत्र	मुख्यतः सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक क्षेत्र
1	आवासीय	70 प्रतिशत	–	–
2	वाणिज्यिक	–	70 प्रतिशत	–
3	सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक	–	–	70 प्रतिशत
4	अन्य उपयोगों में (औद्योगिक को छोड़कर)	30 प्रतिशत	30 प्रतिशत	30 प्रतिशत

6.10.5.2 पुनर्निर्माण क्षेत्रों के लिए फर्शी क्षेत्र अनुपात।

1. आधार फर्शी क्षेत्र अनुपात 1.00 एवं म0प्र0 भूमि विकास नियम 2012 के नियम 61 (5) के अंतर्गत।
2. अतिरिक्त फर्शी क्षेत्र अनुपात कण्डिका 6.10.3.1 के अनुसार मान्य होगा।
3. अनुज्ञेय फर्शी क्षेत्र अनुपात आधार फर्शी क्षेत्र अनुपात एवं अतिरिक्त फर्शी क्षेत्र अनुपात का योग होगा।

6.10.5.3 दो भवनों के बीच की दूरी

1. दो भवनों के बीच की दूरी ऊँची भवन की ऊंचाई की 1/3 मान्य होगी।
2. दो भवनों की के पास में स्थापना की स्थिति में सीमान्त खुले क्षेत्र ऊँचे भवन के मान्य होंगे।

6.10.5.4 अच्छादित क्षेत्र

1. अधिकतम स्वीकार्य अच्छादित क्षेत्र 60 प्रतिशत मान्य होगा।

6.11 आवासीय भूखण्डों पर पूर्व से निर्मित अन्य उपयोगो के अधिभोग परिवर्तन हेतु प्रावधान

पूर्व से अनुमोदित अभिन्यास के भूखण्डों पर मार्ग की चौड़ाई संबंधी मापदण्ड पूर्ण होने पर, मिश्रित उपयोग के लिए सशुल्क अधिभोग परिवर्तन किया जा सकेगा। स्थानीय निकाय द्वारा इस संबंध में एकमुश्त अधिभोग परिवर्तन शुल्क, वार्षिक परिवर्तन शुल्क एवं यथा आवश्यकता पार्किंग प्रीमीयम का निर्धारण कर सकेगा किन्तु इस हेतु लिया जाने वाला न्युनतम शुल्क शासन द्वारा अधिसूचित किया जायेगा।

अध्याय–7 विकास योजना क्रियान्वयन

विकास योजना के प्रस्ताव औचित्यहीन हैं, यदि इसके क्रियान्वयन एवं प्रभावशील करने हेतु सम्यक प्रयास पूर्ण रूप से नहीं किए जाते। यह अपेक्षित है कि इसमें नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत या संगठित रूप से निर्माण, पुनर्निर्माण और विभिन्न उपयोग हेतु भूमि का विकास करके योगदान दिया जाएगा। यह आवश्यक होगा कि ऐसे प्रयासों का मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह देकर किया जाए जिससे कि विकास एवं निर्माण विकास योजना या परिक्षेत्रीय योजना के उपबंधों के अनुरूप हो सकें। विकास योजना का प्रभावीकरण तभी संभव हो सकेगा जब म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के अंतर्गत् कोई भी विकास कार्य, चाहे वह शासकीय, अर्द्धशासकीय या व्यक्तिगत हो, अनुज्ञा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से प्राप्त कर किया जाए।

विकास योजना का क्रियान्वयन मुख्यतः सागर पालिका द्वारा किया जायेगा। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मण्डल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा भी अपने संबंधी निर्माण कार्य से विकास योजना के कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। यह अपेक्षित है कि सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों को समन्वित करने हेतु समस्त शासकीय, अर्द्ध–शासकीय निकाय विकास योजना के क्रियान्वयन की क्रमावस्था तथा कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दें।

7.1 विकास योजना का क्रियान्वयन

विकास योजना के प्रस्ताव सन् 2035 तक की कालावधि के लिए हैं। वर्तमान मूल्यों के अनुसार पूर्ण प्रस्ताव क्रियान्वयन करने में लगभग रुपये 459637.25 लाख का व्यय अनुमानित है। इसमें विभिन्न उपयोग हेतु 2111.60 हेक्टेयर भूमि, अर्जन हेतु मुआवजा एवं कुल भूमि के 60 प्रतिशत विकास पर व्यय, नए मार्गों का निर्माण, आदि शामिल हैं। भूमि अर्जन की औसत दर रुपये 50.00 लाख प्रति हेक्टेयर मानी गई है। जहाँ तक विकास व्यय का प्रश्न है, वह भूमि उपयोग के अनुसार अलग–अलग माना गया है। सम्पूर्ण विकास योजना 2035 के क्रियान्वयन की लागत का अनुमान सारणी 7–सा–1 में दर्शाया गया है। क्रियान्वयन की लागत की गणना सांकेतिक स्वरूप की है, वास्तविक गणना प्रस्तावों के क्रियान्वयन के समय की जाएगी।

सागरः योजना क्रियान्वयन की लागत

सारणी 7–सा– 1

क्र	भूमि उपयोग विवरण	क्षेत्र (हेक्टेयर में)		भू–अर्जन लागत (रू. 50 लाख प्रति हे. की दर से)	उपलब्ध भूमि का 60 प्रतिशत विकास			कुल लागत (रू. लाख में)
		विकास हेतु उपलब्ध भूमि	भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र		क्षेत्र हे. में	विकास दर प्रति हे. (रू लाख में)	लागत (रू. लाख में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	आवासीय	3365.98	673.20	33660.00	2019.59	100	201959.00	235619.00
2	वाणिज्यिक	165.19	49.55	2477.50	99.12	100	9911.50	12389.00
3	मिश्रित	227.40	68.20	3410.00	136.44	100	13644.00	17054.00
4	औद्योगिक	297.98	149.00	7450.00	178.79	100	17878.50	25328.50
5	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	406.63	162.65	8132.50	243.98	100	24398.00	32530.50
6	सार्वजनिक उपयोगितायें एवं सुविधायें	15.98	8.00	400.00	9.59	100	958.50	1358.50
7	आमोद–प्रमोद	870.99	261.30	13065.00	522.60	50	26129.75	39194.75
8	यातायात एंव परिवहन	986.30	739.70	36985.00	591.78	100	59178.00	96163.00
	योग	**6336.45**	**2111.60**	**105580.00**	**3801.89**	-	**354057.25**	**459637.25**

टीपः– भू–अर्जन की दरें सांकेतिक स्वरूप की है, जिसका वास्तविक निर्धारण क्रियान्वयन के समय किया जावेगा।

7.2 योजना क्रियान्वयन की नीति

योजना क्रियान्वयन द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु ठोस प्रयास की आवश्यकता है। निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु योजना क्रियान्वयन नीति निर्धारित की जाएगी :

1. प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण तथा उत्कृष्ट भू–स्वरूप।
2. भूमि का कुशलतम उपयोग।
3. अधोसंरचना और सेवाओं की उपलब्धता/संधारणा।
4. भूमि प्रदाय तथा संरचना विकास में सहभागिता का प्रस्ताव।
5. समाज के कमजोर वर्गों हेतु आवास प्रदान करना।

इन उद्देश्यों का क्रियान्वयन निम्न क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित है:

1. पर्यावरण प्रबंधन एवं सेवा सम्बन्धी कार्यक्रम।
2. नगर अधोसंरचना एवं सेवा संबंधी कार्यक्रम।

मुख्य मार्गों के किनारे प्रस्तावित भू–उपयोग विकास हेतु अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण इस विधि से किया जाएगा कि मार्गों हेतु प्रस्तावित भूमि स्थानीय संस्था को विकास हेतु उपलब्ध हो सके।

7.3 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम

पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण से तात्पर्य उन चरम पर्यावरण संबंधी समस्याओं से है जो प्रमुख रूप से नदी के संरक्षण, इनकी जल गुणवत्ता, उत्कृष्टता, भू–स्वरूप तथा जल स्त्रोतों के जल ग्रहण क्षेत्रों से कतिपय भूमि प्रबंधन से संबंधित हैं। अन्य पर्यावरण समस्याएँ जैसे नगरीय अपशिष्ट का उपचार, निराकरण, इनके पुनर्चक्रीकरण एवं नगर विस्तार के परिपेक्ष्य में जनसंख्या से उत्पन्न आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित है।

उपरोक्त संवेदनशील बिन्दु के परिप्रेक्ष्य में निम्न विषय विचारणीय हैं।

1. नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों में जल–मल के प्रवाह को रोकने हेतु प्रभावी कदम।
2. तालाबों के फैलाव क्षेत्रों में भू–उपयोग प्रबंधन से तालाबों का प्रदूषण रोकना।
3. जल फैलाव क्षेत्रों में "स्टाप डेम" द्वारा भूमि क्षरण को रोकना एवं इस क्षेत्र में कृषि हेतु उर्वरक का उपयोग निषेध।
4. नदी, नालों, तालाबों के सीमावर्ती क्षेत्रों में नियंत्रण मापदण्डों का प्रभावीकरण।
5. निस्तारी एवं जल गुणवत्ता का स्वतंत्र पर्यवेक्षण।
6. सभी जल स्त्रोतों के जल फैलाव क्षेत्रों में प्रदूषण एवं अन्य पर्यावरणीय गिरावट के नियंत्रण हेतु संस्थागत समन्वय व्यवस्था।

7.4 नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना

नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना का प्रमुख स्वरूप निम्न नीतिगत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु होगा–

1. संस्था का गठन
2. विस्तृत योजना प्रस्ताव तथा भूमि क्षमता के अनुरूप भूमि उपयोग तथा अधोसंरचना विकास हेतु नियमन
3. भौतिक एवं वित्तीय आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में निजी एवं राज्य योजनाओं के स्थल तथा रूपांकन में अधिकतम सक्षम भूमि उपयोग।
4. नगर के रहवासियों एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के परिपेक्ष्य में भौतिक, आर्थिक एवं सामाजिक अधोसंरचना तथा सेवाओं का युक्तियुक्त प्रावधान।

नगर अधोसंरचना और सेवा कार्यक्रम के प्रमुख तत्वः

1. नियंत्रित विकास
2. अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन
3. एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना
4. विकास नियमन हेतु व्यापक दृष्टिकोण
5. समयबद्ध विकास अनुज्ञा हेतु तंत्र उपलब्ध कराना

7.4.1 नियंत्रित विकास

विकास कार्यक्रमों में भू–स्वामी/विकासकर्ता/सामुदायिक समूह की भागीदारी के माध्यम से नियंत्रित विकास तंत्र का प्रभावीकरण किया जाएगा। यहाँ समन्वय संस्था की भूमिका प्रदायकर्ता की होगी। सार्वजनिक संस्थाएँ, प्रमुख सेवाएँ, तंत्र के एकीकृत नियोजन एवं रूपांकन हेतु उत्तरदायी होगी।

7.4.2 अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम में सहभाग करने वाली सार्वजनिक संस्थाओं तथा निजी संस्थाओं की विभिन्न परियोजनाओं में सम्मिलित भूमि में से अनुपातिक एवं साम्य के आधार पर भूमि अंशदान करने हेतु अधोसंरचना भूमि बैंक की स्थापना प्रस्तावित है। नगर के मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक खुले क्षेत्रों हेतु अधोसंरचना विकास बैंक में भूमि के अंशदान को प्रोत्साहन स्वरूप छूट या लाभ राज्य शासन के सहयोग से प्रदत्त किया जाना प्रस्तावित है।

7.4.3 एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना

एकीकृत विकास कार्यक्रम को निम्नलिखित नीतिगत ढाँचे के अनुरूप क्रियान्वित एवं तैयार किया जा सकेगा।

वार्षिक योजना/वार्षिक विकास कार्यक्रम तैयार किया जाएगा, जिसमें पंचवर्षीय नगर विकास कार्यक्रम योजना के प्रमुख क्षेत्रों के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर लिए जाने वाले क्षेत्रों के लिए होगा।

नगर विकास प्रक्रिया में सहभागिता के दृष्टिकोण से समन्वय प्राधिकारी द्वारा वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। यह कार्यक्रम भूमि अधिग्रहण लक्ष्य, भूमि विकास प्रस्ताव, वृत्त खण्ड एवं उपवृत्त खण्ड स्तर की सुविधाओं का विकास तथा शासकीय/अर्द्धशासकीय संगठनों के कार्यक्रमों को प्रमुख रूप से दर्शाएगा। यह कार्यक्रम चालू वर्ष में पूर्ण किए जाने वाले नगर मार्ग तंत्र तथा मुख्य सेवा–सुविधाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित करेगा। इस निवेश योजना का एकीकृत दृष्टिकोण आलोच्य क्षेत्रों में नगर अधोसंरचना के विकास के लिए समुचित धनराशि को समय पर उपलब्ध कराना होगा। योजना के क्रियान्वयन में सार्वजनिक संस्थाओं की भूमिका सुविधादायक के रूप में होगी।

इस हेतु समन्वित तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है। नगर विकास में निवेश के अंतर्गत् अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार कर इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के पास उस वर्ष विशेष के लिए उपलब्ध बजट एवं अन्य स्त्रोतों से एकत्रित कर निर्धारित एकीकृत नगर विकास परियोजनाओं में निवेश करने का प्रयास किया जायेगा। एकीकृत नगर विकास योजना कार्यक्रम का क्रियान्वयन निम्नलिखित ढाँचे के अन्तर्गत किया जाकर लक्ष्य पूर्ति किया जाना प्रस्तावित है:

1. एकीकृत नगरीय विकास योजना के तत्वों की पहचान।
2. कार्यक्रम के समन्वय प्राधिकारी एवं अन्य सहभागियों में से निवेश के लिए सर्वसम्मत विषय सूची की पहचान।
3. विकास योजना की प्राथमिकता का निर्धारण।
4. एकीकृत नगरीय विकास योजना तैयार करना।
5. निवेश के ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करना, जो सहभागिता का उपयोग करते हुए विकास का दृष्टिकोण रखते हों।
6. समन्वय अधिकारियों और वृत्त खण्डीय/एजेंसियों की क्रियान्वयन भूमिका को परिभाषित करना।

7.5 विकास नियमन हेतु व्यापक दृष्टिकोण

नगरीय भूमि के अधिकतम सक्षम विकास के साथ–साथ आधुनिक भूमि उपयोग प्रबंधन नीतियों को अंगीकृत करने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक है कि विकास नियमों को पुर्नभाषित किया जाए। भारतीय जीवन शैली के अनुरूप उपयुक्त निर्मित स्वरूप की प्राप्ति हेतु विकास को नियंत्रित एवं निर्देशित करने के उद्धेश्य से अध्याय–6 में विकास नियमन दिए गए हैं।


7.6 योजना एवं कार्यक्रम

1. आलोच्य क्षेत्रों के विकास हेतु इस योजना का क्रियान्वयन करने के लिए 3 चरणों में प्रावधान हैं। प्रथम चरण सन् 2025 तक की आवश्यकताओं हेतु, द्वितीय चरण 2026 से 2030 तक की आवश्यकताओं हेतु तथा तृतीय चरण 2031 से 2035 तक की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रहेगा।
2. योजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु भूमि स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों, निजी विकासकर्ताओं एवं सार्वजनिक संस्थाओं के माध्यम से समाधान गतिशीलता का सहभागिता के आधार पर प्रभावी कार्यक्रम बनाए जाने की आवश्यकता है।
3. योजना प्रस्तावों में निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन करने के लिए नीति को सुविधाजनक बनाने में राज्य शासन की सहयोगी संस्था की भूमिका होगी। उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राज्य शासन और वर्तमान में कार्यरत संस्थाओं के साथ नगर विकास प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना विकास किया जाएगाः

- भूमि प्रवाह सरलीकरण के लिए नीति तैयार करना।
- मार्ग विकास कार्यक्रम निर्धारण करना जो नगर की अन्य सभी गतिविधियों को भी रूपये मिल सके।
- भूमि स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों एवं निजी भवन निर्माणकर्ताओं की साझेदारी की दृष्टि से क्रियान्वयन संबंधी कार्यक्रम की नीति तैयार करना।
- योजना के दोनों चरणों के लिए आवश्यक जलापूर्ति हेतु वर्तमान क्षमता एवं नवीन स्त्रोतों का विकास।
- नगरीय विकास के प्रथम चरण कार्यक्रम की पूर्ति हेतु अधोसंरचना, पावर ग्रिड, जल निकास व्यवस्था का विकास।
- भूमि विकास कार्यक्रम नगरीय विकास परियोजनाएँ साथ ही लक्षित समूह आवासों के विकास क्रियान्वयन हेतु एक विशेष नियोजन एवं विकास अनुज्ञा प्रणाली तैयार करना चाहिए।
- एक विशेष परिणाम मूलक भूमि निष्पादन नीति तैयार करने की आवश्यकता है। ताकि सभी सहभागियों के संसाधनों में गतिशीलता लाई जा सके।
- मुख्य जल स्त्रोतों की वृद्धि एवं ऊर्जा वितरण केन्द्रों की स्थापना।

7.6.1 संस्थाओं के प्रयास संबंधी मुख्य तत्व

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम हेतु निर्देशित सिद्धान्त निम्नानुसार हैं–


SAGAR
7.1 FIRST PHASE
EXISTING PROPOSED
RESIDENTIAL
CONMERCIAL
GENERAL
INDUSTRIAL
MIXED
MIXED LANDUSE
RECREATIONAL
PARK
STADIUM
PUBLIC & SEMIPUBLIC
TRANSPORTATION
BUS STAND
ROADS
Flyover
RAILWAY STATION
RAILWAY LINE
PUBLIC UTILITIES & FACILITIES
SOLID WASTE DISPOSAL PLANT
WATERBODIES
BOUNDARIES
PLANNING AREA
VILLAGE
Scale
0 1 2 3 4 5 Km
N
District - Sagar
Planning Area
Sagar
State Institute For Town Planning
Source: World View-II,2018 Satellite Data & Archive Masterplan By T&CP
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

1. यह सुनिश्चित करना कि संसाधन उपलब्धता तथा उपयुक्त अधोसंरचना में कमी के कारण विकास अवरुद्ध न हो।
2. उपलब्ध व्यपवर्तित नगरीय भूमि का पूरी तरह उपयोग करना।
3. बिखरे हुए नगरीय विकास के लिए पहुँच मार्ग उपलब्ध कराना।
4. अर्द्धविकसित एवं अविकसित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना का उन्नयन।
5. भू–स्वामियों, सामाजिक समूहों एवं निजी विकासकर्ताओं के विकास कार्य में सहभागिता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए भूमि विकास कार्यक्रम हाथ में लेना।

7.7 प्रथम चरण कार्यक्रम

प्रथम चरण के विकास संबंधी घटक

सारणी 7–सा–2

क्र.	विकास के घटक	प्रस्तावित स्थल
1.	2.	3.
1.	आवासीय	ग्राम बहेरिया गदगद, बामनखेड़ी, बरारू, भैंसा, जिन्दा, पटकुई, सेमराबाग, मडिया कबूला, सागर खास
2.	वाणिज्यिक	ग्राम बहेरिया गदगद, बामोरा, अमावनी, गंभिरिया
3.	मिश्रित	प्रस्तावित बायपास मार्ग से लगकर
4.	औद्योगिक	ग्राम बाछलोन
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	ग्राम तिलीमाफी एवं विश्वविद्यालय
6.	सार्वजनिक सेवाएँ– सुविधाएँ	ग्राम पथरिया हाट
7.	आमोद–प्रमोद	ग्राम बाछलोन, बरारू, बामोरा
8.	यातायात	प्रस्तावित बायपास मार्ग एवं प्रस्तावित ऊपरगामी मार्ग

प्रथम चरण कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों को शामिल करते हुए आलोच्य क्षेत्र के उपयोगों को सारणी 7–सा–2 में वर्णित अनुसार चिन्हित किया गया है। प्रथम चरण के अन्तर्गत सम्मिलित किए गए कार्यक्रम उनकी लागत प्राप्त होने के आधार पर रखे गए हैं। तथापि नगर की त्वरित आवश्यकताओं को भी प्रथम चरण विकास में लिया गया है। नगर में कार्यरत विभिन्न शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाओं को विकास योजना के कार्यों में जोड़ना आवश्यक है तथा इससे इन विभागों के वार्षिक बजट तथा अन्य संशाधनों को भी उपयोग में लाया जा सकेगा। विकास योजना के क्रियान्वयन में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक गतिविधियों का विकास मुख्यतः निजी संस्थओं के द्वारा किया जाता है। इस हेतु भू–अर्जन की आवश्यकता नहीं होगी।

विकास योजना के प्रथम चरण में चयनित घटकों के क्रियान्वयन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों के अन्तर्गत 633.48 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित क्रियान्वयन प्रक्रिया के अन्तर्गत भूमि अधिग्रहण की लागत सहित क्षेत्र की वर्तमान विकास दर के अनुसार प्रथम चरण क्रियान्वयन की अनुमानित लागत लगभग 137891.18 लाख होगी। विकास योजना प्रथम चरण क्रियान्वयन की अनुमानित लागत का विस्तृत विवरण सारणी 7–सा–3 में दिया गया है।

सागरः प्रथम चरण लागत

सारणी 7–सा–3

क्र	भूमि उपयोग विवरण	भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर में)	भू–अर्जन की लागत (रू. 50.0 प्रति हेक्टेयर) (रू. लाख में)	विकास व्यय			कुल लागत (रू. लाख में)
				क्षेत्र (हेक्टेयर में)	विकास दर प्रति हेक्टेयर (रू. लाख में)	लागत (रू. लाख में)	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आवासीय	201.96	10098.00	605.88	100	60587.70	70685.70
2	वाणिज्यिक	14.87	743.25	29.73	100	2973.45	3716.70
3	मिश्रित	20.46	1023.00	40.93	100	4093.20	5116.20
4	औद्योगिक	44.70	2235.00	53.64	100	5363.55	7598.55
5	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	48.80	2439.75	73.19	100	7319.40	9759.15
6	सार्वजनिक उपयोगितायें एवं सुविधायें	2.40	120.00	2.88	100	287.55	407.55
7	आमोद–प्रमोद	78.39	3919.50	156.78	50	7838.93	11758.43
8	यातायात एंव परिवहन	221.91	11095.50	177.53	100	17753.40	28848.90
योग		**633.49**	**31674.00**	**1140.56**		**106217.18**	**137891.18**

टीपः– भू–अर्जन की दरें सांकेतिक स्वरूप की है, जिसका वास्तविक निर्धारण क्रियान्वयन के समय किया जावेगा।

7.8 संसाधन गतिशीलता

नगर नियोजन वास्तव में संसाधन के उत्सर्जन, संसाधन विकास एवं प्रबंधन का अभ्यास है। पूर्व में नगर विकास एवं निवेश हेतु अलग–अलग प्रयास नहीं किए गए, जिसके परिणामस्वरूप संसाधनों का अपव्यय हुआ। नियोजन में निवेश के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से गतिशील व्यवस्था की जा सकती है। नगरीय भूमि स्वयं में एक महत्वपूर्ण संसाधन है। स्थानीय राजस्व को सृजित करने के लिए एक निश्चित तंत्र की आवश्यकता है।

वार्षिक आधार पर भूमि विकास क्षेत्रों हेतु चिहिन्त किये गये विकास में सभी सहभागियों के निवेश की गतिशीलता हेतु एक कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया भौतिक अधोसंरचना के तत्वों को अत्यंत तीव्रता से उत्पन्न कर संसाधन संकलित करने में सहयोग प्रदान करेगी।

7.9 योजना पर्यवेक्षण तंत्र

योजना पर्यवेक्षण तंत्र को निम्न सीमा में तैयार करना प्रस्तावित है:

पंचवर्षीय आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम के निरंतर तंत्र की स्थापना।

आलोच्य क्षेत्रों में वार्षिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत् प्राथमिक कार्य योजना का निर्धारण।

1. प्रथम चरण क्रियान्वयन योजना के अन्तर्गत नगर विकास हेतु चिन्हित कार्यक्रमों में संलग्न विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के उपलब्ध निवेश एवं बजट का पर्यवेक्षण करना।
2. वार्षिक भौतिक लक्ष्य एवं अधोसंरचना विकास में निवेश निर्धारण।
3. आलोच्य क्षेत्रों की सार्वजनिक संस्थाओं एवं अन्य सहभागियों की विकास में भूमिका निर्धारण।
4. समन्वित संस्थागत तंत्र की स्थापना।
5. वार्षिक आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम का निर्धारण।
6. सार्वजनिक एवं अन्य संस्थाओं की भूमिका को परिभाषित करते हुये एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम परियोजनाओं तथा उप परियोजनाओं के संदर्भ में परिवर्तित करना।
7. योजना पर्यवेक्षण लक्ष्य की पूर्ति निम्न स्तरों के माध्यम से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है।
8. स्थानीय स्तर पर नियोजन पर्यवेक्षण समिति।
9. सागर विकास प्राधिकरण द्वारा वार्षिक विकास प्रतिवेदन तैयार करना।
10. नियोजन पर्यवेक्षण समिति द्वारा विकास प्रतिवेदन का मूल्यांकन।
11. समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
12. वार्षिक विकास प्रतिवेदन पर शासन द्वारा जारी निर्देशों का क्रियान्वयन करना।

विकास योजना की सफलता विकास योजना प्रस्तावों का निर्धारण, समयावधि में क्रियान्वयन तथा प्रथम चरण कार्यक्रमों के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता तथा संस्थानों की गतिशीलता पर निर्भर करता है। इस योजना के क्रियान्वयन के साथ–साथ विकास योजना के अंगीकृत होने के उपरान्त तदानुसार कार्यवाही हेतु परिभाषित पर्यवेक्षण तंत्र की स्थापना की आवश्यकता प्रदर्शित है।

7.9.1 पर्यवेक्षण समिति का गठन

विकास योजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन का मूलतः दायित्व सागर नगरपालिका परिषद् का होगा। अपितु इनके क्रियान्वयन में अन्य संस्थाएँ एवं विभाग भी सहभागी होंगी। अतः क्रियान्वयन संस्थाओं से समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिये राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश क्रमांक एफ–3/45/32/2010 दिनांक 15.04.2010 द्वारा जिलाध्यक्ष सागर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है, जो संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश के आदेश क्रमांक 2876 दिनांक 15.05.1998 में उल्लेखित कार्य पद्धति को अपनाते हुये नियोजन एवं पर्यवेक्षण करेगी।

7.9.2 वार्षिक विकास प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण

विकास प्राधिकरण/नगर पालिक निगम द्वारा नियोजन पर्यवेक्षण समिति के समक्ष वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे नियोजन क्रियान्वयन के सभी पहलू सम्मिलित होने के साथ ही सुधार हेतु अनुशंसित बिन्दु भी सम्मिलित होंगे। समिति अपनी अनुशंसा के साथ संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के विचारार्थ वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसे संचालक द्वारा अनुशंसित कर राज्य शासन को प्रस्तुत किया जावेगा।

7.10 योजना की व्याख्या

सागर विकास योजना मूलतः नीतिगत योजना है। विकास योजना में निहित प्रस्ताव विस्तृत तथा सांकेतिक स्वरूप के हैं। अतः विकास प्रस्तावों की व्याख्या करने हेतु निम्नलिखित मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं:

1. विकास योजना प्रस्तावों की व्याख्या करते समय तथा विकास अनुज्ञा देने के पूर्व विकास योजना रिपोर्ट में उल्लेखित विषयवस्तु के साथ–साथ संदर्भित नियमों का अनुसरण आवश्यक है।
2. परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग सारणी 6–सा–10 विकास नियमन में वर्णित अनुसार होगी। नेबरहुड के वर्तमान स्थल एवं व्यापक क्षेत्रफल उपखण्ड स्तर तथा खण्ड स्तर की गतिविधियों का क्षेत्र विकास प्रस्तावों में समाहित हैं। अतः उनका रेखांकन नहीं किया गया है।

3. ऐसे भूमि उपयोग/गतिविधियाँ जो प्रमुख भू–उपयोग वर्ग (Major Land Use Zone) में परिभाषित नहीं हैं, भूमि उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में मानी जावेगी, किन्तु जो स्वीकृत/ स्वीकार्य भू–उपयोग सारणी में शामिल हैं, वे भूमि उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में नहीं आयेंगे।
4. विकास योजना प्रस्ताव क्रियान्वयन के समय प्रमुख मार्ग संरचना में आंशिक परिवर्तन अपरिहार्य होता है। स्थल की स्थिति तथा अभियांत्रिकीय आवश्यकता के आधार पर मार्ग संरचना का निर्धारण आवश्यक होगा। इस संदर्भ में राज्य शासन द्वारा जारी किया गया निर्णय स्वीकृत विकास योजना का अंश माना जाएगा।
5. विभिन्न उपयोग परिक्षेत्रों में प्रस्ताव सांकेतिक स्वरूप के है। इस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी द्वारा की गई व्याख्या अन्तिम मानी जायेगी।
6. विभिन्न उपयोग परिक्षेत्र में भूमि की आवश्यकता से संबंधित व्याख्या निकाय योजना/परिक्षेत्रिक योजना बनाते समय स्थिति अनुसार वास्तविक आवश्यकता के अनुसार पुनः समायोजित की जा सकती है।

7.10.1 योजना कालावधि

नगरीय विकास एक सतत् प्रक्रिया है, इसमें अनेक घटकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन सभी घटकों के कालावधि को नगर के विकास तथा नियोजन हेतु आधार माना जाता है। इसलिये नियोजन प्रक्रिया में कालावधि के आधार का निर्धारण किया जाता है। कालावधि के आधार पर ही नगर की भावी जनसंख्या, आवश्यकताओं आदि को अनुमानित मानकर भावी नगर का स्वरूप निर्धारित किया जाता है। सागर नगर के वर्तमान एवं भावी विकास को दृष्टिगत रखते हुए विकास योजना हेतु वर्ष 2035 तक की कालावधि नियत की गई है। अतः नगर की भावी जनसंख्या एवं अन्य आवश्यकताओं का निर्धारण उपरोक्त कालावधि हेतु किया गया है। इसके अलावा दीर्घकालीन आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया है। विकास योजना में प्रस्तावित भूमि उपयोग एवं नगरीय अधोसंरचना के प्रस्ताव केवल विकास योजना कालावधि तक सीमित नहीं रखे जा सकते, क्योंकि नगर का विकास एक सतत् प्रक्रिया है एवं यह विकास योजना कालावधि के बाद के नगरीय विकास के लिये भी आधारभूत संरचना के रूप में उपयोगी सिद्ध होगी। अतः सागर विकास योजना के प्रस्ताव योजना कालावधि समाप्त हो जाने के उपरांत भी विकास योजना पुनर्वलोकन एवं उपांतरण होने तक अथवा प्रस्तुत विकास योजना प्रस्तावों के संतृप्त होने तक प्रभावशील रहेंगे।

परिभाषाएँ

001 आवासीय भू–खण्ड भू–खण्डीय आवास

एक या अधिक आवासीय इकाईयों का ऐसा परिसर जिसमें मुख्य भवन खण्ड तथा एक गैरेज/गैरेजेस, सेवक आवास हेतु एक अतिरिक्त खण्ड सम्मिलित हो।

002 आवासीय भू–खण्ड समूह आवास

न्यूनतम 5000 वर्गमीटर का परिसर, जिसमें मूलभूत सेवा सुविधायें जैसे वाहन विराम स्थल, उद्यान, सुविधाजनक दुकानें, सार्वजनिक सुविधायें आदि के साथ आवासीय प्रकोष्ठ स्थित हों

003 आवासीय फ्लेट

एक परिवार के लिए आवासीय इकाई जो कि समूह आवास का भाग या स्वतंत्र हो।

004 आवासीय–सह–कार्य भू–खण्ड

एक परिवार में एक परिवार के लिए उपलब्ध आवासीय जगह हो तथा जिसका कार्य स्थल भूतल तक सीमित हो, ऐसे परिसर केवल सार्वजनिक आवासीय परियोजनाओं में मान्य होंगे।

005 आवासीय परिसर – विशेष क्षेत्र

विशेष क्षेत्र नियमन में दिये अनुसार मिश्रित उपयोग रहित या सहित विशेष क्षेत्र में आवासीय स्थान।

006 छात्रावास (होस्टल)

दीर्घावधि हेतु आवंटित संस्थानों से जुड़े कमरों का परिसर।

007 अतिथिगृह बोर्डिंग एवं लॉजिंग गृह

अतिथिगृह से तात्पर्य अल्पावधि हेतु शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम एवं निजी मर्यादित संस्थाओं हेतु आवासीय परिसर। बोर्डिंग हाउस वह परिसर जिसमें कमरों की छात्रावासों की अपेक्षा दीर्घावधि के लिए किराये पर दिये हों ।

008 धर्मशाला एवं इसके समकक्ष

वह परिसर जिसमें बिना किसी लाभ के अल्पावधि के लिए अस्थाई रहवासी जगह उपलब्ध हो।

009 बारात घर

सार्वजनिक संस्था द्वारा संचालित विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यों के उपयोग हेतु स्थान।

010 रैन–बसेरा (नाइट शेल्टर)

ऐसा परिसर जिसमें व्यक्तियों को रात्रि में स्थान बिना किसी शुल्क या सांकेतिक शुल्क के साथ उपलब्ध कराया जाता हो, जो कि स्थानीय संस्था या स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित हों।

011 फुटकर दुकानें

आवश्यक भण्डारण के साथ उपभोक्ताओं हेतु सीधे आवश्यक वस्तुओं का विक्रय परिसर।

012 मरम्मत दुकान

गृहसामग्री, इलेक्ट्रानिक सामान, आटोमोबाईल, सायकल आदि की मरम्मत हेतु फुटकर दुकानों के समकक्ष परिसर।

013 व्यक्तिगत सेवा दुकान

फुटकर दुकान के समकक्ष ऐसा परिसर जिसमें दर्जी, नाई आदि की सेवायें उपलब्ध हों।

014 बेडिंग बूथ

यांत्रिकी या अन्य व्यवस्था के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुओं का विक्रय परिसर जो कि एक बूथ के स्वरूप में हो।

015 सुविधाजनक दुकान केन्द्र

लगभग 5000 जनसंख्या हेतु आवासीय क्षेत्र में अधिकतम 50 दुकानों का समूह।

016 स्थानीय दुकान केन्द्र

लगभग 15 हजार जनसंख्या हेतु आवासीय क्षेत्र में 75 दुकानों का समूह।

017 साप्ताहिक बाजार/अनौपचारिक समूह इकाई

बाजार में सप्ताह में एक बार उपयोगिता अनौपचारिक दुकानों का समूह क्षेत्र। यह बाजार सप्ताह में विभिन्न दिवसों में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित हो।

018 थोक व्यापार

ऐसा परिसर जहां से वस्तुयें एवं सामग्री फुटकर व्यवसायियों को विक्रय हेतु पहुंचाई जाती हों।

019 स्टोरेज गोदाम एवं भण्डारण

ऐसा परिसर जहां केवल विशेष रूप से संबंधित वस्तुओं की आवश्यकता के अनुरूप सामग्री एवं वस्तुओं के भण्डारण का उपयोग किया जाता हो।

020 कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह)

आवश्यक तापमान बनाये रखने हेतु यांत्रिकी एवं विद्युत उपकरणों के उपयोग के साथ ऐसी बंद जगह जहां शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं का भण्डारण किया जाता हो।

021 गैस गोदाम

ऐसा परिसर जहां खाना पकाने की गैस के सिलेण्डर या अन्य गैस सिलेण्डरों का भंडारण किया जाता हो।

022 तेल डिपो

संबंधित सुविधाओं के सांथ पेट्रोलियम उत्पाद भण्डारण का परिसर।

023 कबाड़खाना

अतिशेष वस्तुयें एवं सामग्री के क्रय–विक्रय के साथ बंद, अर्द्धबंद एवं खुला भण्डारण परिसर।

024 वाणिज्यिक कार्यालय

लाभ अर्जित करने वाली संस्थाओं के कार्यालयीन उपयोग का परिसर।

025 बैंक

ऐसा परिसर जहां बैंकिंग कार्य एवं गतिविधियों के कार्यालय स्थित हों।

026 मोटर गैरेज एवं कार्यशाला

वाहनों के मरम्मत एवं सर्विसिंग परिसर।

027 छविगृह

दर्शकों की बैठक व्यवस्था के साथ बंद जगह जहां चलचित्र दिखाये जाने की व्यवस्था हो, ऐसा परिसर।

028 पेट्रोल पंप

ऐसा परिसर जहां उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद विक्रय हो, साथ ही वाहन सर्विसिंग व्यवस्था हो।

029 रेस्टॉरेंट/उपहार गृह

ऐसा परिसर जिसका उपयोग व्यवसायिक आधार पर खाने के व्यंजनों को उपलब्ध कराने के लिए किया जाता हो (व्यंजन पकाने की व्यवस्था के साथ) जिसमें खुले, या बंद दोनों प्रकार की बैठक व्यवस्था हो।

030 होटल

ऐसा परिसर, जहां भोजन अथवा बिना भोजन व्यवस्था के 15 व्यक्तियों की सशुल्क रहवास की व्यवस्था हो।

031 मोटल

ऐसा परिसर, जो कि मुख्य राजमार्ग के समीप एवं नगरीय सीमा के बाहर हो तथा जिसका उपयोग सड़क से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के सुलभ भोजन व्यवस्था हेतु किया जाता हो।

032 प्लेटेड समूह उद्योग

ऐसा समूह जिसमें अहानिकारक लघु उद्योग इकाईयों का समूह स्थित हो, यह इकाईयां बहुमंजिला भवन में हो सकती हैं।

033 सेवा केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें विशिष्ट रूप से वाहन मरम्मत, विद्युतीय उपकरण मरम्मत, भवन सामग्री आदि की दुकानें स्थित हों, ताकि पड़ोसी आवासीय क्षेत्रों को आवश्यक सेवा प्रदाय हो सकें।

034 औद्योगिक भूखण्ड – हल्के उद्योग

अहानिकारक 50 कर्मचारियों वाली उद्योग इकाईयों का परिसर।

035 औद्योगिक भूखण्ड विशिष्ट उद्योग

ऐसी औद्योगिक इकाईयों का परिसर जिसमें इलेक्ट्रानिक सामग्री आदि जैसी विशिष्ट उत्पादन इकाईयों का समूह सम्मिलित हो।

036 उद्यान (पार्क)

आमोद–प्रमोद गतिविधियों के उपयोग का परिसर जिसमें भू–दृश्यीकरण, वाहन विराम, सार्वजनिक शौचालय, फैंसिंग आदि संबंधित सुविधायें हों, इसमें लॉन, खुले, हरित क्षेत्र आदि सम्मिलित होंगे।

037 क्रीड़ांगन

बाह्य खेलों के उपयोग में आने वाला परिसर,इसमें भूदृश्यीकरण ,वाहन विराम सुविधा, सार्वजनिक शौचालय सम्मिलित हों।

038 बाह्य खेल स्टेडियम

बाह्य खेलों के लिए ऐसा स्टेडियम जिसमें पवेलियन के साथ दर्शकदीर्घा एवं खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधायें उपलब्ध हों।

039 आंतरिक खेल स्टेडियम

अहानिकारक खेलों के लिए ऐसा परिसर जिसमें खेल क्षेत्र, दर्शक दीर्घा तथा खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधायें उपलब्ध हों।

040 आंतरिक खेल हाल

ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक खेलों तथा खिलाड़ियों से संबंधित सुविधाओं हेतु आवश्यक क्षेत्र संलग्न हों।

041 शूटिंग रेंज

ऐसा परिसर जिसमें निशानेबाजी के अभ्यास एवं खेल की सुविधायें उपलब्ध हों।

042 तरण पुष्कर

ऐसा परिसर जिसमें तैराकी की सुविधा एवं आकार, मानक एवं उद्देश्य के अनुपात में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था हो।

043 आमोद–प्रमोद क्लब

संबंधित सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जहां सामाजिक एवं मनोरंजन के उद्देश्य से व्यक्तियों के समूह का एकत्रीकरण होता हो।

044 ऐतिहासिक स्मारक

ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन समय के खण्डहर एवं ढांचे स्थित हों।

045 प्राणी उद्यान एवं मत्स्यालय

संबंधित समस्त सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जिसमें उद्यान, पार्क या मत्स्यालय के रूप में पशु और पक्षियों की प्रजातियां प्रदर्शनी एवं अध्ययन हेतु उपलब्ध हों।

046 पक्षी अभ्यारण्य

पक्षियों के संरक्षण एवं प्रजनन हेतु वन या विस्तृत उद्यान के रूप में संबंधित सर्वसुविधायुक्त परिसर।

047 वनस्पति उद्यान

अनुसंधान एवं प्रदर्शन के लिए उद्यान के स्वरूप में वृक्षारोपण वाला परिसर।

048 पिकनिक हट/केम्पिंग साइट

ऐसा परिसर जहां पर्यटन एवं आमोद–प्रमोद के उद्देश्य से अल्पावधि के लिए परिवार सहित ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो।

049 फ्लाईंग क्लब

ऐसा परिसर जहां ग्लाईडिंग एवं छोटे विमानों को उड़ाने का प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था हो, साथ ही इसमें मनोरंजन एवं आंतरिक खेल गतिविधियां शामिल हों।

050 माल एवं टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग एक एयरलाईन द्वारा टिकिट घर एवं माल के भण्डारण केलिए किया जाता हो।

051 रेल माल गोदाम

ऐसा परिसर जिसका उपयोग रेल्वे द्वारा ढोये गये माल के भंडारण हेतु किया जाता हो।

052 रेल टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयेाग यात्रियों के प्रवास हेतु रेलवे टिकिट घर के रूप में किया जाता हो।

053 सड़क परिवहन टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग यात्रियों के प्रवास हेतु सड़क परिवहन द्वारा टिकट घर के रूप में किया जाता हो जिसमें गोदाम भी सम्मिलित हो या सम्मिलित नहीं हो।

054 वाहन विराम

सार्वजनिक वाहन विराम हेतु उपयोग में लाया जाने वाला परिसर जो कि व्यवसायिक या गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित किया जाता हो।

055. टेक्सी एवं तिपहिया वाहन स्थानक

ऐसा परिसर जिसका उपयेाग अंतवर्ती सार्वजनिक यातायात वाहनों, जो कि व्यवसायिक आधार पर चलती हों, द्वारा विराम हेतु किया जाता है। वाहन विराम स्थल व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक हो।

056 बस अवसान केन्द्र

ऐसा परिसर जिसका उपयोग जनता के उपयोग में आने वाली सार्वजनिक यातायात संस्था की बस द्वारा कम समय के विराम हेतु किया जाता हो। इसमें यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधायें शामिल हो सकती हैं।

057 बस स्थानक

ऐसा परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक यातायात संस्था या अन्य किसी संस्था द्वारा बसों के रख–रखाव, मरम्मत एवं विराम हेतु किया जाता हो, इसमें कर्मशाला भी शामिल की जा सकती है अथवा नहीं भी।

058 सार्वजनिक उपयोगिता परिसर

1. पानी की टंकी – ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की टंकी स्थित हो, इसमें पंप हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।
2. भूमिगत टंकी – ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की भूमिगत टंकी स्थित हो, इसमें पंप हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।
3. आक्सीकरण पौंड – ऐसा परिसर जिसमें स्थित तालाब का उपयोग जल निकास एवं अन्य अवशिष्ट पदार्थों के आक्सीकरण हेतु किया जाता हो।
4. सेप्टिक टेंक – ऐसा परिसर जिसमें जल निकास संकलन एवं उसके निराकरण हेतु भूमिगत टैंक स्थित हो।
5. जल–मल पंपिग स्टेशन – ऐसा परिसर जिसका उपयोग जल–मल को ऊंचाई पर भेजने हेतु पंपिंग स्टेशन हेतु किया जाता हो।
6. सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय – ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय स्थित हो, इसमें पीने के पानी की सुविधा भी सम्मिलित की जा सकती है और नहीं भी।
7. विद्युत उपकेन्द्र – ऐसा परिसर जिसमें विद्युत वितरण हेतु ट्रांसफार्मर एवं संबंधित उपकरण स्थित हो।
8. घूरा एवं कचराघर – ऐसा परिसर जिसका उपयोग अवशिष्ट पदार्थों के एकत्रीकरण एवं आगे गड्ढों को भरने हेतु लदान किया जाता हो।
9. धोबीघाट – ऐसा परिसर जिसका उपयोग कपड़े धोने, सुखाने इत्यादि के लिए किया जाता हो।

059 केन्द्र शासन के कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग केन्द्र शासन के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

060 स्थानीय शासन के कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग स्थानीय शासन एवं स्थानीय संस्थाओं के कार्यालय हेतु किया जाता हो।

061 सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो अधिनियम के अंतर्गत् स्थापित कंपनियों के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

062 न्यायालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग न्यायालयीन कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

063 शासकीय भूमि (अनिर्धारित उपयोग)

शासकीय भूमि का ऐसा परिसर जिसका उपयोग अनिर्धारित हो।

064 चिकित्सालय

ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक एवं बाह्य रोगियों की सामान्य एवं विशेषीकृत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो।

065 स्वास्थ्य केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें बाह्य रोगियों एवं आंतरिक रोगियों (30 बिस्तर तक) की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। स्वास्थ्य केन्द्र का प्रबंधन सार्वजनिक एवं धर्मार्थ संस्था द्वारा गैर–व्यवसायिक आधार पर किया जाता है। इसमें परिवार कल्याण केन्द्र भी सम्मिलित है।

066 उपचार केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें 30 बिस्तरों वाले आंतरिक बाह्य रोगियों की चिकित्सा सुविधा हो। जिसका संचालन चिकित्सक या चिकित्सक समूह द्वारा व्यवसायिक आधार पर किया जा सकता है।

067 औषधालय

ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक अथवा धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाईयों के प्रबंधन की व्यवस्था हो।

068 क्लीनिक/चिकित्सा केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें चिकित्सक द्वारा वाह्य रोगियों के उपचार की सुविधा हो। पाली क्लीनिक की दशा में चिकित्सकों के समूह द्वारा प्रबंधन किया जायेगा।

069 उपचार प्रयोगशाला

ऐसा परिसर जिसमें रोगों की पुष्टि करने हेतु विभिन्न प्रकार के परीक्षण की सुविधा हो।

070 स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा

ऐसा परिसर जिसमें स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा रक्त बैंक एवं बाह्य रोगियों के चिकित्सा की सुविधा हो। यह सेवा धर्मार्थ उद्देश्य से अस्थाई कैम्प द्वारा भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

071 झूलाघर एवं दिवस देख–रेख केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें दिन में छोटे बच्चों की देखरेख की सुविधा हो। यह केन्द्र व्यक्तिगत अथवा व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक संस्था द्वारा संचालित हो सकती है।

072 पूर्व माध्यमिक एवं किंडरगार्डन स्कूल

ऐसा परिसर जिसमें पाठशाला पूर्व बच्चों के खेलने एवं प्रशिक्षण की सेवायें उपलब्ध हों।

073 माध्यमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा पाँचवीं तक के छात्रों की शिक्षा एवं खेलने की सुविधा हो।

074 प्राथमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा छँटवीं से दसवीं तक के छात्रों के पढ़ने खेलने की सुविधा हो। इसमें वर्तमान में संचालित कक्षा आठवीं तक की माध्यमिक शालायें सम्मिलित हैं।

075 उच्चतर माध्यमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की व्यवस्था हो।

076 एकीकृत शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो।

077 एकीकृत आवासीय शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो तथा छात्रों के लिए बोर्डिंग सुविधा हो। इसमें अध्यापकों के आवास भी हो सकते हैं।

078 महाविद्यालय

ऐसा परिसर जिसमें विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो। इसमें सभी व्यवसायिक शिक्षण शामिल हैं।

079 व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें कम अवधि के शिक्षण पाठ्यक्रम तथा कतिपय विशेष व्यवसाय व व्यापार से संबंधित रोजगार हेतु प्रशिक्षण सुविधा हो। ये सार्वजनिक अथवा धार्मिक संस्था द्वारा गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित होना चाहिये। इसमें प्रशिक्षण–सह–कार्य केन्द्र शामिल हैं।

080 सामाजिक कल्याण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें सामुदायिक विकास के उन्नयन एवं कल्याण की सुविधा हो। यह सार्वजनिक अथवा धार्मिक संस्थाओं द्वारा संचालित हो सकता है।

081 अनुसंधान एवं विकास केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें किसी विशेष विषय में अनुसंधान एवं विकास की सुविधा हो।

082 पुस्तकालय

ऐसा परिसर जिसमें एक विशेष वर्ग अथवा सामान्य जनता के पढ़ने एवं संदर्भ के लिए वृहद संख्या में पुस्तकों का संकलन हो।

083 तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें तकनीकी प्रकृति के विषय में प्रशिक्षण की सुविधा हो। इसमें तकनीकी शाला, औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र आदि शामिल है।

084 वाणिज्यिक एवं सचिवालयीन प्रशिक्षण

ऐसा परिसर जिसमें शीघ्रलेखन एवं टंकण, पत्राचार, रिकार्ड रखने आदि के प्रशिक्षण की सुविधा हो ।

085 संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें संगीत, नृत्य एवं नाटकों आदि के प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा हो।

086 खेल प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें तैराकी सहित विभिन्न आंतरिक एवं बाह्य खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा हो। इसमें शारीरिक शिक्षा केन्द्र भी शामिल है।

087 वाहन चालन प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें आटो/वाहनों के चालन के प्रशिक्षण की सुविधा हो।

088 बाल यातायात उद्यान

ऐसा परिसर जिसमें बालकों को यातायात एवं संकेतों की शिक्षा–सह–उद्यान की सुविधा हो

089 संग्रहालय

ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन वस्तुओं, प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं काल संबंधी वस्तुओं के संकलन एवं प्रदर्शन की सुविधा हो।

090 कला दीर्घा एवं प्रदर्शनी स्थल

ऐसा परिसर जिसमें पेंटिंग, छाया चित्रों, मूर्तियों, भित्ती क्षेत्र, मिट्टी से बनी कलाकृतियों, हाथ करघा अथवा विशेष वर्ग के उत्पादन को प्रदर्शन करने की सुविधा हो।

091 सभागृह (ऑडीटोरियम)

ऐसा परिसर जिसमें संगीत विद्या गतिविधियों के विभिन्न आयोजन हेतु दर्शक दीर्घा सहित मंच हो।

092 खुला रंगमंच

ऐसा परिसर जिसमें आयोजनों के लिए दर्शक दीर्घा व मंच सहित खुला रंगमंच हो।

093 सामुदायिक भवन

ऐसा परिसर जिसमें 15000 की समीपस्थ जनसंख्या की विभिन्न सामाजिक– सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सुविधा हो।

094 मेला मैदान

ऐसा परिसर जिसमें सहभागी समूह के लिए प्रदर्शनी, प्रदर्शन एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की सुविधायें हों।

095 सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें संस्था, राज्य तथा देश के लिए सांस्कृतिक व सूचना सेवा की सुविधायें हों।

096 सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था

ऐसा परिसर जिसमें गैर–वाणिज्यिक रूप से सार्वजनिक, स्वैच्छिक अथवा व्यक्तिगत सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सुविधायें हों।

097 सुधार गृह

ऐसा परिसर जिसमें अपराधियों के कारावास एवं सुधार की सुविधा उपलब्ध हो।

098 अनाथालय

ऐसा परिसर जिसमें अनाथ बच्चों के रहने की सुविधा हो। यह शैक्षणिक सहित या रहित हो सकता है।

100 योग, ध्यान, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें आत्म चिंतन, शरीर एवं मस्तिष्क की उच्च गुणवत्ता प्राप्ति करना, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन आदि की सुविधायें शामिल हों।

101 पुलिस चौकी

पुलिस स्टेशन की तुलना में लघु एवं अस्थाई स्थानीय पुलिस चौकी हेतु सुविधायुक्त परिसर।

102 पुलिस स्टेशन

ऐसा परिसर जिसमें स्थानीय पुलिस चौकी के कार्यालयों हेतु सुविधा हो।

103 जिला पुलिस कार्यालय

अर्द्ध सैनिक बलों के कार्यालय हेतु सुविधायुक्त परिसर।

104 नागरिक सुरक्षा एवं नगर सैनिक

आंतरिक सुरक्षा की नागरिक संस्थानों हेतु कार्यालय सुविधा एवं अन्य कार्यकलापों वाला परिसर।

105 न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला

ऐसा परिसर जहां न्यायिक प्रकरणों में चिकित्सा ज्ञान के प्रयोग की सुविधा हो।

106 जेल

ऐसा परिसर जहां कानून के अंतर्गत् कारावास/बंदीगृह एवं अपराधियों के सुधार की व्यवस्था हो।

107 अग्निशमन पोस्ट

ऐसा परिसर जहां अल्प स्तर पर अग्निशमन व्यवस्था हो। अग्नि प्रवृत्त गतिविधियों वाले विशिष्ट परिसरों में यह व्यवस्था संलग्नित की जा सकती है।

108 अग्निशमन पोस्ट

एक निर्धारित क्षेत्र हेतु अग्निशमन सुविधा से युक्त परिसर।

109 डाकघर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक सुविधायुक्त परिसर।

110 डाक एवं तार घर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक एवं दूरसंचार सुविधायुक्त परिसर।

111 मुख्य डाकघर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक एवं दूरसंचार सुविधायुक्त परिसर।

112 टेलीफोन एक्सचेंज

परिसर जहां सार्वजनिक टेलीफोन प्रणाली केन्द्र स्थापित हो।

113 रेडियो एवं दूरदर्शन स्टेशन

समाचार एवं अन्य कार्यक्रमों का संबंधित माध्यमों द्वारा प्रचार, प्रसार, रिकार्डिंग आदि सुविधायुक्त परिसर। जिसमें अतिथि कलाकारों के लिए होस्टल व्यवस्था तथा प्रचार (ट्रांसमिशन) के लिए टावर्स जैसे सुविधायें भी सम्मिलित हो सकती हैं।

114 ट्रांसमिशन टावर एवं वायरलेस स्टेशन

ऐसा परिसर जिसका उपयोग संचार के उद्देश्य के लिए टावर निर्माण हेतु किया जाता हो।

115 उपग्रह एवं दूरसंचार केन्द्र

ऐसा परिसर जहां उपग्रह एवं दूरसंचार तकनीकी के अनुसंधान तथा विकास के लिए सुविधा उपलब्ध हो।

116 वैधशाला एवं मौसम कार्यालय

ऐसा परिसर जहां मौसम के आंकड़ों के विश्लेषण एवं विकास तथा इस आधार पर मौसम की पूर्व सूचना किये जाने की सूविधा उपलब्ध हो।

117 बाग (ओरचर्ड)

सघन फल वृक्षों का परिसर, जिसमें फल वृक्षों के साथ उद्यान सम्मिलित हो सकता है।

118 डेरी फार्म

ऐसा परिसर जहां डेयरी उत्पादन के उपचार एवं उत्पादन की सुविधा उपलब्ध हो। जिसमें अस्थायी रूप से पशु एवं पक्षियों के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

119 कुक्कुट फार्म

कुक्कुट उत्पाद के प्रजनन एवं उपचार का सुविधायुक्त परिसर जिसमें अस्थायी रूप से पक्षियों के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

120 सुअर पालन

सुअर प्रजनन एवं उत्पाद उपचार का सुविधायुक्त परिसर जिसमें सुअरों के लिए अस्थायी स्वरूप के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

121 ग्रामीण केन्द्र

एक निश्चित संख्या के ग्रामों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का सुविधायुक्त परिसर।

122 मल्टीप्लेक्स

म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 95 के अनुसार दो या उससे अधिक सिनेमा के साथ दुकानों, आमोद–प्रमोद की गतिविधियों, कार्यालय, शोरूम, होटल, रेस्टोरेन्ट, शापिंग मॉल संबंधी परिसर।

टीपः– उपरोक्त परिभाषाओं में उल्लेखित परिसरों में अनुषांगिक गतिविधियाँ मान्य होगी।

"परिशिष्ट"

परिशिष्ट–1

मध्यप्रदेश राजपत्र (भाग– 2) दिनांक 14–11–1975 मे प्रकाशित
मध्यप्रदेश शासन
नगर तथा ग्रामीण नियोजन विभाग
अधिसूचना

भोपाल, दिनांक 24 जुलाई 1975

क्रमांक 1996/2166/तैतीस/75–मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राज्य शासन, एतद्द्वारा सागर नगर हेतु निवेश क्षेत्र का गठन कर उसकी सीमाएँ निम्नलिखित अनुसूची में परिनिश्चित की जाती है:–

अनुसूची
सागर निवेश क्षेत्र की सीमाएँ

1. उत्तर में – ग्राम बहेरिया, बामोरा, जिन्दा, बरारु, कपूरिया, भैसा, बिहारीपुरा, गढोलीखुर्द एवं पथरिया हाट की उत्तरी सीमा तक
2. पश्चिम में – पथरिया हाट, हफसिली, रतौना, एवं बधोना की पश्चिम सीमा तक
3. दक्षिण में – बधोना, रजौआ, अर्जुनी, आमेट तथा पथरिया रैयतवाडी की दक्षिण सीमा तक
4. पूर्व में – पथरिया रैयतवाडी, मकरोनिया एवं बहेरिया के पूर्वी सीमा तक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. पी. श्रीवास्तव, उपसचिव.

परिशिष्ट–2

मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
(पर्यावरण शाखा)

अधिसूचना

भोपाल, दिनांक 2 सितंबर 1977

क्रमांक 3348/4684/बत्तीस–77–मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम ,1973 (क्रमोक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (2) के चरण (क) के अन्तर्गत राज्य सरकार, एतद्व्दारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 1996/2166/तैंतीस/75, दिनांक 24 जुलाई 1975 व्दारा गठित सागर निवेश क्षेत्र की सीमाओं में निम्न अनुसूची में परिनिश्चित की गई सीमाएं सम्मिलित करती है:–

अनुसूची

1. दक्षिण में – गौर नगर
2. पूर्व में – गौर नगर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. पी. श्रीवास्तव, उपसचिव.

परिशिष्ट–3

मध्यप्रदेश राजपत्र (भाग–2) दिनांक 18–11–1977 मे प्रकाशित वर्तमान भूमि उपयोग अंगीकृत संबंधी अधिसूचना की प्रतिलिपि

नगर तथा ग्रामीण नियोजन विभाग मध्यप्रदेश

क्षेत्रीय कार्यालय, सागर

सूचना

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 15 की उपधारा (3) के अनुसरण मे सर्वसाधारण की नियोजन हेतु यह प्रकाशित किया जाता है कि संचालक, नगर तथा ग्रामीण नियोजन विभाग द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट सागर निवेश क्षेत्र में की भूमि का वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्र तदनुसार सम्यक रुप से अंगीकृत किये जाते हैं इस सूचना की प्रति उक्त अधिनियम की धारा 15(4) के अनुसरण में मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजी जा रही है. जो इस बात का निश्चायक होगा कि मानचित्र सम्यक् रुप से तैयार तथा अंगीकृत कर लिया है।

अनुसूची

सागर निवेश क्षेत्र की सीमाएँ

1. उत्तर में – ग्राम बहेरिया, बामोरा, जिन्दा, बरारु, कपूरिया, भैसा, बिहारीपुरा, गढोलीखुर्द एवं पथरिया हाट की उत्तरी सीमा तक
2. पश्चिम में – पथरिया हाट, हफसिली, रतोना, एवं बधोना की पश्चिम सीमा तक
3. दक्षिण में – बधोना, रजौआ, अर्जुनी, आमेट तथा पथरिया रैयतवाडी की दक्षिण सीमा तक
4. पूर्व में – पथरिया रैयतवाडी, मकरोनिया एवं बहेरिया के पूर्वी सीमा तक

उक्त अंगीकृत मानचित्र दिनांक 13–12–76 से 18–12–76 तक निम्नलिखित स्थान पर सार्वजनिक निरीक्षण हेतु कार्यालयीन समय में अवकाश के दिन छोड़कर खुला रहेगा।

निरीक्षण स्थल :
उप संचालक नगर तथा ग्रामीण नियोजन
क्षेत्रीय कार्यालय, स्टेडियम बिल्डिंग, सागर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. बी. शर्मा, उप संचालक.

परिशिष्ट–4

मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 21 दिनांक 25–1–1993 मे प्रकाशित
आवास एवं पर्यावरण विभाग

भोपाल, दिनांक 25 जनवरी 1993

क्रमांक एफ 16 (3) 86–बत्तीस.– मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (2) के चरण (क) के अन्तर्गत राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 1996/2166/तैंतीस/75, दिनांक 24 जुलाई 1975 द्वारा गठित सागर निवेश क्षेत्र की सीमाओं में निम्न अनुसूची में परिनिश्चित की गई सीमाएं सम्मिलित करती है:–

अनुसूची
सागर निवेश क्षेत्र की संशोधित सीमाएँ

1. उत्तर में – ग्राम पगारा, कुडारी, कपुरिया, बरारु, आमाखुर्द बाछलोन, बेरखेरीमाफी, खिरिया ताजखां, रुसल्ला तथा केरवना की उत्तरी सीमा तक.
2. पूर्व में – ग्राम केरवना, बम्होरीडूडर, गुडा, नरवानी, लिधोरा हाट, पथरिया, खेजराबाग तथा ग्राम बम्होरी बीका की पूर्वी सीमा तक
3. दक्षिण में – ग्राम बधोना, रतोना, हफसिली, पथरियाहाट कुडारी तथा पगारा अर्जुनी, आमेट तथा पथरिया रय्यैतबाडी की पश्चिम सीमा तक
4. पश्चिम मे – ग्राम बधोना, रतोना, हफसिली, पथरिया हाट, कुडारी तथा पगारा की पश्चिमी सीमा तक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आ. के. पाठक, उपसचिव.

परिशिष्ट–5

मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 119 दिनांक 16–4–1996 मे प्रकाशित

आवास एवं पर्यावरण विभाग

संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश, भोपाल

सूचना

भोपाल, दिनांक 2 मार्च 1996

क्रमांक 936–अ.वि.यो.–न.ग्रा.नि.96–मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक–23 सन् 1973) की धारा 15 की उपधारा (1) के अनुसरण में सागर निवेश क्षेत्र में शामिल किये गये अतिरिक्त ग्रामों के वर्तमान भूमि उपयोग संबंधी मानचित्र एवं रजिस्टर का प्रकाशन सूचना क्रमांक 4606–अ.वि.यो.–न.ग्रा.नि.–95, दिनांक 8 नवम्बर 1995 व्दारा किया गया था।

अब एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (3) के अधीन सागर निवेश क्षेत्र के उक्त ग्रामों का वर्तमान भूमि उपयोग संबंधी मानचित्र पर रजिस्टरों का तदानुसार सम्यक्रूप से दिनांक 12 मार्च 1996 को अंगीकृत किया जाता है तथा उक्त अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (4) के अनुसरण में इस सूचना को मध्यप्रदेश राजपत्र मे प्रकाशन हेतु भेजी जा रही है जो इस बात का साक्ष्य होगा कि उक्त मानचित्र सम्यक्रुप से तैयार एवं अगींकृत कर लिया गया है। उक्त अंगीकृत मानचित्र एवं रजिस्टर की प्रति दिनांक 12 मार्च 1996 से संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, सागर के कार्यालय में कार्य दिवसों में कार्यकारी दिवसों में, कार्यालयीन समय में सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेंगें।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्वदीप सिंह, संचालक.

परिशिष्ट–6

मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय

// आदेश //

भोपाल दिनांक 13.4.2010

क्रमांक–एफ–3–45/32/2010 राज्य शासन के आदेश क्रमांक. एफ–3–130/32/97 दिनांक 20.01.1998, आदेश क्रमांक–एफ–3–55/32/98 दिनांक 12.08.1998 एवं आदेश क्रमांक– एफ–3–130/32/97 दिनांक 2 मई–2000 के द्वारा अनुमोदित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संभागायुक्त/कलेक्टर की अध्ययक्षता में गठित 'नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति" को एतद्द्वारा निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:–

1. संभागीय मुख्यालय के नगरों हेतु संबंधित संभागायुक्त तथा जिला मुख्यालय एवं अन्य नगरों हेतु संबंधित कलेक्टर	अध्यक्ष
2. सांसद, संबंधित क्षेत्र	सदस्य
3. अध्यक्ष, संबंधित विकास प्राधिकरण	सदस्य
4. अध्यक्ष, संबंधित जिला पंचायत	सदस्य
5. महापौर, संबंधित नगरपालिक निगम	सदस्य
6. निवेश क्षेत्र के अंतर्गत् आने वाली विधान क्षेत्रों के विधायक	सदस्य
7. अध्यक्ष, संबंधित नगर पालिका	सदस्य
8. अध्यक्ष, संबंधित नगर पंचायत	सदस्य
9. म.प्र.गृह निर्माण मण्डल का उपायुक्त/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
10. संबंधित आयुक्त, नगर पालिक निगम/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत	सदस्य
11. लोक निर्माण विभाग का संबंधित अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
12. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
13. म.प्र.विद्युत मण्डल का संबंधित अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
14. संबंधित प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी,	सदस्य
15. संयुक्त संचालक/उपसंचालक/सहायक संचालक, नग्रानि, संबंधित जिला कार्यालय	सचिव

(अ)इस समिति की बैठक प्रत्येक छह माह में आयोजित किया जाना अनिवार्य होगा

(ब)सदस्य सचिव, विकास योजना के विभिन्न धटकों की प्राथमिकता का संधारण/निर्धारण कर वार्षिक योजना समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

(स)क्रियान्वयन संस्थाए अपना वार्षिक बजट समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक योजना के आधार पर तैयार करेगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 अप्रैल 2022

क्रमांक एफ 01-02/2022 श-7- मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 क्रमांक 20 सन् 1959 की धारा 13 की उपधारा (3) मे अन्तर्विष्ट उपबन्ध के अनुसरण मे, एतद्द्वारा, यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुये, राज्य सरकार, वर्तमान जिला सिंगरौली की तहसील- देवसर, तहसील- सरई एवं तहसील- सिंगरौली की सीमाओं को परिवर्तित करने, नवीन तहसील बरगवां को सृजित करने तथा नीचे दी गई अनुसूची मे विनिर्दिष्ट किये अनुसार उनकी सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव करती है।

"मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिवस का अवसान होने के पश्चात प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा तथा इसके संबंध मे कोई आपत्तियां या सुझाव लिखित मे उक्त कालावधि अवसान होने के पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अग्रेषित किये जा सकेंगे.-

अनुसूची

क्र.	विद्यमान तहसील का नाम व उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तन मे अपवर्जित किये जाने वाले क्षेत्रों के विवरण	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात तहसील का नाम एवं उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात तहसील मे समाविष्ट क्षेत्रो का विवरण	परिवर्तनों के पश्चात तहसील की सीमाए
1	2	3	4	5	6
1	तहसील देवसर व मुख्यालय देवसर	वर्तमान तहसील देवसर के राजस्व निरीक्षक मण्डल देवसर गिर्द के पटवारी हल्का नंबर 32 व 33 एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल बरगवां के पटवारी हल्का नंबर 34 से 52 अपवर्जित होंगे।	तहसील देवसर व मुख्यालय देवसर	तहसील देवसर के राजस्व निरीक्षक मण्डल सरौंधा के पटवारी हल्का नंबर 01 से 15एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल देवसर गिर्द के पटवारी हल्का नंबर 16 से 31 इस प्रकार कुल 31 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।	पूर्व मे- प्रस्तावित तहसील बरगवां,पश्चिम मे- तहसील सरई एवंजिला सीधी की तहसील गोपद बनास, उत्तर मे- तहसील चितरंगी एवं जिला सीधी की तहसील सिंहावल दक्षिण मे- तहसील सरईएवं प्रस्तावित तहसील बरगवां
2	तहसील सरई व मुख्यालय सरई	वर्तमान तहसील सरई के राजस्व निरीक्षक मण्डल खनुआनया के पटवारी हल्का नंबर 44 से 46 एवं 52 व 53 अपवर्जित होंगे।	तहसील सरई व मुख्यालय सरई	तहसील सरई के राजस्व निरीक्षक मण्डल निवासके पटवारी हल्का नंबर 01 से 21 एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल सरई के पटवारी हल्का नंबर 22 से 43 एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल खनुआनया के पटवारी हल्का नंबर 47 से 51 व 54 से 62 इस प्रकार कुल 57 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।	पूर्व मे- प्रस्तावित तहसील बरगवां, पश्चिम मे- जिला सीधी की तहसील मझौली एवं कुसमी, उत्तर मे- तहसील देवसर एवं जिला सीधी की तहसील गोपदबनास, दक्षिण मे- तहसील माडा एवं जिला सीधी की तहसील कुसमी
3	तहसील सिंगरौलीव	वर्तमान तहसील सिंगरौली के राजस्व निरीक्षक मण्डल	तहसील सिंगरौलीव	तहसील सिंगरौली के राजस्व निरीक्षक मण्डल परसौना के पटवारी हल्का नंबर	पूर्व मे- तहसील सिंगरौली नगर एवं राज्य उ0प्र0 जिला राबर्टसगंज, पश्चिम मे-

	मुख्यालय वैढन	परसौना के पटवारी हल्का नंबर 01 से 03 अपवर्जित होंगे।	मुख्यालय वैढन	04 से 13 एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल खुटार के पटवारी हल्का नंबर 14 से 22 व 45 से 48 एवं राजस्व निरीक्षक मण्डलशासन के पटवारी हल्का नंबर 42 व 44 एवं 49 से 59 इस प्रकार कुल 36 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।	तहसील माडा, उत्तर मे- प्रस्तावित तहसील बरगवां, दक्षिण मे- तहसील माडा एवं राज्य छ0 ग0 जिला बलरामपुर
4	--------	--------	तहसील बरगवां व मुख्यालय बरगवां	तहसील देवसर के राजस्व निरीक्षक मण्डल देवसर गिर्द के पटवारी हल्का नंबर 32 व 33 एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल बरगवां के पटवारी हल्का नंबर 34 से 52, तहसील सरई के राजस्व निरीक्षक मण्डल खनुआनया के पटवारी हल्का नंबर 44 से 46 एवं 52 व 53, तहसील सिंगरौली के राजस्व निरीक्षक मण्डल परसौना के पटवारी हल्का नंबर 01 से 03इस प्रकार कुल 29 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।	पूर्व में- तहसील चितरंगी एवं सिंगरौली नगर, पश्चिम में- तहसील सरई, उत्तर में- तहसील देवसर, दक्षिण में- तहसील सिंगरौली व तहसील माडा

3/ प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके।

क्रमांक एफ-1-4/2022 सात-7 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (3) में अंतविष्ट उपबंध के अनुसरण में, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वरा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार जिला छतरपुर के अनुविभाग लवकुशनगर की सीमाओं को परिवर्तित करने, नवीन अनुविभाग गौरिहार का सृजन करने नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार उनकी सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव करती है.

"मध्य प्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस के अवसान के पश्चात् प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा तथा उसके संबंध में कोई भी आपत्तियां या सुझाव लिखित में सचिव, राजस्व विभाग को उक्त कालावधि का अवसान होने के पूर्व अग्रेषित किए जा सकेगें:-

अनुसूची

अनुक्रमांक	वर्तमान अनुविभाग का नाम तथा उसका मुख्यालय	अपवर्जित क्षेत्र	नवीन अनुविभाग का नाम व मुख्यालय	समाविष्ट क्षेत्र	परिवर्तनों के पश्चात अनुविभाग की सीमाएं
1	2	3	4	5	6
1	अनुविभाग लवकुशनगर मुख्यालय-लवकुशनगर	अनुविभाग - गौरिहार के समस्त पटवारी हल्का नम्बर 01 से 74 तक अपवर्जित होगे	अनुविभाग लवकुशनगर मुख्यालय-लवकुशनगर	तहसील लवकुशनगर के पटवारी हल्का नम्बर 01 से 28 तक एवं तहसील चंदला के पटवारी हल्का नम्बर 01 से 39 इस प्रकार कुल 67 पटवारी हल्के समाविष्ट होगे।	**उत्तर में-** तहसील गौरिहार **पूर्व में-**तहसील पन्ना **दक्षिण में** –तहसील राजनगर **पश्चिम में-** जिला महोबा, उ.प्र.
2	-	-	अनुविभाग गौरिहार मुख्यालय-गौरिहार	तहसील - गौरिहार के समस्त पटवारी हल्का नम्बर 01 से 74 इस प्रकार कुल 74 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे	**उत्तर में-** जिला बांदा उ.प्र. **पूर्व में-** जिला बांदा उ.प्र. **दक्षिण में** –तहसील चंदला **पश्चिममें-** जिला महोबा, उ.प्र.

3/ प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके।

क्रमांक एफ 01/07/2021/सात-7 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 क्रमांक 20 सन् 1959 की धारा 13 की उपधारा 3 मे अन्तर्विष्ट उपबन्ध के अनुसरण मे, एतद्द्वारा, यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुये, राज्य सरकार, वर्तमान जिला खण्डवा की तहसील- खण्डवा एवं तहसील- पंधाना की सीमाओं को परिवर्तित करने, नवीन तहसील छैगावमाखन को सृजित करने तथा नीचे दी गई अनुसूची मे विनिर्दिष्ट किये अनुसार उनकी सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव करती है।

"मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिवस का अवसान होने के पश्चात प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा तथा इसके संबंध मे कोई आपत्तियां या सुझाव लिखित मे उक्त कालावधि अवसान होने के पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अग्रेषित किये जा सकेंगे:-

अनुसूची

क्रमांक	विद्यमान तहसील का नाम तथा उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात तहसील मे सम्मिलित किये जाने वाले या उससे अपरिवर्जित किये जाने वाले क्षत्रो का विवरण	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात तहसील एवं उसके मुख्यालय का नाम	प्रस्तातिव परिवर्तन के पश्चात तहसील मे समाविष्ट किये गये क्षेत्रोका विवरण	प्रस्तातिव परिवर्तन के पश्चात तहसील की सीमाऐं
1	2	3	4	5	6
1	तहसील खंडवा (मुख्यालय खंडवा)	वर्तमान तहसील खंडवा के रा0नि0म0 चिचगोहन के हल्का क0 01 से 20एव रा0नि0म0 छैगावामखन हल्का क्रमांक 21 से 40 इस प्रकार कुल 40 हल्के खंडवा तहसील से अपरिवर्जित होगें	तहसील खंडवा (मुख्यालय खंडवा)	रा0नि0म0 जावर के हल्का कमांक 41से 63 रा0नि0म0 खंडएवा 1 के हल्का कमांक 64 से 78,84 से 90 रा0नि0म0 खंडवा 2 के हल्का कमांक 91 से 94,96,से 104 रा0नि0 सिंगोट के हल्का कमांक 105 से 125 रा0नि0म0 पिपलोद हल्का कमांक 126 से 148 इसप्रकार कुल 108 पटवारी हल्के समाविष्ट होगे।	पूर्व– खालवा तहसील पश्चिम–प्रस्तावित छेगावमाखन तहसील उत्तर–मुदी तहसील और दक्षिण जिला बुरहानपुर की सीमाऐं
2	तहसील पंधाना (मुख्यालय पंधाना)	वर्तमान तहसील खंडवा के रा0नि0म0 डुल्हार हलका क0 01 से 19 इस प्रकार कुल 19 हल्के खंडवा तहसील से अपरिवर्जित होगें	तहसीलपंधाना (मुख्यालय पंधाना)	राजस्व निरिक्षक मंडल पंधाना के हल्का कमांक0 20 से 40 रा0नि0म0 बोरगाव के हल्का क्रमांक 41 से 60 इसप्रकार कुल 41 पटवारी हल्के समाविष्ट होगें।	पूर्व खंडवा तहसील पश्चिम–जिला खरगोन उत्तर–प्रस्तावित छैगावमाखन तहसील दक्षिण–जिला बुरहानपुर की सीमाए
3			तहसील छैगावमाखन (मुख्यालय छेगावामखन)	वर्तामन तहसील खंडवा के राजस्व निरिक्षक मंडल चिचगोहन के पटवारी हल्का कमांक 1 से 20 एवं रा0नि0म0 छैगावमाखन के प0ह0क0 21 से 40 वर्तमान पंधाना तहसील के राजस्व निरिक्षक मंडल डूल्हार के पटवारी हल्का कमांक 01 से 19 इसप्रकार तहसील खंडवा एंव पंधाना के कुल 59 हल्के समाविष्ट होंगें।	पूर्व खंडवा तहसील पश्चिम– जिला खरगोन उत्तर–जिला खरगोन दक्षिण–पंधाना की सीमाए ।

3/ प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके।

क्रमांक एफ-1-11-2022-सात-7 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (3) में अंतविष्ट उपबंध के अनुसरण में, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार जिला छतरपुर की तहसील बिजावर की सीमाओं को परिवर्तित करने, नवीन तहसील सटई निर्मित करने तथा नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार उनकी सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव करती है.

"मध्य प्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस के अवसान के पश्चात् प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा तथा उसके संबंध में कोई भी आपत्तियां या सुझाव लिखित में उक्त कालावधि का अवसान होने के पूर्व सचिव, राजस्व विभाग को अग्रेषित किए जा सकेगें:-

अनुक्रमांक	विद्यमान तहसील का नाम तथा उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तनों में सम्मिलित किये जाने वाले या उससे अपवर्तित किये जाने वाले क्षेत्रों के विवरण दें	प्रस्तावित परिवर्तनों के पश्चात तहसील एवं उसका मुख्यालय का नाम	प्रस्तावित परिवर्तनों के पश्चात तहसील में समाविष्ट किये गये क्षेत्रों के विवरण	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात तहसील की सीमाए
1	2	3	4	5	6
1	तहसील बिजावर मुख्यालय-बिजावर	राजस्व निरीक्षक मण्डल सटई के हल्का नंबर 26 से 39 तक कुल 14 हल्के अपवर्जित होंगे	तहसील बिजावर मुख्यालय बिजावर	तहसील बिजावर के राजस्व निरीक्षक मण्डल बिजावर एवं देवरा के कुल-48 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे	उत्तर में- तहसील छतरपुर, सटई पूर्व में- जिलापन्ना/तहसील-पन्ना, अमानगंज दक्षिण में -जिलादमोह/तहसील-हटा, जिला पन्ना तहसील अमानगंज पश्चिममें-तहसील बडामलहरा, बकस्वाहा जिला टीकमगढ तहसील बल्देवगढ
2	-	-	तहसील सटई मुख्यालय-सटई	राजस्व निरीक्षक मण्डल सटई के हल्का नंबर 26 से 39 तक कुल 14 हल्के समाविष्ट होंगे	उत्तर में-तहसील राजनगर, छतरपुर पूर्व में-तहसील बिजावर, राजनगर दक्षिण में –तहसील बिजावर पश्चिम में-तहसील बिजावर

3/ प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चितकरने की दृष्टि से किया जा रहा है क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके।

क्रमाक एफ. 01-12/2020/सात-7 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (3) में अंतर्विष्ट उपबंध के अनुसरण में, एतदद्वारा, यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, जिला मुरैना की तहसील अम्बाह एवं तहसील पोरसा की सीमा परिवर्तित करने तथा नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार उसकी सीमाओं को परिभाषित करना प्रस्तावित करती है।

"मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस को अवसान होने के पश्चात् प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा तथा उसके संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव, लिखित में, उक्त कालावधि का अवसान होने के पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अग्रेषित किये जा सकेंगे -

अनुसूची

अनुक्रमांक	तहसील का नाम तथा उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तन तहसील में सम्मिलित किए जाने वाले या उससे अपवर्जित किए जाने वाले क्षेत्रो के विवरण दें	प्रस्तावित परिवर्तनों के पश्चात तहसील एवं उसके मुख्यालय का नाम	प्रस्तावित परिवर्तनों के पश्चात तहसील में समाविष्ट किए गए क्षेत्रों के विवरण	प्रस्तावित परिवर्तनोके पश्चात के तहसील की सीमाएं
1	2	3	4	5	6
1	तहसील पोरसा मुख्यालय पोरसा	तहसील पोरसा के पटवारी हल्का नम्बर 1–बरबाई, 2–रतनबसई, 3–रूअर, 4–अझेड़ा, 5–अधन्नपुर, 6–बीजलीपुरा, 7–अमिल्हेड़ा, 8–हिंगावली, 9–श्यामपुरकलां, 10–कसमड़ा, 11–रछेड़, 12–लुधावली, 13–उसैथ एवं 14–विण्डवा कुल पटवारी हल्के 14 अपवर्जित।	तहसील पोरसा मुख्यालय पोरसा	तहसील पोरसा के पटवारी हल्का क्रमांक 15 लगायत 54 तक कुल 40 पटवारी हल्के तथा तहसील अम्बाह के पटवारी हल्का नम्बर 43–भोनपुरा, 45–कुकथरी, 46–सींगपुरा, 47–किर्रायच, 48–तरैनी, 49–धनसुला, 51–इकहारा, 52–मानपुर, 53–कोलुआ, 54–भिड़ौसा, 55–लेपा एवं 56–सांगोली कुल पटवारी हल्के 12 इस प्रकार कुल 52 पटवारी हल्के समाविष्ट होगें।	तहसील पोरसा की सीमाएं:– उत्तर में :– चंबल नदी उ.प्र. पूर्व में :– क्वारी नदी तहसील गोरमी जिला भिण्ड म.प्र. दक्षिण में :– तहसील मुरैना पशिचम :– तहसील अम्बाह
2	तहसील अम्बाह मुख्यालय अम्बाह	तहसील अम्बाह के पटवारी हल्का नम्बर 43–भोनपुरा, 45–कुकथरी, 46–सींगपुरा, 47–किर्रायच, 48–तरैनी, 49–धनसुला, 51–इकहारा, 52–मानपुर, 53–कोलुआ, 54–भिड़ौसा, 55–लेपा एवं 56–सांगोली कुल पटवारी हल्के 12 एवं कुल राजस्व ग्राम 17 अपवर्जित।	तहसील अम्बाह मुख्यालय अम्बाह	तहसील अम्बाह के अपवर्जन के पश्चात शेष पटवारी हल्का क्रमांक 1 लगायत 42, 44 एवं 50 तक कुल 44 पटवारी हल्के एवं तहसील पोरसा के पटवारी हल्का नम्बर 1–बरबाई, 2–रतनबसई, 3–रूअर, 4–अझेड़ा, 5–अधन्नपुर, 6–बीजलीपुरा, 7–अमिल्हेड़ा, 8–हिंगावली, 9–श्यामपुरकलां, 10–कसमड़ा, 11–रछेड़, 12–लुधावली, 13–उसैथ एवं 14–विण्डवा कुल पटवारी हल्के 14 इस प्रकार 58 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।	तहसील अम्बाह की सीमाएं:– उत्तर में :– उत्तर प्रदेश पूर्व में :– तहसील पोरसा म.प्र . दक्षिण में :– तहसील मुरैना म.प्र. पश्चिम में :– राजस्थान

3/ प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके।

क्रमांक एफ-1-18/2022/सात-7 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (3) मे अन्तर्विष्ट उपबन्ध के अनुसरण मे, एतद्द्वारा, यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुये, राज्य सरकार जिला खण्डवा के वर्तमान अनुभाग हरसूद की सीमाओं को परिवर्तित करने, नवीन अनुभाग खालवा को सृजित करने तथा नीचे दी गई अनुसूची मे विनिर्दिष्ट किये अनुसार उनकी सीमाओं को परिभाषित करना प्रस्तावित करती है।

"मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिवस का अवसान होने के पश्चात प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा तथा इसके संबंध मे कोई आपत्तियां या सुझाव लिखित मे उक्त कालावधि अवसान होने के पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अग्रेषित किये जा सकेंगे:-

अनुसूची

अनु क्रमांक	विद्यमान अनुविभाग का नाम तथा उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तनों में सम्मिलित किये जाने वाले या उससे अपवर्तित किये जाने वाले क्षेत्रों के विवरण दें)	प्रस्तावित परिवर्तनों के पश्चात अनुविभाग एवं उसका मुख्यालय का नाम	प्रस्तावित परिवर्तनों के पश्चात उपखंड में समाविष्ट किये गये क्षेत्रों के विवरण	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात अनुविभाग की सीमाएं
1	2	3	4	5	6
1	अनुविभाग -हरसूद (मुख्यालय हरसूद)	वर्तमान अनुविभाग-हरसूद के तहसील खालवा के रा.नि.म. आशापुर के प.ह.न. 01 से 06 व 08 से 15 व 43 से 49 व 51, 52 तक कुल हल्के 23 तथा रा.नि.म. खालवा के प.ह.न. 07 व 16 से 39 तक कुल 25 हल्कें तथा रा.नि.म. रोशनी के प.ह.न. 40 से 42 व 50, 53 से 71 तक कुल हल्कें 23 अपवर्जित होगें। इस प्रकार कुल 71 हल्के हरसूद अनुभाग से अपवर्जित होगें।	अनुविभाग -हरसूद (मुख्यालय हरसूद)	वर्तमान अनुविभाग-हरसूद के तहसील हरसूद के रा.नि.म. किल्लौद के प.ह.न. 1 से 16 व रा.नि.म.हरसूद के प.ह.न. 17 से 33 तथा रा.नि.म.छनेरा के प.ह.न. 34 से 50 समाविष्ट होगें।इस प्रकार कुल 50 हल्कें समाविष्ट होगें।	पूर्व-खिरकिया, जिला हरदा पश्चिम-तहसील पुनासा उत्तर-तहसील सतवास दक्षिण-तहसील खालवा
2	------	----------	अनुभाग-खालवा मुख्यालय खालवा प्रस्तावित नवीन अनुभाग	वर्तमान अनुभाग-हरसूद के तहसील खालवा के रा.नि.म. आशापुर के प.ह.न. 01 से 06 व 08 से 15 व 43 से 49 व 51, 52 तक कुल हल्के 23 तथा रा.नि.म. खालवा के प.ह.न. 07 व 16 से 39 तक कुल 25 हल्कें तथा रा.नि.म. रोशनी के प.ह.न. 40 से 42 व 50, 53 से 71 तक कुल हल्कें 23 समाविष्ट होगें। इस प्रकार कुल 71 हल्के हरसूद अनुभाग से समाविष्ट होगें।	पूर्व- तहसील भैंसदेही, जिला बैतूल पश्चिम-तहसील खंडवा उत्तर-तहसील हरसूद दक्षिण-महाराष्ट्र राज्य की सीमा

3/ प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चन्द्रशेखर वालिम्बे, उपसचिव.